हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 04.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 75 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर




### जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 63.88 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली** : जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए तीन चरणों के मतदान का प्रतिशत पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 63.88 प्रतिशत रहा। तीसरे चरण में कुल 69.69 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण की 40 सीटों पर महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले अधिक रहा है। हाल के लोकसभा चुनाव में राज्य में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों के लिए 18 एवं 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान हुआ। चुनाव आयोग ने गुरुवार को मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक तीसरे चरण में 69.37 प्रतिशत पुरुषों और 70.02 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। जम्मू-कश्मीर में हुए कुल मतदान में पुरुषों का मतदान प्रतिशत 64.68 प्रतिशत और महिलाओं का 63.04 प्रतिशत रहा। तीसरे चरण में सबसे अधिक मतदान मढ़ (एससी) विधानसभा क्षेत्र में 81.34 प्रतिशत रहा। छंब विधानसभा में 80.34 प्रतिशत मतदान रहा। सबसे कम मतदान सोपोर और बारामुला में क्रमशः 45.3 और 53.90 प्रतिशत रहा। करीब 21 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 70 से अधिक रहा है।

### भारत-नेपाल के बीच पेट्रोलियम की दो पाइप लाइन बिछाने को लेकर समझौता

**काठमांडू** : भारत के सिलीगुड़ी से नेपाल के झापा तक और नेपाल के अमलेखगंज से चितवन तक पेट्रोलियम की दो पाइप लाइन बिछाने के लिए नेपाल और भारत के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने दो पाइपलाइनों के साथ ही झापा में 40,000 किलोलीटर की क्षमता वाला पेट्रोलियम भंडारण बनाने को लेकर भी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। नेपाल ऑयल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक डॉ. चंदिका प्रसाद भट्ट और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के निदेशक सेंथल कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के बीच इन समझौतों पर हस्ताक्षर किया है। बीटूबी फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव पंकज जैन और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष सतीश कुमार की उपस्थिति में किए गए।


### चीनी स्मार्टफोन कंपनी वीवो से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली** : दिल्ली हाई कोर्ट ने चीनी स्मार्टफोन कंपनी वीवो से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले के आरोपित हरिओम राय की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी। हरिओम राय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने कहा कि हरिओम राय की वीवो के सीईओ से 2013 में मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात में संयुक्त उपक्रम लगाने पर बात हुई थी लेकिन वो बातचीत असफल रही थी।

# भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है : राहुल गांधी

एजेंसी

**नारनौल** : कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा मीडिया को डराती है और संविधान पर हमला करती है। उन्होंने कहा कि देश की संस्थाएं निष्पक्ष और स्वतंत्र होनी चाहिए। संस्थाएं किसी एक पार्टी या एक आदमी की ना हो। भाजपा ने हर संस्थाओं में अपने लोगों को शामिल किया हुआ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को महेंद्रगढ़ में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद केसी वेनुगोपाल, राजस्थान नेता प्रतिपक्ष टिकाराम जूली, सांसद जितेन्द्र सिंह सहित महेंद्रगढ़ जिला के चारों विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भी मौजूद थे। जनसभा में राहुल गांधी ने संविधान की पुस्तक दिखाते हुए कहा कि इस पुस्तक ने हमें अधिकार दिए हैं। ये हिंदुस्तान के हर नागरिक का सम्मान है। संविधान कहता है सबको फायदा होना चाहिए। गरीब व 36 बिरादरियों को बराबर हक मिलना चाहिए। इस संविधान को भाजपा और आरएसएस के लोग खत्म करने में लगे हुए हैं। जब हम देश के बारे में सोचते हैं तो संविधान को सामने रखते हैं।



उन्होंने अपने भाषण में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में नफरत फैला रखी है। भाजपा और आरएसएस मिलकर देश में संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। कांग्रेस हर चुनाव में विचारधारा की लड़ाई लड़ती है। कुछ दिन पहले मैं अमेरिका गया। वहां मुझसे हरियाणा के युवा मिले। उन्होंने अपनी समस्या बताई। उन्होंने मुझे बताया कि हम हरियाणा से भागकर अमेरिका आए हैं। हरियाणा में हमें रोजगार नहीं मिल सकता है। वहां महंगाई की इतनी चोट है, बेरोजगारी इतनी है, इसलिए हम अमेरिका में आए हैं। उन्होंने बताया कि वे 50 लाख रुपये कर्ज लेकर अमेरिका पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिका जाने का पूरा रास्ता भी बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा बेरोजगारी व अपराध में पहले नम्बर पर पहुंच गया है। पहले हरियाणा देश को दिशा दिखाता था। आज सभी लोग अन्य राज्यों की बात करते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि अब घबराने की बात नही है। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आ रही है और भाजपा की सरकार जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने किया ट्रांसपोर्ट नगर फेज -1 का उद्घाटन, फेज -2 की रखी आधारशिला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : गुरुवार को रांची में एक सुसज्जित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्ट नगर मिल रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर से जहां यातायात और परिवहन व्यवस्था सुगम एवं सुदृढ़ होगा, वहीं ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची के सुकुरहुटू में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नवनिर्मित ट्रांसपोर्ट नगर के फेज- 1 का उद्घाटन एवं फेज- 2 की आधारशिला रखते हुए अपने संबोधन में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का यह स्थायी ठिकाना होगा, जहां उन्हें कारोबार से संबंधित सारी सुविधाएं मिलेंगी।



ट्रांसपोर्ट नगर के उद्घाटन के बाद फेज -2 के लिए भूमि पूजन समारोह में सीएम व अन्य

### जरूरत के हिसाब से सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में आने वाले दिनों में जो जरूरत और आवश्यकता होगी , उसी के अनुरूप सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। आज ट्रांसपोर्ट नगर के फेज वन का उद्घाटन संपन्न हुआ। फिलहाल यहां ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से संबंधित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और फेज-2 में भी कई आधुनिक सुविधाएं यहां उपलब्ध कराया जाना है।

### आम नागरिकों के साथ ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों को भी नहीं होगी कोई परेशानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से आम नागरिकों को काफी सहूलियत होगी। इससे शहर में लगने वाले जाम से काफी हद तक निजात मिलेगी। यातायात व्यवस्था सुगम होगा। शहर में भारी वाहन नहीं आएंगे, जिससे सड़कों पर आवागमन में आसानी होगी। वहीं, भारी माल वाहक वाहनों के पार्किंग, लोडिंग-अनलोडिंग, वाहन चालकों के ठहरने सहित ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े कार्य एक ही जगह हो सकेंगे।

### कई अन्य गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से इस इलाके में कई अन्य गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे शहर का विस्तार होगा। यहां शहरी गतिविधियां भी तेजी से बढ़ेगी।कारोबार में गति आएगी। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे । कुल मिलाकर ट्रांसपोर्ट नगर से विकास को एक नया आयाम मिलेगा। इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# मैतेई समुदाय के दो बंधकों की रिहाई के लिए मणिपुर सरकार ने छोड़े 11 कुकी उग्रवादी



एजेंसी

**नई दिल्ली** : मैतेई समुदाय के 2 युवकों को कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने 6 दिन पहले बंधक बना लिया था। इनकी रिहाई के लिए मणिपुर सरकार को 11 कुकी उग्रवादियों को छोड़ना पड़ा। ये सभी विचाराधीन कैदी थे। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह से सहमति मिलने के बाद जेल अधिकारियों ने कुकी उग्रावदियों के साथ वार्ता की। हालांकि इस वार्ता और इसके बाद 11 कुकी उग्रवादियों की रिहाई की सोशल मीडिया और अन्य मंच से आलोचना भी हो रही है। बता दें कि बंधक बनाये गये दोनों युवकों का उस समय अगवा किया गया था, जब वे परीक्षा देकर लौट रहे थे। खबर लिखे जाने तक मैतेई समुदाय के दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 सितंबर को मैतेई समुदाय के 3 युवक गायब हो गए थे। बाद में काफी तलाशी के बाद एक युवक पुलिस को मिल गया था। जबकि दो युवकों की तलाश की जा रही थी। बाद में पता चला कि दोनों युवकों को कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने बंधक बना लिया है और अपने ठिकाने पर ले गए हैं। मामला सामने आया तो पुलिस अलर्ट हुई और कुकी समुदाय के उग्रवादियों के साथ एक वार्ता की गयी। इसमें दोनों युवकों के बदले 11 कैदियों की रिहाई का फैसला लिया गया।

# बिहार और झारखंड में एटीएम काटने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ पुलिस ने एटीएम काटकर रुपए चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पदार्फाश कर दिया है। इस गिरोह के पांच शातिर अपराधियों को पकड़ा गया है। उनके पास से चोरी की रकम 1.70 लाख रुपए भी बरामद की गई है। इस मामले की जानकारी गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अंतर्राज्यीय चोर गिरोह में शामिल अपराधी हरियाणा और बिहार राज्य के हैं। गिरफ्तार चोरों में हरियाणा राज्य के नूंह जिला अंतर्गत रोजका थाने के रूपाहेडी निवासी आसिफ उर्फ गंजा, बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत शेरघाटी थाने के लिवगंज, पुरानी चट्टी निवासी असलम मियां उर्फ बुढ़वा, सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगडीहा गांव निवासी अविनाश गिरी उर्फ विक्की,



गुड्डू सिंह और हरपुर छतवा गांव निवासी सुनील गिरी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि इस गिरोह ने बिहार और झारखंड में तीन एटीएम मशीन को काटकर 50 लाख रुपए उड़ा लिए थे। रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ से एसबीआई का एटीएम कार्ड कर 1.30 लाख रुपए चतरा जिले में एटीएम कार्ड कर 17.95 लाख और बिहार राज्य के नवादा जिले से 29.50 लाख चोरों ने उड़ा लिए थे। रामगढ़ थाना क्षेत्र में 23 अगस्त को इस गिरोह ने एटीएम मशीन काटकर चोरी की थी। एसपी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीम बनाई गई थी। सभी टीम अलग-अलग स्थान पर छापेमारी कर रही थी। एक टीम हरियाणा में थी, तो एक टीम बिहार में। इसके अलावा कोई छपरा और सिवान में घूम रहा था, तो कोई सारण जिले की खाक छान रहा था। लेकिन अंततोगत्वा सभी अपराधी पकड़े गए। सभी अपराधियों के पास से 6 मोबाइल जप्त किए गए हैं। साथ ही एटीएम से निकाले गए 1.70 लाख रुपए भी बरामद हुए। यह सभी नोट बैंकों के सीरियल नंबर से मैच कर रहे थे।

# इजरायल ने एयर स्ट्राइक में मार गिराया हमास सरकार के चीफ रॉही मुश्तहा को, दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी भी ढेर

एजेंसी

**नई दिल्ली** : इजरायल ने हमास को एक और झटका दिया है। इजरायली सेना ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने गाजा में हमास सरकार के प्रमुख रॉही मुश्ता को और दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों को हवाई हमले में 'नाश' कर दिया है। यह हवाई हमला तीन महीने पहले किया गया था। इजरायली सेना के अनुसार, यह हमला गाजा के उत्तर में एक भूमिगत परिसर पर किया गया, जो कमांड और कंट्रोल सेंटर के रूप में कार्य करता था। बताया गया है कि मुश्ता, कमांडर समह अल-सिराज और सामी ओउद वहां शरण ले रहे थे, जब यह हवाई हमला हुआ। इजरायली सेना ने कहा, मुश्ता हमास के सबसे वरिष्ठ ऑपरेटरों में से एक थे और हमास के बलों की तैनाती से संबंधित निर्णयों पर उनका प्रत्यक्ष प्रभाव था। समह अल-सिराज हमास



के राजनीतिक कार्यालय के लिए सुरक्षा पोर्टफोलियो संभालते थे। मुश्ता को याह्या सिनवार का करीबी सहयोगी बताया गया है, जो शीर्ष हमास नेता हैं और जिन्हें इजराइल पर 7 अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसने वर्तमान युद्ध की शुरूआत की। सिनवार के जीवित रहने और गाजा में छिपे होने की आशंका जताई गई है। इजरायली हवाई हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए और सात लोग घायल हुए हैं। इन हवाई हमलों में जोरदार धमाकों की आवाज सुनाई दी और तीन मिसाइलों ने लेबनान के दक्षिणी उपनगर दहीयेह को भी निशाना बनाया। हिज्बुल्लाह के लड़ाके और इजरायली सैनिक दक्षिणी लेबनान में आपसी हवाई हमलों में शामिल हैं, जबकि ग्राउंड आक्रमण उस समय रुका जब एक घात में आठ इजरायली सैनिक मारे गए।गाजा में इजरायली सैन्य हमलों के कारण कम से कम 41,788 लोग मारे गए और 96,794 लोग घायल हुए हैं, जैसा कि गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है। इनमें से हालिया 24 घंटे में 99 फिलिस्तीनी मारे गए और 169 घायल हुए हैं। इजरायल ने अपने 36वें डिवीजन के पैदल और बख्तरबंद सैनिकों को शामिल किया है, जिसमें गॉलानी ब्रिगेड, 188वीं बख्तरबंद ब्रिगेड और 6वीं इन्फेंट्री ब्रिगेड शामिल हैं। यह संकेत देता है कि आक्रमण सीमित कमांडो छापों से आगे बढ़ सकता है। इजरायल की सेना का कहना है कि उनका ग्राउंड आक्रमण मुख्य रूप से सीमा पर हिज्बुल्लाह की सुरंगों और अन्य ढांचों को नष्ट करने के लिए है। हालांकि, बेरूत या दक्षिण के प्रमुख शहरों पर व्यापक हमले की कोई योजना नहीं है। इसके बावजूद, इजरायल ने दक्षिणी सीमा के आसपास लगभग दो दर्जन गांवों के लिए नए निकासी आदेश जारी किए हैं, और निवासियों को अवाली नदी के उत्तर की ओर जाने के लिए कहा गया है, जो इजरायली सीमा से लगभग 60 किमी (40 मील) उत्तर की ओर बहती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने सदगुरु जग्गी वासुदेव को दी बड़ी राहत, पुलिस कार्रवाई पर लगाई रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली** : जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन को राहत देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को तमिलनाडु पुलिस को निर्देश दिया कि वह मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आगे कोई कार्रवाई न करे, जिसमें पुलिस को अपने आश्रम में दो महिलाओं को कथित रूप से अवैध रूप से बंधक बनाए रखने की जांच करने को कहा गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय में एक व्यक्ति द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अपने पास स्थानांतरित कर लिया, जिसने आरोप लगाया था कि उसकी दो बेटियों को ईशा फाउंडेशन के परिसर में बंधक बनाकर रखा गया है। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका किसी लापता व्यक्ति या अवैध रूप से हिरासत में लिए गए व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष पेश करने के निर्देश की मांग करते हुए दायर की जाती है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश पारित किया, जब ईशा फाउंडेशन ने मद्रास उच्च न्यायालय के 30 सितंबर के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष



अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसमें कोयंबटूर पुलिस को निर्देश दिया गया था कि वह फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज सभी मामले का विवरण एकत्र करे और आगे के विचार के लिए उन्हें अदालत के समक्ष पेश करे। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने निर्देश दिया कि पुलिस उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आगे कोई कार्रवाई नहीं करेगी। पीठ ने कहा कि पुलिस उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार शीर्ष अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेगी। फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की मांग की और कहा कि लगभग 150 पुलिस अधिकारी फाउंडेशन के आश्रम में प्रवेश कर चुके हैं और हर कोने की जांच कर रहे हैं। पीठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों महिलाओं से बातचीत की और बताया गया कि पुलिस बुधवार रात आश्रम से चली गई है। न्यायालय ने कहा कि दोनों महिलाओं ने न्यायालय को यह भी बताया है कि वे स्वेच्छा से फाउंडेशन में रह रही हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

# 17 पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल हार्डकोर नक्सली रंथु उरांव सहित पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला** : विधानसभा चुनाव से पहले गुमला में भाकपा माओवादी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली ह। गुमला में अलग-अलग नक्सली हमले में 17 पुलिसकर्मियों को मारने वाला भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन के सबजोनल कमांडर पांच लाख रुपये का इनामी रंथु उरांव उर्फ गुरुचरण समेत पांच हार्डकोर नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोली व आइइडी बम बरामद हुआ है। पुलिस ने जंगल में चार आइइडी बम को निष्क्रिय कर दिया। रंथु उरांव गुमला, लोहरदगा व लातेहार जिला में 77 नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है। दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र रांची के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया है कि गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला के हरिनाखाड़ व आंजन के घने जंगलों के बीच भाकपा माओवादी के नक्सली घूम रहे हैं। इसके बाद तुरंत एक पुलिस क्यूआरटी टीम का गठन किया गया। आंजन जंगल में दो बाइक में तीन संदिग्ध घूमते नजर आये। लेकिन पुलिस को देखकर बाइक में बैठे नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने पीछा किया और जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों को गिरफ्तार किया।

## एक नजर

### थाना में 5 को शांति समिति की होगी बैठक



**बरही** : आगामी 5 अक्टूबर 2024 शनिवार को अपराह्न 3 बजे बरही थाना परिसर में दुर्गा पूजा त्योहार 2024 को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में बरही थाना क्षेत्र के सभी सम्मानित गणमान्य व्यक्ति, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, प्रबुद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार, और सभी दुर्गा पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष, सचिव तथा पूजा समिति के सदस्य आमंत्रित हैं।

### कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत सलगा पंचायत में पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है इस पूजा का अध्यक्ष कुंवर प्रसाद साहू, सचिव राजेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष बलराम साव ,संचालन कर्ता जयराम साव ,एवं विनोद कुमार राम, जिसमें आज पहला दिन कलश यात्रा निकल गया इस कलश यात्रा में शामिल हुए सात सौ महिलाएं और सियानी मैदान से चले सयाल के नदी पास और जल उठाकर फिर सलगा पूरा गांव भरमन करते हुवे सियानी मैदान में कलश को रखा गया केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत कई एसी गांव में इस तरह का कार्यक्रम रखा गया और आज से मां दुर्गा का पूजा शुभारंभ हुआ और इस का कलश यात्रा का कार्यक्रम बहुत ऐसे गांव में किया गया जैसे पीटो, पगार, गर्री, पांडू,जिसमें मौके पर उपस्थित बड़कागांव के विधायक सुश्री अंबा प्रसाद एवं केरेडारी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव सलगा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी, पंचायत समिति मीना देवी, उप मुखिया जागेश्वर कुमार, महतो समाजसेवी कृष्णा कुमार महतो , विनोद कुमार राम , सिकेन्दर राम, बंटी कुमार राम, मुकेश कुमार साव उपस्थित थे।

### होमगार्ड जवान की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**बरही** : बरही थाना क्षेत्र के रसोइया धमना में बीती रात करीब 1 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार होमगार्ड जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान चतरा मयूरहड निवासी 30 वर्षीय कुंदन कुमार मुंडा के रूप में हुई, जो पारस मुंडा के पुत्र थे। सूत्रों के मुताबिक कुंदन कुमार मुंडा अपनी मां की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर घर जा रहे थे। इसी दौरान रसोइया धमना मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कुंदन कुमार चंदवारा डीवीसी में होमगार्ड के रूप में तैनात थे।

### हरियाली व पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु चलाया अभियान

**पदमा** : 2 अक्टूबर को बद्रीनाथ सेवा फाउंडेशन द्वारा गांधी जयंती के शुभ अवसर पर गावों में हरियाली और पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु एक जागरूकता अभियान चलाया गया। फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क पौधों का वितरण किया गया। सभी ग्रामीण लोगों से आग्रह किया गया कि एक पेड़ जरूर लगये । उसको संरक्षित करें। अपने गांव,समाज को हरा-भरा बनाने तथा पर्यावरण को शुद्ध बनाने में अपना योगदान दें । इस कार्य को पदमा प्रखंड के कई गांव में किया गया।

# नवरात्र के पहले दिन विभिन्न पंडालों से निकली कलश यात्रा, शामिल हुए पूर्व विधायक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड़ बरही, पटना रोड बरही और करियातपुर मंदिर के प्रांगण से नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल होकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र के लोगों के सुख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। कलश यात्रा बरही चौक होते हुए सूर्यमंदिर स्थित नदी घाट पर पहुंची। जहाँ आचार्य द्वारा जल संकल्पित कराकर मंदिर में कलश स्थापना कराई गई। साथ ही मधुरंजन द्वारा सतचंडी यज्ञ की शुरूआत कलश स्थापना कर की गई। नवरात्रा की शुभकामना देते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। भक्ति के रंग में भक्तजन सराबोर है। माता की कृपा क्षेत्र वासियों पर बनी रहे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, आजसू नेता सह सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, गया रोड पूजा कमिटी के उदय केशरी, शिवा निषाद, मुकेश मधेसिया, अभिषेक निषाद, विनोद केशरी, सुजीत कुमार, पप्पू केशरी, शैलेन्द्र कुमार, पटना रोड पूजा समिति के भगवान केशरी, पूर्व अध्यक्ष अमित साहू, भुनेश्वर साहू, दिनेश कुमार उर्फ पप्पू मुखिया, महेंद्र केशरी, राजेश साव, रोहित साव, सुबोध केशरी, राजेश केशरी, अशोक केशरी, प्रदीप पाण्डेय, करियातपुर पूजा कमिटी से प्रमोद केशरी, भीम केशरी, कैलाश केशरी, पवन केशरी, भाजपा नेत्री किरण वर्मा, चन्दन केशरी, उप मुखिया संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापती, संतोष केशरी, गौतम केशरी, अभिषेक केशरी, शिक्षक राजकुमार रविदास, कमलेश कुशवाहा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### कलश यात्रा के साथ नवरात्र की हुई शुरुआत



**पदमा** : मंगरमुह निवासी नागेश्वर रविदास के घर से दुर्गा पूजा नवरात्रा को लेकर कलशयात्रा निकाली गई। यात्रा में महिला और कन्याओं ने पवित्र कलशपात्र सिर पर उठाया। कलशयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कन्याओं को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया। नवरात्रा की शुभकामनाएं देते हुए पूर्व विधायक ने कहा नवरात्रा को लेकर भक्तों में उत्सव का माहौल है। श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर है। इससे पूर्व नागेश्वर रविदास व उनके परिजनो ने भगवावस्त्र देकर समान्नित किया। पदमा प्रखंड के पदमा रोमी सूर्यपुरा समेत अन्य जगहों पर शारदीय मां दुर्गा के प्रतिमा की पूजा विधि विधान से होती है।

## आध्यात्मिक पथ पर समाजसेवा की नई मिसाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग के भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा, ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि के प्रथम दिवस पर माँ शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ नौ दिवसीय मौन साधना का संकल्प लिया। हजारीबाग के प्रसिद्ध भगवान नरसिंह स्थान मंदिर में माँ शैलपुत्री की आराधना के पश्चात, उन्होंने माँ अष्टभुजी के कंड़ाबेर स्थित मंदिर में भी दर्शन किए और माँ के श्रीचरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि डॉ.सिन्हा विगत कई वर्षों से मौन साधना करते आ रहे हैं। कागज और कलम के माध्यम से उन्होंने यह बताया कि यह साधना मात्र एक व्यक्तिगत आध्यात्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि पूरे ब्रह्माण्ड की मंगलकामना और संपूर्ण सृष्टि की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए समर्पित है। नौ दिनों तक मौन रहकर साधना करने का उनका संकल्प उनकी आत्मशुद्धि, मन की स्थिरता, और ब्रह्माण्ड में सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का प्रतीक है। डॉ. सिन्हा जैसे युवा चेहरों का आध्यात्मिकता की ओर रुझान यह दशार्ता है कि आने वाली पीढ़ी न केवल समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित है, बल्कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी तत्पर हैं। उनके कार्यों में जहाँ एक ओर समाजसेवा की भावना झलकती है, वहीं दूसरी ओर आध्यात्मिकता और लोक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। युवा समाजसेवियों का इस प्रकार आध्यात्मिकता की राह पर चलना हमारे समाज के लिए एक प्रेरणा है। यह दशार्ता है कि देश का भविष्य न केवल आर्थिक या सामाजिक दृष्टि से समृद्ध होगा, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से भी परिपूर्ण रहेगा। डॉ. अमित सिन्हा की यह साधना हमें यह संदेश देती है कि समाज के उत्थान के लिए बाहरी प्रयासों के साथ-साथ, आत्मशुद्धि और मन की स्थिरता भी आवश्यक है।

## विजेता और उपविजेता टीम को मुन्ना सिंह ने मेडल और पुरस्कार की राशि देकर किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : सिलवार पंचायत के सिलवार कला गांव में आयोजित फ्रेंड्स क्लब नॉक आउट फुटबॉल टूनामेंट का आज शानदार समापन हुआ। इसप्रतिष्ठित टूनार्मेंट में कुल 64 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें फर्स्ट प्राइज 25000 और बड़ा सिल्ड, सेकंड प्राइज 15000और सिल्डरखा गया था जिसमें ओरिया टीम और एफसी हजारीबाग के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें विजेता टीम नवयुवक क्लब ओरिया रहीऔर उप विजेता आरएफसी हजारीबाग रही दोनों विजेता और उपविजेता टीम को मुन्ना सिंह जी ने सील्ड ,मेंडल और पुरस्कार की राशि देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा, खेल हमारे युवाओं के जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस तरह के आयोजन युवाओं को सही दिशा देने के साथ-साथ उन्हें प्रदेश और देश का नाम रौशन करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि वह हमेशा खेल और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर रहेंगे। समापन समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी जिला परिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम विहारी, 20 सूत्री अध्यक्ष बबलू मेहता , सिलवार पंचायत समिति सदस्य बसंत रविदास, मुखिया रूकमनी देवी, मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, बैहरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, सिंदूर पंचायत की मुखिया सरोजा देवी, वार्ड सदस्य गिरजा देवी , चिंता देवी, तारा देवी, छोटन शर्मा, शर्मा कुमारी ,रीता देवी, छोटन राणा, रवि कुमार रजक, सोनू अंसारी, सबीर अली, रविन्द्र कुशवाहा, विरजु रविदास दिवाना, डा रवि, गुंजन,अशिष कुमार, तरूण कुमार, प्रदिप प्रजापति, सुखदेव प्रजापति, गौतम कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा, प्यारे कुमार, दिनेश यादव सुजीत सिंह पप्पू यादव,इसके अलावा, विभिन्न वार्ड सदस्य और स्थानीय नेता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : मारवाड़ी अग्रवाल समाज के द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई इस अवसर पर गुरुवार को अग्रसेन भवन की सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम सबसे पहले महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई जिसके बाद समाज के बुजुर्ग अभिभावकों को सम्मानित किया गया इसके बाद अग्रसेन भवन के सभागार से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो शहर की विभिन्न चौक चौराहा से गुजरते हुए पुणे अग्रसेन भवन सभागार पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में विशेष झांकी महिषासूर मर्दिनी माँ दुर्गा, जिन्होने महिषासुर नामक राक्षस का वध कर उसके अत्याचारों से देवताओं को मुक्ति दिलाई, इस प्रस्तुति पर समाज की बच्चों ने अपनी कला लोगों को मनमोहित किया। इसके बाद संध्या 6:00 बजे अग्रसेन भवन के सभागार में समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इस बीच उत्कृष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी अभिषेक चौधरी ने दिया। शोभायात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर बड़ा अखाड़ा,कानी बाजार,महेश सोनी चौक, कुआं चौक, बजरंगी चौक, गोला रोड,महेश सोनी चौक,गोला चौक, जामा मस्जिद रोड, बड़ा बाजार चौक, बंशीलाल चौक, भगत सिंह चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड पगोड़ा चौक, झंडा चौक होते हुए पुणे अग्रसेन भवन परिसर पहुंचकर समाप्त हुई।

## पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सांसद ने लोगों को दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को एतिहासिक और सफल बनाने हेतु हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता, आम- जनता, मोदी समर्थक, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन को बधाई देते हुये आभार जाताया। सांसद श्री जायसवाल ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग जहां विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर से जहां पूरे देश को कई योजनाओं का सौगात दिया वहीं मटवारी के गांधी मैदान से बीजेपी के परिवर्तन यात्रा का समापन करते हुए आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में ₹रोटी, बेटी और माटी₹ बचाने का संकल्प दिलाया और झारखंड में सत्ता परिवर्तन करने का उलगुलान



किया। पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन के दौरान आप सभी लोगों ने उन्हें जो प्यार और समर्थन दिया वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा की इससे पूर्व हजारीबाग में ऐसी भीड़ कभी हजारीबाग के इतिहास में किसी भी सभा में नहीं हुआ था। पीएम मोदी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय से गांधी मैदान तक सड़क मार्ग से पहुंचकर जनभावना का सम्मान भी किया ।

# सड़क दुर्घटना में आमजन के जीवन की हो रही क्षति : मनोज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही** : चौपारण से बरही के बीच फोर लेन सड़क निर्माण में लगे निर्माण कंपनी की मनमानी एवं लापरवाही के कारण आए दिन हो रहे सडक दुर्घटनाओं पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग डीसी व एसपी को पत्र लिखा है। श्री यादव ने कहा कि निर्माण कंपनी एवं एजेंसी के द्वारा जहाँ तहां सडक को काट कर छोड दिया गया है और सड़क सुरक्षा नियमो की अनदेखी की जा रही है। जिससे प्रतिदिन हो रहे सड़क दुर्घटना में आम जन का जीवन क्षति पहुंच रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रत्येक माह 15-20 व्यक्तियों की मृत्यु सडक दुर्घटना के कारण हो रही है। यह एक गंभीर एवं चिंता का विषय है। सड़क निर्माण कंपनी और एजेंसी पर कार्रवाई नही की गई तो और कितने लोगों को दुर्घटनाओं से मौत का शिकार होना पड़ेगा। पूर्व विधायक ने एनएच के अधिकारियों व सड़क निर्माण कंपनी व एजेंसी के अधिकारियो के साथ बैठक कर समस्या का निदान किया जाए। दनुआ व रसोइया धमना में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, तीन घायल पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि 2-3 अक्टूबर 2024 की रात्रि दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना में ग्राम दनुआ में एकं टेम्पो के उलट जाने के कारण एक व्यक्ति मनोज केशरी उम्र लगभग 51 वर्ष पिता बासुदेव केशरी ग्राम दनुआ की मृत्यु हो गई। पुनः उसी रात्री बरही रसोइया धमना मोड़ के निकट कुंदन पण्डेय, होमगार्ड जवान की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई। उसी दिन सुबह टेम्पो से चौपारण से बरही की ओर पढ़ाई करने जा रही तीन बच्चियों रानी कुमारी, राखी कुमरी एवमं एक अन्य बच्ची सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। पूर्व में भी इसकी सूचना एनएचएआई के अधिकारियों एवं रोड कन्ट्रकशन एजेन्सी को दी जा चुकी है कि एनएचएआई एवं रोड क्ट्रकशन एजेन्सी की लापरवाही के कारण ये सड़क दुघर्टनाएँ हो रही है। बरही अनुमण्डल के वायुमण्डल में एक तैर रहा है जिसका जवाब जनता जिला प्रशासन से मॉग रही है कि कब तक और कितने निर्दोष जन की जान जाएगी। सड़क निर्माण बनाने वाले एजेन्सी की लापरवाही एवं मनमानी के कारण दुर्घटना से मौत का शिकार होना पड रहा है। उन्होंने कहा कि यह भी प्रश्न उठ रहा है कि क्या कन्स्ट्रक्शन एजेन्सी को स्थानीय सत्ताधारी दल का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण कोई कारवाई नहीं हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बादम में बुजुर्गो ने फीता काट कर किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**बड़कागांव** : प्रखंड के एतिहासिक गांव बादम मे आश्विनी दुर्गा पुजा समिति सह दांगी ड्रामेटिक क्लब बादम द्वरा बुजुर्गो के विषेश सम्मान हेतू सामुहिक रूप से गांव के सभी सम्मानित बुजुर्गो को पूजा स्थाल पर आमंत्रित कर अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया एंव उनके द्वरा फीता काटवाकर पुजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। वहां मौजूद भिखु महतो ने बताया कि यहा हमलोग 1967 ई. मे सामुहिक रूप से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया और तबसे यहां पर निरंतर रुप से पूजा होता आ रहा है। मौके पर मुख्य रूप से भिखु महतो (75),बितल महतो (90)मोहन महतो (67)कुन्नु महतो(70), गनपद महतो (70), राम टहल महतो (80), सुरज महतो(78),पुनप्रकाश महतो(76),सहदेव महतो,गल्लु महतो सहित पुजारी – प्यारेलाल पांडेय, बनवारी महतो, सुरेन्द्र महतो,बिरज महतो,खेमन महतो, बिनोद प्रजापति, दुर्गा पूजा समिति के पुजा अध्यक्ष संजय मेहता, पुजा सचिव रवि कुमार दांगी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, मनोरंजन मंत्री सहेश्वर महतो, भूदेव महतो,संतोष कुशवाहा,बैजनाथ महतो, कृष्णा चौधरी, कालीचरण कुमार,निरू महतो, चन्द्रनाथ महतो, प्रमोद कुमार, कैलाश कुमार, भवेश कुमार,बरजु महतो, जयकिशन कुमार, तिलेश्वर कुमार, सचिन कुमार, कन्हाय महतो,सुफेन्द्र महतो,उमेश कुमार महतो,जयनंदन महतो,नवीन कुमार, छोटेलाल कुमार , कृष्णा महतो सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### केरेडारी में बने प्रेस क्लब भवन का विधायक अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन



**केरेडारी** : हजारीबाग जिला के अन्तर्गत केरेडारी प्रखण्ड कार्यालय परिषर में विधायक मद से बने प्रेस क्लब के भवन का उद्घाटन गुरुवार को बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने फीता काट कर व नारियल फोड़कर कियो इस अवसर पर इस भवन में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना भी किया गयो उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए अम्बा प्रसाद ने कहा की मैं क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए हर समय समर्पित हूँ केरेडारी के पत्रकारों के द्वारा लंबे समय से सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी और अब ये भवन बन कर तैयार हुआ है पूजन के बाद क्षेत्र के कई प्रशासनिक पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों व सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कियो मौके पर प्रमुख सुनीता देवी,उपप्रमुख अमेरिका महतो,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,थाना प्रभारी अजित कुमार,पूर्व मुखिया तापेश्वर साव,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज वर्मा,कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष बैजनाथ महतो,पत्रकारों में मुकेश कुमार,अरुण यादव,सुमंत साहा,अवधेस यादव,इंद्रजीत गिरी,अशोक बंटी राज,रवि कुमार मिश्रा,अमित माली,सुरेश मिश्रा,रवि सोनी,अशोक राणा,ज्ञान पासवान,सनोज कुमार,अजय तिवारी,गणेश राम,मिथलेस कुमार,बरुण पासवान,पवन कुमार दास,समेत कई लोग मौजूद थे।

### महाराज अग्रसेन जयंती पर शोभा यात्रा का भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने किया स्वागत



**हजारीबाग** : भारतीय जनता पार्टी के नेता हर्ष अजमेरा ने महाराज अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को बधाई दी और मारवाड़ी अग्रवाल समाज के द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का सेठ मोहल्ला मे स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों से मुलाकात की साथ ही सभी के बीच पेयजल का वितरण किया गया। उन्होंने इस विशेष दिन को सामाजिक सद्भावना, व्यापारिक कुशलता और जनकल्याण के प्रतीक के रूप में वर्णित किया। हर्ष अजमेरा ने कहा की महाराज अग्रसेन ने समृद्धि, समानता और सहयोग के सिद्धांतों को अपनाकर समाज को एक नया दृष्टिकोण दिया। उनके द्वारा स्थापित ह्यअग्रवाल समाजह्न ने न केवल व्यापारिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई, बल्कि समाज सेवा और समर्पण का भी एक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी जयंती हम सभी को उनके आदर्शों पर चलने और समाज में भाईचारे और आर्थिक स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने की प्रेरणा देती है। साथ ही श्री अजमेरा ने बताया कि भाजपा महाराज अग्रसेन के सिद्धांतों को आत्मसात करके समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महाराज अग्रसेन के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में अपने योगदान को बढ़ाएं।

### सांसद दीपक प्रकाश के फंड से निर्मित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**हजारीबाग** : राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के विकास मद की राशि से इंद्रपुरी चौक पर नव निर्मित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा का अनावरण हुआ। बताते चलें कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का 120 वां जन्मदिन पर लाल बहादुर शास्त्री चौक छठ तालाब के पास माननीय लाल बहादुर शास्त्री जी का आदमकद प्रतिमा छतरी के साथ का अनावरण राज्यसभा सांसद माननीय दीपक प्रकाश के कर कमल से किया गया हजारीबाग के आम जनता की मांग पर और खासकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय के अनुरोध पत्र पर आदमकद प्रतिमा एवं छतरी का निर्माण कर'ने के लिए अपार हर्ष के साथ आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया प्रतिमा उद्घाटन कार्यक्रम एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर स्वच्छता कार्यक्रम माननीय राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में दीपक नाथ सहाय ,ललित मोहन प्रसाद ,शशि भूषण प्रसाद, अंजनी कुमार सिन्हा, शशिकांत श्रीवास्तव ,बॉबी प्रसाद, शुभम कुमार ,पीयूष कुमार ,सनी सौरभ ,कुमार गौरव ,रविंद्र ठाकुर राहुल कुमार ,नरेश प्रसाद गुप्ता, अरुण कुमार सिन्हा खलील अंसारी के साथ साथ हजारीबाग के कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## एक नजर

### एनडीआरएफ के जवान ने की खुदकुशी

रांची : एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के पोखरटोली मैदान में गुरुवार को एनडीआरएफ के जवान ने पेड़ से रस्सी के सहारे लटकर खुदकुशी कर ली। मृत जवान की शिनाख्त जय कुमार लकड़ा के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पैकेट से आई कार्ड बरामद किया है। इसी के आधार पर इसकी शिनाख्त की गई है। वह एनडीआरएफ में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। एयरपोर्ट थाना प्रभारी ने बताया कि एनडीआरएफ के कांस्टेबल ने पेड़ से लटक कर खुदकुशी की है। एनडीआरएफ से संपर्क किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली

रांची : रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित सैम्बो सीआरपीएफ कैंप में एक जवान ने गुरुवार को एके-47 से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली उसके गर्दन में लगी, जिससे उसकी मौत हो मौके पर ही हो गयी। मृत सीआरपीएफ जवान की पहचान बोकारो निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। वह आरक्षी के पद पर पदस्थापित था । जानकारी मिलने के बाद रांची पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारी दोनों ही घटनास्थल पहुंचे और जांच पड़ताल कर रहे है। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### दुर्गा पूजा के दौरान अतिरिक्त महिला सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए : हाई कोर्ट

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में राज्य के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में आज सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा से मॉनिटरिंग की जाए। महिलाओं की आपातकाल में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर का स्थानीय टीवी चैनल और अखबारों में विज्ञापन के जरिए प्रचार प्रसार किया जाए और सभी जगहों पर स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जाए। वहीं अदालत ने दुर्गा पूजा को लेकर सरकार को पूजा पंडाल के आसपास अतिरिक्त महिला सुरक्षा बल की नियुक्ति करने और पिंक बसों के संचालन के समय को विस्तार देने का निर्देश दिया है। अब इस जनहित याचिका पर हाई कोर्ट 18 नवंबर को सुनवाई करेगा। हाई कोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा।

### मौसम विभाग ने राज्य में तीन दिन के लिए जारी किया येलो अलर्ट

रांची : राज्य में बीते एक सप्ताह से मौसम साफ है। हालांकि अगले तीन दिन के लिए मौसम विभाग ने गुरुवार को येलो अलर्ट जारी किया है। इसमें कहा है कि राज्य में कुछ जगहों पर गरज के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड में अगले दो दिन तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। लेकिन, इसके बाद अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट शुरू हो जाएगी। अधिकतम तापमान में गिरावट के साथ-साथ न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है। इससे सुबह और रात को ठंड का एहसास होगा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची में चार अक्टूबर से आंशिक बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 31 डिग्री से घटकर धीरे-धीरे 29 डिग्री पर आ जाएगा। पांच अक्टूबर को गरज के साथ वर्षा होने की भी संभावना है।

# निर्वाचन आयोग ने झारखण्ड एवं महाराष्ट्र के आरओ और एआरओ के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के मार्गदर्शन में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के वैसे पदाधिकारी जिनके द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव हेतु विगत माह में ही प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया था परंतु, प्रशिक्षण के क्रम में आयोजित परीक्षा में काम अंक प्राप्त हुए थे। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा उनके लिए ऑनलाइन माध्यम से 2 दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का निर्वाचन सदन में आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में झारखंड के साथ-साथ महाराष्ट्र के भी निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को आयोग के प्रशिक्षकों ने चुनाव कराने संबंधी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों ने ऑनलाइन माध्यम से निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के विषय में बिंदुवार प्रशिक्षण दिया। साथ ही शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित निर्वाचन कराने में आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई। प्रशिक्षण सत्र में विगत में कम अंक प्राप्त करने वाले सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें वहीं मुख्य निर्वाचन कार्यालय से पदाधिकारियों के प्रशिक्षण में सहायता हेतु सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, सिस्टम एनालिस्ट एस. एन. जमील सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अध्यात्म और पर्यटन का अद्भुत संगम होगा महातीर्थ सतीघाट मंदिर : सुदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : आजसू पार्टी के अध्यक्ष व सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी तैयारी महातीर्थ सतीघाट मंदिर की पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने की है। सतीघाट मंदिर हमारी आस्था का बड़ा केंद्र है। आने वाले दिनों में महातीर्थ सतीघाट मंदिर अध्यात्म और पर्यटन का अद्भुत संगम होगा। सुदेश कुमार महतो ने यह बातें गुरुवार को सोनाहातु के बारेंदा पंचायत अंतर्गत पांडुडीह गांव में स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित महातीर्थ सतीघाट मंदिर निर्माण के लिए आयोजित भूमि एवं शिला पूजन कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्नान घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि पौराणिक सतीघाट मंदिर का संरक्षण, विकास और इसके सौंदर्यीकरण के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। जल्द ही यह ऐतिहासिक मंदिर परिसर एक नए विकसित रूप में जनता के सामने होगा। आस्था के केंद्र सतीघाट मंदिर को एक मॉडल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सुदेश महतो ने महातीर्थ सतीघाट मंदिर निर्माण समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी। महातीर्थ सतीघाट मंदिर का निर्माण सैंड स्टोन से होगा। यह खास सैंड स्टोन मिजार्पुर से मंगाए जाएंगे। 3.94 एकड़ में फैले मंदिर परिसर में दो तोरण द्वार, स्नान घाट, मेला के लिए मैदान, सेंट्रल प्लाजा, एमपी थियेटर, विभिन्न तरह की दुकानें, हॉल, पार्किंग, पार्क, सड़कें, पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था की जाएगी। भूमि एवं शिला पूजन कार्यक्रम से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। नवरात्रि के प्रथम दिन इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

## आज से कांटाटोली फ्लाईओवर पर दौड़ने लगेंगी गाड़ियां



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड सरकार 4 अक्टूबर को कांटाटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन करने जा रही है। जिसका निर्माण दो दशकों से अधिक समय से लंबित था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। इस फ्लाईओवर को 224.94 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। फ्लाईओवर की लंबाई 2240 मीटर है। वहीं इसकी चौड़ाई 16.6 मीटर है। बता दें कि कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण लगभग हो चुका है लेकिन रैंप का निर्माण बाद में किया जायेगा। फ्लाइओवर पर खादगढ़ा बस स्टैंड के पास नामकुम की ओर जाने के लिए और उसके सामने पेट्रोल पंप के पास लालपुर जाने के लिए रैंप का निर्माण किया जाना शेष है।

## स्पा में काम करने वाली युवती ने कूदने का किया प्रयास, हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक के पास स्थित एक स्पा में काम करने वाली युवती ने गुरुवार को बाइक शोरूम के ऊपर चढ़ कर छत से कूदने का प्रयास किया। लेकिन स्थानीय लोगों के द्वारा उसे बचा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार रांची के एक स्पा सेंटर में काम करने एक शोरूम की बालकनी से कूदने की कोशिश की। युवती के बालकनी में चढ़ कूदने की धमकी दिए जाने के बाद आस पास के लोग जमा हो गए और युवती को नीचे कूदने से काफी देर तक रोके रखा। इस वजह से काफी देर तक वहां हंगामा चलता रहा। युवती बालकनी में ही फंस गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने स्थानीय गाड्र्स के साथ युवती को सुरक्षित बचा लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद रांची पुलिस के ट्रैफिक जवानों ने भी काफी सूझ-बूझ से काम लिया। इसी वजह से युवती की जान बच गई। जान देने की कोशिश करने वाली युवती ने बताया कि वो एक स्पा सेंटर में काम करती है। कुछ दिन से उसके परिवार में काफी विवाद चल रहा है। इस वजह से वह अपनी जान देने की कोशिश कर रही थी। लोगों के द्वारा उसकी जान बचा लिए जाने के बाद युवती ने पुलिस और आमलोगों से माफी भी मांगी। फिलहाल पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। सुखदेव नगर थाना पुलिस स्पर्श सलून एंड स्पा सेंटर के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि फिलहाल युवती काफी डरी हुई है। इसलिए उससे पूछताछ नहीं हो पाई है। स्पा सेंटर से भी इस मामले को लेकर पूछताछ की गई है अगर मामला स्पा सेंटर से जुड़ा रहा तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड का आईएएफ के साथ हुआ एमओयू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : झारखंड सरकार ने गुरुवार को द नज इंस्टीट्यूट की ओर से संचालित इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप (आईएएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए । इसके तहत राज्य में आईएएफ की शुरूआत की जा रही है और इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह 18 महीने का एक अनूठा कार्यक्रम है, जिसमें निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी और झारखंड सरकार के सिविल सेवक एक साथ मिलकर जनहित योजनाओ पर टेक्नोलोजी आधारित इनोवेशन को लागू करेंगे।इस समझौते के तहत चुने गए फेलोज, मुख्य सचिव ऑफिस, आद्यौगिक एवं वाणिज्य, वित्त, ग्रामीण विकास, कृषि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग जैसे पांच प्रमुख सरकारी विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे। द नज आईएएफ के प्रबंध निदेशक विवेक शर्मा ने कहा कि हमारी संस्थान सरकार की कार्य प्रणाली को टेक्नोलॉजी के जरिए बेहतर बनाने में मदद करती है। हमारी कोशिश है कि सरकार लोगों को बेहतर सेवाएं दे सके और लोगों की जिंदगी आसान हो जाए। हमने पहले भी कई राज्यों और केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम किया है और हमें अच्छे परिणाम मिले है। हमने देखा है कि जब सरकार और निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी मिलकर काम करते हैं तो बहुत अच्छे परिणाम मिलते हैं। इस फेलोशिप पर झारखंड सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिये हम आभारी एवं उत्साहित हैं। हमारा उद्देश्य लाखों लोगों की जिंदगी और आजीविका को बेहतर बनाना है। यह भारत में आईएएफ का पांचवां बैच होगा। इस प्रोग्राम का मकसद सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग बढ़ाना है। जिससे बड़े पैमाने पर प्रभावी और नई टेक्नोलोजी आधारित इनोवेशन को बढ़ावा मिले ताकि ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की जिंदगी में सुधार हो सके। इस प्रोग्राम में कॉपोर्रेट क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियो को 18 महीनों तक राज्य प्रशासन के साथ काम करने का मौका मिलेगा, ताकि वे झारखंड के विकास में योगदान दे सकें।

# गैस्ट्रोकॉन-24 का राष्ट्रीय सम्मेलन पांच और छह अक्टूबर को, जुटेंगे देश के 200 डॉक्टर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : डोरंडा स्थित जैप-1 ऑडिटोरियम (शौर्य सभागार) में पांच-छह अक्टूबर को इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन गैस्ट्रोकॉन-24 का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में झारखंड के अलावा देशभर के प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट भाग लेंगे। इसमें अलग-अलग राज्यों से 200 से ज्यादा एक्सपर्ट शिरकत करेंगे। गुरुवार को प्रेस क्लब में ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मनोहर लाल प्रसाद और ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. प्रणव मंडल, को-चेयरमैन डॉ. जयंत घोष ने बताया कि गैस्ट्रोकॉन-24 में पेट, लीवर, आंत जैसे रोगों के बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। किस बीमारी के इलाज में क्या-क्या नई एडवांस तकनीक आयी है, हम चिकित्सक मरीजों को कैसे और बेहतर चिकित्सा सुविधा दे सकें। इस पर आपस में जानकारी साझा करेंगे। कौन सी चिकित्सा पद्धति का इस्तेमाल दूसरे राज्यों में एक्सपर्ट डॉक्टर कर रहे हैं, झारखंड में किन एडवांसमेंट को एडॉप्ट कर यहां के मरीजों का अच्छा इलाज किया जा सके। इस पर हमारा फोकस होगा। डॉ. मनोहर लाल ने बताया कि मोटर डिस्फेजिया (खाना घोटने में दिक्कत), पैनक्रियाटाइटिस, लीवर ट्रांसप्लांट, पेट में पानी भर जाने पर नया इलाज क्या है, हेपेटाइटिस बी के बारे में नए इलाज आदि की जानकारी आपस में साझा की जाएगी। सम्मेलन में दिल्ली से डॉ. अनिल अरोड़ा, डॉ. पीयूष रंजन, डॉ. विकास सिंघला, चंडीगढ़ से डॉ. एसके सिन्हा, कोलकाता के डॉ. संदीप पाल, आईएलबीएस नई दिल्ली के डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. अमर मुकुंद, हैदराबाद के डॉ. जीवी राव, डॉ. कपिल शर्मा समेत अन्य एक्सपर्ट डॉक्टर बतौर वक्ता हिस्सा लेंगे। कांफ्रेस के दौरान लाइव सर्जरी के साथ-साथ बिहार-झारखंड के चिकित्सक पेट, आंत-लीवर की बीमारियों पर अपनी महत्वपूर्ण केस स्टडी और विशेष शोध प्रस्तुत करेंगे। कांफ्रेस में पहली बार लाइव वर्कशॉप का आयोजन होगा, जिसमें बिना चीर-फाड़ के एंडोस्कोपिक पद्धति द्वारा खाने में होनेवाली दिक्कत से संबंधित बीमारी, एक्लासिया कार्डिया का ऑपरेशन, पैंक्रियाज से संबंधित बीमारी, पैंक्रिएटिक सिंडोसिस्ट का ड्रेनज, ईआरसीपी द्वारा पित्त की नली के बड़े-बड़े स्टोन का स्पाई ग्लास द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही पीजी स्टूडेंट्स की बेहतर भागीदारी व ज्ञानवर्धन के लिए गैस्ट्रोक्विज और पोस्टर प्रेजेंटेशन का भी आयोजन किया जा रहा है। मौके पर डॉ. प्रणव कुमार मंडल, डॉ. मनोहर लाल प्रसाद, डॉ. जयंत घोष, डॉ. रवीश रंजन, डॉ. चंदन यादव, डॉ. संगीत सौरभ, और डॉ. अंतरिक्ष कुमार मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमन्त सोरेन से मिला इमारत-ए- शरिया प्रतिनिधिमंडल



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को इमारत-ए- शरिया, बिहार -झारखंड एवं ओडिशा के अमीर- ए -शरियत- सह- ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने वक़्फ अमेंडमेंट बिल को लेकर अपनी भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मंत्री इरफान अंसारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की मौजूदगी में मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधि मंडल में सांसद और वक़्फ अमेंडमेंट बिल के लिए गठित जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी के सदस्य डॉ नासिर हुसैन एवं मौलाना मुहीबुल्लाह नादवी, मीन्नत रहमानी, काजी मोहम्मद अंजर आलम कासमी, मौलाना मुफ़्ती अनवर कासमी, मौलाना तहजीबुल हसन, फहद रहमानी, एहतेशाम रहमानी और मुफ़्ती शहाबुद्दीन प्रमुख रूप से शामिल थे।

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से निकाली गई कलश यात्रा



रांची : रांची के डोरंडा स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश स्थापना और शारदीय नवरात्र के आगमन पर मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, संरक्षक कपिलदेव सिंह, अध्यक्ष गौतम दूबे गोपी के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा मस्तक पर कलश और नारियल रख कर छप्पन सेट मंदिर परिसर से यात्रा निकाली गई। यह यात्रा तुलसी चौक, अम्बेडकर चौक, विवेकानंद चौक होते हुए बटम तालाब गई और बटम तालाब में जल भर कर एवं संकल्प कर माँ दुर्गे के संगीतमय भजन पर झूमते नाचते गाते हुए राजेंद्र चौक, गोरखा चौक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची ।पंडित उदय शंकर मिश्र के मंत्रोच्चार एवं कमिटी की ओर से मुख्य यजमान विकास कुमार के जरिये सभी कलश छप्पन सेट मंदिर परिसर में स्थापित कर माता का आह्वान किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि देवी दुर्गा का नव दिवसीय पर्व कलश स्थापना के साथ शुरू हो गया है। नेपाल हाउस डोरंडा में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों के जरिये 61 वर्ष पूर्व छोटे रूप में नवरात्रि की पूजा प्रारंभ की गई थी,जो आज बड़े रूप में लगातार जारी है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी यहां से चले गए लोग अपने परिवार के साथ पूजा देखने अवश्य आते है। आलोक दूबे ने बताया 56 सेट डोरंडा मंदिर परिसर में मां दुर्गा की मूर्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। माँ दुर्गा के साथ भगवान गणेश, कार्तिक भगवान, सरस्वती माता भी विराजमान होती है। समिति के अध्यक्ष गौतम दूबे ₹गोपी₹ ने कहा 10 दिनों तक पूरे भक्ति भाव से त्योहार संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कलश स्थापना के साथ पहले दिन की पूजा मां शैलपुत्री की विधि विधान के साथ आराधना की गई,खीर और पुआ का भोग लगाया गया।

### एनएमएल ने स्वच्छ भारत दिवस पर सफाई मित्रों और सहयोगी सदस्यों को किया सम्मानित



रांची : गांधी जयंती और स्वच्छ भारत दिवस की 10 वीं वर्षगांठ एनटीपीसी कोल माइनिंग-एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड मुख्यालय रांची में मनाई गई। इस अवसर पर एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) अनिमेष जैन, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश रस्तोगी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हाउसकीपिंग स्टाफ, ड्राइवर, इंडियन कॉफी हाउस, सुरक्षा कर्मी और कार्यालय सहायकों सहित संविदा कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। मौके पर जैन ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण करना है, जो विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके बाद जैन ने सफाई मित्रों (हाउसकीपिंग स्टाफ) और सहयोगी सदस्यों को स्वच्छता बनाए रखने में उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया ।जैन ने हाउसकीपिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिनके योगदान को अक्सर अनदेखा किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के अमूल्य काम का जश्न मनाने और उसे स्वीकार करने के लिए एकत्र हुए हैं जो हमारे समुदायों को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए अथक प्रयास करते हैं। यह आवश्यक है कि हम उनका सम्मान करें। इसके अतिरिक्त विशेष अभियान 4.0 का शुभारंभ भी किया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सफाई और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करके स्वच्छ भारत मिशन के प्रयासों को तेज करना है। विशेष अभियान 4.0 के दौरान सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यान्वयन की योजना बनाई गई है।

### हेमंत के 5 साल जनता बेहाल, जनता पर ढाया कहर, इसलिए झारखंड में भाजपा की लहर : सुनील

रांची : झारखंड भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने झारखंड की महागठबंधन की सरकार चला रहे हेमंत सोरेन जी से 5 साल का हिसाब जानना चाहते हैं कि जो अपने 2019 में सत्ता में आने के लिए महिला, युवा, मजदूर और किसान के विकास के लिए जो चुनावी वादा किया था क्या आपने उसे पूरा किया? उन्होंने कहा कि मैं मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से पूछना चाहता हूं कि आपने कहा था झारखंड के 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे क्या आपने दिया? नहीं, ग्रेजुएट को ? 5000 और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगारों को 7000 बेरोजगारी भत्ता देंगे, क्या आपने दिया? नहीं, पारा शिक्षकों को परमानेंट करेंगे, क्या आपने किया नहीं, सहायक पुलिसकर्मी और होमगार्ड को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर परमानेंट करेंगे, क्या आपने किया? नहीं, अनुबंध पर मेडिकल कर्मियों को परमानेंट करेंगे, क्या आपने किया? नहीं, हर पंचायत में युवक युवतियों को रोजगार देंगे, क्या आपने दिया? नहीं घर प्रखंड में कंप्यूटर प्रशिक्षण खोलेंगे, क्या आपने खोला? नहीं, गरीब छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा और छात्रवृत्ति देंगे, क्या आपने दिया? नहीं, सीएम रोजगार सृजन योजना से 2 लाख युवाओं को लाभ देंगे, क्या आपने दिया? नहीं, बेरोजगार अधिकार कानून बनाएंगे, क्या आपने बनाया? नहीं, नियोजन नीति और स्थानीय नीति बनाएंगे, क्या आपने बनाया? नहीं, सीएम रोजगार सृजन योजना के तहत 1.40 लाख युवक एवं युवतियों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार देंगे, नहीं मिलने पर 6 महीने तक पुरुषों को 1000 और महिलाओं तथा दिव्यांगों को 1500 दिया जाएगा, क्या आपने दिया? नहीं, झारखंड आंदोलनकारी के शहीदों के परिजनों को एक सरकारी नौकरी देंगे, क्या आपने दिया?

## एक नजर

### जिंदा बम मिलने से सनसनी

**धनबाद** : गुरुवार की सुबह रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत 8 लाइन के बगल जाने वाले उदल बनी रास्ते में बम मिलने से चर्चा का विषय बना है। बता दे की जनशक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो 8 लाइन होकर अपने प्रधान कार्यालय जाने वाले घूमाऊ रास्ते के समीप झाड़ियां में बम रखा होने के खबर से उनके कार्यकताओं में उबाल दिख रहा है। बम की सूचना पाकर रामकनाली ओपी प्रभारी पहुंचकर बम को किया डिफ्यूज ओपी प्रभारी ने कहा जांच का विषय है जांच करेंगे।

### धनबाद की सुनैना किन्नर ने की मां दुर्गा की कलश स्थापना

**धनबाद** : दुर्गा पूजा के नवरात्र आज से शुरू हो गई है इसके बाद लोग मां दुर्गा की पूजा अर्चना में जुट गए हैं जगह-जगह पर कलश का स्थापना की जा रही है इसी दौरान अखिल भारतीय किन्नर कल्याण समिति की प्रदेश अध्यक्ष सुनैना किन्नर ने भी अपने आवास धनबाद मनाईटांड़ कुम्हार पट्टी में कलश स्थापना की और बताई की मैया का कलश स्थापना अपने देश के जवानों की सुरक्षा और जजमानों के घरों में खुशियां आए इसके लिए करती हूं। सुनैना किन्नर ने बताया की मेरी गुरु जटावली भी हमेशा पूजा पाठ में रुचि रखती थी आज मैं भी उनके मार्ग दर्शन पर चलती हुई आज मैं कई वर्षों से अपने आवास पर मां दुर्गा की पाठ करवाती हूं और कलश स्थापना करती हूं।

### जीत-कुन्डो कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे संत मरियम के छात्र

**मेदिनीनगर (पलामू)** : 6 अक्टूबर को मुम्बई में आयोजित 23 वां नेशनल स्पोर्ट्स जीत-कुन्डो चैम्पियनशिप में संत मरियम स्कूल के तीन चयनित बाल कराटेकार अयान सिद्दीकी, उज्जवल राज ,आर्यन कुमार सिंह हिस्सा लेगे । यह चैम्पियनशिप द स्पोर्ट्स जीतकुन्डो फेडरेशन आंफ इंडिया के तत्वावधान में अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आजाद नगर मुम्बई में आयोजित किया जा रहा है यह चैम्पियनशिप में पूरे भारत के विभिन्न कोनों के मार्शल- आर्ट्स खिलाड़ी हिस्सा लेगें। बाल कराटेकार मुख्य मार्शल- आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में 4 अक्टूबर को मुम्बई के लिए रवाना होगे ।इस चैम्पियनशिप में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल विजेताओ ,मार्शल- आर्ट्स खिलाड़ीयों को बैंकॉक थाईलैंड में आयोजित द्वितीय वर्ल्ड कप स्पोर्ट्स जीतकुन्डो चैम्पियनशिप में खेलने का मौका मिलेगा । उपरोक्त जानकारी मुख्य मार्शल- आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने दिया।

### महात्मा गांधी के विचारों को अपने जीवन में सन्निहित करें : आशुतोष

**मेदिनीनगर (पलामू)** : बुधवार को गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी ने गांधी स्मृति टाउन हॉल के प्रांगण में अवस्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बताया कि महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलना ही हिंदुस्तानी हवा मोर्चा के उद्देश्यों को भी परिलक्षित करता है साथ ही साथ पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन आदर्शो से उनके सौम्य एवं सरल स्वभाव को जीने की कला सीखने को मिलती है। मौके पर हिंदुस्तानी आवाम के मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी जिला सचिव वारिस आलम जी जिला के महामंत्री अबू फैजल और मेल सिन्हा जी और सौदागर अंसारी जी इमरान आलम जी और पार्टी के बहुत सारे कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बस स्टैंड की सफाई अभियान का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से स्वयं सेवी संस्था सर्वोदय महिला विकास केंद्र के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 के तहत बोकारो जिला के चास प्रखण्ड अंतर्गत नया मोड़ सरकारी बस स्टैंड और प्राइवेट बस स्टैण्ड जहां हजारो यात्री परिवार प्रतिदिन आवागमन करते है सरकारी और प्राइवेट बस स्टैण्ड दोनों का क्षेत्रफल काफी बड़ा है जहाँ एक साथ सैकड़ो बस रुकते है और फिर अपने परिचालन क्षेत्र के यात्री को उसके इच्छा अनुसार वहा तक सुरक्षित पहुंचाते है जहाँ उन्हें जाना रहता है। यह कि पूर्व के दिनों में दोनों बस स्टैंड में वर्षो से जमा कूड़ा कचड़ा बिखरा और जमा पड़ा है जिसके साफ - सफाई के साथ -साथ चुना पाउडर और बिलीचिंग से सैनीटाइजेड का कार्य दिनांक 20- 09- 2024 से ओएनजीसी ,सीबीएम परिसम्पति बोकारो के स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवी संस्था सर्वोदय महिला विकास केन्द्र के द्वारा ग्रामीण मजदूरों और जेसीबी के माध्यम से पूर्व से जमा कूड़े - कचड़े की साफ - सफाई करने का कार्य जा रहा था आज गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर ओएनजीसी ,सीबीएम परिसम्पति बोकारो के परिसम्पति प्रबन्धक मुख्य अतिथि साथ ही सभी पदाधिकारियों के गरिमामय उपस्तिथि में विधिवत फीता काटकर उदघाटन किया गया । सर्वप्रथम इस स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम में ओएनजीसी ,सीबीएम परिसम्पति बोकारो के परिसम्पति प्रबन्धक मुख्य अतिथि साथ ही सभी पदाधिकारियों को सर्वोदय महिला विकास केंद्र संस्था परिवार की और से गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया उसके पश्चात इस बस स्टैंड के संचालक और दुकानदारों के सर्वोदय महिला विकास केंद्र के द्वारा इस सरकारी बस स्टैंड और प्राइवेट बस स्टैंड में ओएनजीसी के स्वच्छता ही सेवा2024 कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यो का विश्लेषण किया गया की इस बस स्टैंड की साफ -सफाई विगत 20 वर्षो से नहीं हुयी थी जिसके कारण इस बस स्टैंड में कूड़ा -कचड़ा का अम्बार लगा हुआ था जिससे इस बस स्टैंड और आस -पास के क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह से दूषित हो रहा था किन्तु ओएनजीसी ,सीबीएम परिसम्पति बोकारो के द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तहत जो साफ -सफाई और चुना एवं बिलीचिंग के सेनिटाइजेड करने का जो कार्य करवाया गया वो सराहनीय है। वही पे आज के मुख्य अतिथि ओएनजीसी ,सीबीएम परिसम्पति बोकारो के परिसम्पति प्रबन्धक महोदय ने इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की स्वच्छ राष्ट का सपना देश के राष्टपिता ने देखा था की स्वच्छ राष्ट के निर्माण से स्वच्छ वातारण का निर्माण होता है मानव कल्याण के लिए बहुत ही आवश्यक है और इसकी जिम्मेवारी सभी नागरिको की है उन्होंने कहा की इस बस स्टैंड को स्वच्छ रखने की जिम्मेवारी सभी यात्रियों के साथ - साथ आस -पास के दुकानदारों की भी है सभी लोग अगर सही से अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे तो इस बस स्टैंड में जो आज स्वच्छ वातावरण का निर्माण हुआ है वो सदा बना रहेगा इसके पश्चात ओएनजीसी के परिसम्पति प्रबंधक महोदय एवं साथ में इस कार्यक्रम में उपस्तिथ सभी पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभ समापन किया गया। यह की इस बस स्टैंड के समापन के पश्चात ओएनजीसी के परिसम्पति प्रबंधक महोदय एवं साथ में इस कार्यक्रम में उपस्तिथ सभी पदाधिकारियों के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत बस स्टैंड परिषर में पौधा रोपण किया गया। यह कि उक्त दोनों बस स्टैंड में कार्यकारी संस्था के द्वारा जागरूकता स्लोगन राइटिंग का भी कार्य किया गया है ताकि बस यात्रियों को जागरूक किया जा सके।

## नवरात्रि हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार करता है : संजीव




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : इस अवसर पर उज्जैन से आए पंडित आनंद गुरु, सूरेश गुरु एवं अन्य श्रद्धालु पंडितों ने विधिपूर्वक पूजा संपन्न कराई। इस धार्मिक अनुष्ठान में आर्क तिवारी, विजय कुमार दुबे, मुकेश सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूजा के दौरान माँ दुर्गा के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन करते हुए सभी ने माँ से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। संजीव तिवारी ने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार करता है। हम सभी को इस अवसर पर मिलकर एकता और भाईचारे का संदेश फैलाना चाहिए। हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड सभी श्रद्धालुओं से अपील करता है कि इस पावन पर्व पर माँ दुर्गा की आराधना करें और अपनी संस्कृति एवं परंपराओं का पालन करें।


# आईआईटी में कचरे के मूल्यांकन पर सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : देश के विभिन्न हिस्सों के सिविल इंजीनियरिंग विशेषज्ञों ने राजमार्ग निर्माण में औद्योगिक और खदानों के कचरे के मूल्यांकन पर एक दिवसीय तकनीकी सेमिनार के लिए आईआईटी धनबाद में एकत्र हुए। जिसमें निर्माण सामग्री के रूप में औद्योगिक और खदान कचरे के अवसरों और चुनौतियों में नवीनतम सफलताओं का पता लगाया गया। इंडियन जियोटेक्निकल सोसाइटी, धनबाद चैप्टर द्वारा केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान,नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित सेमिनार, जिसका उद्घाटन सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के प्रो. मनोरंजन परिदा ने किया था, में चार प्रमुख संबोधन देखे गए, जिनमें से एक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, प्रमुख जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग और वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीआरआरआई नई दिल्ली द्वारा सड़क निर्माण के लिए औद्योगिक अपशिष्ट सामग्री पर; दूसरा ओडिशा रोड्स एंड फेरोक्रोम स्लैगः ए ग्रीन रिप्लेसमेंट फॉर नेचुरल एग्रीगेट्स पर था। प्रो. सौमिया चावला, एसोसिएट प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी धनबाद ने अपने मुख्य भाषण के दौरान जियोसिंथेटिक्स का उपयोग करके परिवहन अवसंरचना में संभावित भू-सामग्री के रूप में के बारे में बात की।स्मृति सौरव महापात्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी धनबाद ने कम मात्रा में सड़क निर्माण के लिए कोयला खदान ओवरबर्डन सामग्री की व्यवहार्यता की खोजुविषय पर अपना मुख्य भाषण दिया। उद्घाटन भाषण के दौरान, मुख्य अतिथि प्रो. मनोरंजन परिदा ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संगठन, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की एक प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला, और इसकी अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के बारे में बताया।

# कोयला चोरी पर सबकी नजर ओबीआर पत्थर चोरी पर ध्यान नही



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : कोयला चोरी पर सबकी नजर है लेकिन पत्थर की चोरी पर शासन, प्रशासन, बीसीसीएल और सीआईएसएफ किसी का ध्यान नही है। आज मैं आपको लेकर चलता हूं बीसीसीएल एरिया 1 से 4 अंतर्गत बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र के कई थाने क्षेत्र में बीसीसीएल के अधीन कार्य कर रहे आउसोर्सिंग कंपनी द्वारा ओबी पत्थर निकाल कर दुसरे जगहों पर पत्थर संग्रह किए जा रहे। ऐसे में अवैध पत्थर माफिया ट्रैक्टरों के द्वारा पत्थर की चोरी कर रहे हैं।इसके बाद पक्के मकान बन रहे नींव में प्रयोग के लिए ऊंचे कीमत पर पत्थर को बेच मालेमल हो रहे है। बता दे की पत्थर की चोरी षड्यंत्र के कारण हो रहा है।सफेद पोश नेता के पैरवी से क्षेत्र में मंदिर व मस्जिद के नींव बनाने के नाम पर 10 गाड़ी का पासिंग लेकर सैकड़ों ट्रैक्टर ले जाने में सफल हो जाते हैं। जिसके बाद क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में लगने वाले ईट के जगह पत्थर लगाकर योजना को पूरा किया जाता हैं और वहां भी ठेकेदार जो है वह मालेमाल हो रहे हैं. ऐसे में कोई जनप्रतिनिधि भी पत्थर के अवैध कारोबार को लेकर आवाज बुलंद नहीं करते देखे जा रहे हैं। विभागीय सूत्र के अनुसार राजस्व का सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत बीसीसीएल है।कोयले का कम उत्पादन के कारण अपेक्षित रॉयल्टी बीसीसीएल से नहीं मिल रही है। धनबाद खनन विभाग के कुल राजस्व का 80 प्रतिशत कोयला से मिलता है। कोयला में टिस्को एवं सेल की कोयला खदानों का भी योगदान रहता है। अभी हाल के दिनों में हुई कार्रवाई ने खनन विभाग की कार्य संस्कृति पर भी सवाल खड़ा किया है। जिस तरह पत्थर एवं बालू में संगठित रूप से अवैध धंधेबाज काबिज हैं, उनसे यह स्पष्ट हो गया है कि बड़े पैमाने पर राजस्व की चोरी की गई है।टास्क फोर्स की ओर से दर्ज एफआईआर में भी सरकारी राजस्व चोरी की शिकायत की गई है।

## गांधी जयंती के अवसर पर बोकारो में दो सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों की हुई स्थापना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : सहेली सेंटर प्रोजेक्ट के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण कटाई एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की गई। इन केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। केंदाडीह ग्राम में मंजू कटाई एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हुई, जबकि तेलमटिया ग्राम में आरती कटाई एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई। तेलमटिया केंद्र की संचालिका आरती ने सभी उपस्थित रोटरी सदस्यों को यह आश्वासन दिया कि इस केंद्र में करीब 20 ग्रामीण महिलाओं को हर सप्ताह तीन दिन, प्रतिदिन 2 घंटे का नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण उन्हें न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें समाज में एक सशक्त पहचान दिलाने में भी मदद करेगा। इस प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन में रोटेरियन अनिल त्रिपाठी की भूमिका अत्यधिक सराहनीय रही। उन्होंने इस केंद्र की स्थापना से लेकर महिलाओं को प्रेरित करने तक का कार्य बेहतरीन ढंग से किया। उनकी इस समर्पण भावना ने पूरे प्रोजेक्ट को गति प्रदान की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष, रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता, ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हमारी यह पहल केवल शुरूआत है। हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। भविष्य में भी हम मानव कल्याण और समाज सुधार के लिए ऐसे प्रयास करते रहेंगे।

# डीपीएस की प्रधानाध्यापिका डॉ. सरिता समेत दो शिक्षिकाओं को मिला गार्गी मंजू सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो की प्रधानाध्यापिका डॉ. सरिता गंगवार एवं प्राथमिक इकाई की वरीय शिक्षिका पिया रानी सेन को प्रतिष्ठित गार्गी मंजू शिक्षक सम्मान 2024 से नवाजा गया है। रांची के टेंडर हार्ट स्कूल में आयोजित राज्यस्तरीय एक समारोह के दौरान झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन, दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा, केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति बीपी सिन्हा एवं टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी के हाथों शिक्षिकाद्वय सम्मानित की गईं। टेंडर हार्ट स्कूल में संस्थापक गार्गी मंजू की स्मृति में आयोजित उक्त समारोह में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के 110 विद्यालयों के 225 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उन्हें 11 हजार रुपए नकद, स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भारत को विश्वगुरु बनाने में शिक्षकों के योगदान को सर्वोपरि बताया। गुरुवार को अपने विद्यालय के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता करते हुए प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इसी प्रकार शैक्षणिक उत्कृष्टता का सिलसिला आगे भी जारी रखने का संदेश दिया। वहीं, सम्मानित की गईं शिक्षिकाओं ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि इससे उन्हें और बेहतरी के साथ काम करने की प्रेरणा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष विद्यालय की वरीय शिक्षिका फरजाना गजाला नीलू, डॉ. रीमा गुप्ता एवं शिक्षक अमित कुमार सिंह को उक्त प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान शिक्षा के प्रति शिक्षकों के समर्पण, शैक्षिक समुदाय में उत्कृष्टता लाने की दिशा में उनकी प्रभावशाली भूमिका, विद्यार्थियों के समग्र उत्थान एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाने लाने की ओर उनके योगदान के लिए प्रदान किया जाता रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### दीप नारायण सिंह ने रणटांड शिव मंदिर में किया कलश दान



**धनबाद** : गुरुवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने नेरो पंचायत अंतर्गत रणटांड शिव मंदिर में कलश दान किया। कलश दान दीप नारायण सिंह के ओर से यूथ फोर्स के केंद्रीय सचिव सुरज कुमार सिंह एवं जदयू टुंडी विधानसभा चुनाव प्रभारी सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह ने पितल का कलश को विधि - विधान के साथ पुजा - अर्चना कर शिव मंदिर के गुम्बज पर स्थापित किया। इस दौरान विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार से माहोल भक्तिमय हो गया। बताते चलें कि रणटांड में भव्य शिव मंदिर का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर जदयू नेता तारा बाबू, सपन दुबे,प्रदीप कुमार सिंह, आदि उपस्थित रहे।

### राशन वितरण में अनियमितता के खिलाफ पंचायत सचिवालय के समीप विरोध प्रदर्शन




**धनबाद** : निचितपुर पंचायत दो के कार्डधारियों ने गुरुवार को राशन वितरण में अनियमितता के खिलाफ पंचायत सचिवालय के समीप विरोध प्रदर्शन किया। एक दिवसीय धरना दिया गया। आंदोलन पंसदस राधा कुमारी के नेतृत्व में किया गया. कार्डधारियों ने महालक्ष्मी स्वयं सहायता समूह तथा जनवितरण प्रणाली संचालन कर्ता उषा देवी के खिलाफ कई माह से राशन नहीं देने तथा कम राशन,दाल चीनी गेहुं नहीं देने का आरोप लगाया है।

### वासेपुर में दहशत, गैंगस्टरों ने आधा दर्जन कारोबारियों को जारी किया पर्चा



**धनबाद** : जमीन कारोबारी शहाबुद्दीन सिद्दीकी की हत्या के बाद वासेपुर में एक बार फिर दहशत का माहौल है। पूरे इलाके में इस की भी चर्चा है कि शहाबुद्दीन के अलावा भी आधा दर्जन कारोबारियों के नाम का पर्चा गैंगस्टरों ने जारी किया है यह खबर फैलने के बाद से वासेपुर में डर का माहौल है। इस बीच बुधवार की शाम शहाबुद्दीन के शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में काफी भीड़ थी। अनहोनी की आशंका को देखते हुए वासेपुर और पांडरपाला में काफी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। पुलिस बलों की तैनाती के बीच ही शहाबुद्दीन का अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि पांडरपाला निवासी जमीन कारोबारी शहाबुद्दीन की मंगलवार को नवाडीह स्थित कार्यालय के सामने गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। बताया गया कि करीब दो सालों से उसे गैंगस्टरों की तरफ रंगदारी मांगी जा रही थी और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस से मामले की शिकायत के बाद उसे बाडीगार्ड भी दिया गया था, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। इस हत्याकांड को भी गैंगस्टर प्रिंस खान से जोड़कर देखा जा रहा है। चर्चे में ये भी है कि गैंगस्टरों द्वारा यहां के करीब एक दर्जन कारोबारियों को धमकी दी गई थी। धमकी के बाद शहादुद्दीन की हत्या ने कारोबारियों को डरा दिया है। कारोबारी अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। शहाबुद्दीन की हत्या के बाद भतीजे और चालक सद्दाम के बयान पर धनबाद थाने में अज्ञात शूटरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। सद्दाम ने पुलिस को बताया कि वे लोग पहले बैंक ऑफ इंडिया की झरिया गए थे। इसके बाद कंपनी कार्यालय नवाडीह पहुंचे। चाचा गाड़ी से उतरे और पीछे की सीट से डायरी लेने गए। तभी अपाची बाइक पर सवार तीन युवकों में से एक ने कमर से पिस्टल निकाल कर उनके सिर पर गोली मार दी। शूटर काला टी शर्ट और जींस पहने था, उसके साथ पीछे बैठा अन्य युवक भी बाइक से उतर गया।

### आरपीएफ बोकारो ने बिहार की नाबालिग लड़की को किया रेस्क्यू



**बोकारो** : ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने बोकारो रेलवे स्टेशन से बिहार के सहरसा जिला अंतर्गत रंगीनिया निवासी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया। नाबालिग को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर वन से पकड़ा। आरपीएफ एसआई मीना कुमारी, एलसी पुष्पा कुमारी एवं सुप्रिया विश्वास, मेरी सहेली टीम, सीपीडीएस तथा सीआईबी के सदस्य की सतर्कता से लड़की को रेस्क्यू किया जा सका। बताया जाता है कि आरपीएफ सहित अन्य टीम प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर मौजूद थी। जब प्लेटफार्म नंबर एक पर टीकेवी छोड़ के पास पैनल पर संदिध तरीके से उक्त बच्ची को टहलते हुए देखा गया। जब बच्ची से पूछताछ की गई तो। लड़की ने सारी कहानी सुना डाली। उसने बताया कि घरवालों के जानकारी दिए बगैर वह अपने घर से भाग गई है तथा उसके पास यात्रा टिकट या कोई यात्रा प्राधिकरण भी नहीं है और भटकते हुए यहां पहुंची है आरपीएफ ने लड़की को रेलवे चाइल्ड लाइन को सौप दिया।

## एक नजर

### सतबरवा में माही टीवीएस मोटर साइकिल का शो रूम खुला

**सतबरवा (पलामू) :** रांची – मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सतबरवा में माही टीवीएस मोटर साइकिल शो रूम का उद्घाटन झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अमन कुमार ने फीता काट कर किया। प्रबंधन अमन कुमार ने कहा कि सतबरवा जैसे जगह में मोटरसाइकिल का शो रूम खुलना बेहद खुशी की बात है। अब अपने गांव में मोटरसाइकिल खरीदने की सहुलियत मिल गई। उद्घाटन के मौके पर उपेंद्र प्रसाद ने एक मोटरसाइकिल खरीदी ,जिसे बैंक प्रबंधक अमन कुमार ने चाभी सौंपा। प्रोपराइटर सुरेश प्रसाद ने कहा कि यहां पर आसान किस्तों पर मोटरसाइकिल खरीदने की सुविधा उपलब्ध है।

### छः मोहान चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**मेदिनीनगर (पलामू) :** छः मोहान चौक पर सघन जॉच अभियान चलाया गया चार पहिया वाहन एवं दोपहिया का जांच किया गया जिसमें दो पहिया वाहन के कुछ गाड़ियो के चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड थे और कुछ बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे । जिनके वहान को जप्त कर सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया है। जिसमे 14 वाहन मोटरसाइकिल गाड़ीयो को सीजीएम कार्यालय डाल्टनगंज चालान फाइन हेतु भेजा गया है । एवं 01 मोटरसाइकिल चालक तथा 01 ई रिक्शा सवारी गाड़ी के चालक शराब पीकर अपना-अपना वाहन चला रहे थे जिनके वहां को जप्त कर परिवहन कार्यालय डाल्टनगंज चालान फाइन हेतु भेजा गया है ।

### दिलीप सिंह नामधारी डाल्टनगंज से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे

**मेदिनीनगर (पलामू) :** गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में दिलीप सिंह नामधारी ने वरिष्ठ साथियों एवं कार्यकताओं के साथ डालटनगंज भंडरिया विधानसभा चुनाव से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श हेतु बैठक आयोजित किया। बैठक में बैठक में कार्यकर्ता ने निर्णय लिया के दिलीप सिंह नामधारी डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा से चुनाव लडेंगे। इसपर श्री नामधारी ने जनता के निर्णय को स्वीकार किया और चुनाव लड़ने पर सहमति जताई। मालूम हो कि दिलीप सिंह 2009 में भाजपा से चुनाव लड़े थे। के एन त्रिपाठी ने लगभग चार हजार मतों से हराया था। दूसरी बार 2014 में निर्दलीय लड़े थे। उन्हें 19000 वोट मिला था। दिलीप सिंह नामधारी के पिता इंदर सिंह नामधारी चार,पांच बार विधायक और एक बार चतरा से सांसद बने थे।

### कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हुई पूजा

**बोकारो :** शारदीय नवरात्र दुर्गा का आज पहला दिन कलश स्थापना सार्वजनिक सेक्टर 2 दुर्गा पूजा समिति ने किया जल यात्रा कर कलश स्थापना की पुजारी ने बताया कि जल यात्रा कर कलश का स्थापना किया जाता है और आज पहला दिन माँ शैलपुत्री डोली में आ रही है जो विधिवत पूजा किया जाता है वही मिला के अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि कलश स्थापना किया गया भव्य मेला का आयोजन भी किया जाना है सुरक्षा के दृष्टिकोण से पहले के अपेक्षा अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे अधिक वॉलिंटियर और जिला प्रशासन के सहयोग से मेला आयोजन हो रहा है मेला का मुख्य आकर्षण का केंद्र मीना बाजार झूला सजावट की लाइट माता का मूर्ति पंडाल देखने योग्य है। मौके पर संदीप सिंह, पिंटू सिंह, पप्पू यादव, मनोज यादव ,अनूप कुमार, अभय सिंह, गुड्डू सिंह, अभिषेक कुमार, अजय मंडल, विकास कुमार, धर्मेंद्र पांडे एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा की हुई शुरुआत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर और आस पास के क्षेत्रों में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र गुरुवार से आरंभ हो गया। चैनपुर दुर्गा मंदिर परिसर से पुरोहित विश्वनाथ पाठक के वैदिक मंत्रोचार एवं गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाला गई। कलश यात्रा सुबह 8 बजे निकाली गई। इसमें माताएं बहने अपने सर पर 201 कलश रख कर मंदिर प्रांगण से निकलकर मुख्य मार्ग से होता हुए चल रही थीं। सफी नदी से जल लेकर कलश यात्रा पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हो गई। नवरात्र के पहले दिन विभिन्न पूजा स्थलों और घरों में शक्ति के अराधकों ने शारदीय नवरात्र का कलश स्थापना की और श्री दुर्गा सप्तशति का पाठ आरंभ किया। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। लोक मान्यता है कि माता शैलपुत्री की उपासना से मानव में आध्यात्मिक जागरूकता का संचार होता है। अराधक श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी कलश स्थापना कराया और शारदीय नवरात्र का संकल्प लेकर पवित्रता, आस्था और भक्ति से मां दुर्गा का पाठ आरंभ किया। शक्ति की देवी की भक्ति से चैनपुर का माहौल भक्तिमय हो गया है। इधर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज साहू ने समस्त ग्राम वासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। साथी उन्होंने बताया कि षष्ठी एवं सप्तमी को नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है वही अष्टमी को महिलाओं का गरबा कार्यक्रम रखा गया है। साथियों उन्होंने बताया कि नवमी को रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का आयोजन किया गया है जिसमें रांची के एक से बढ़कर एक कलाकार लोगों को रिझाने के लिए चैनपुर पहुंचेंगे।

### कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हुई मां दुर्गा की आराधना



**सिल्ली :** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक सिल्ली कमेटी की ओर से गुरुवार के दिन महिलाओं द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के शुभारंभ से पहले सुबह 7 बजे स्वर्णखा नदी के पावन तट से कलश यात्रा हर्षोउल्लास के साथ निकाली गई। पावन तट पर पंडित अजय बनर्जी के द्वारा पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। उपरोहित के द्वारा बताया गया की कलश यात्रा में शामिल होने से घर में सुख समृद्धि आती है। कलश को मातृशक्ति, त्रिदेव, त्रिगुणात्मक शक्ति का प्रतीक माना जाता है। कलश यात्रा नदी से चलकर हिंडालको, झारखंड मोड़ होते हुए सिल्ली पहुंची। शोभायात्रा में महिलाओं के साथ बच्चे, युवा और बुजुर्ग उत्साह पूर्वक शामिल थे एवं सभी ने एक साथ जयकारा लगाते हुए पंक्तिबद्ध तरीके से चल रहे थे। कलश यात्रा भव्य और सभ्य ढंग से संपन्न हो इसकी निगरानी कमेटी के सदस्यों द्वारा की जा रही थी।

## शारदीय नवरात्र के पहले दिन कंडा एवं इटको में निकाली गयी कलश यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नावाबाजार (पलामू) :** दुर्गा पूजा महोत्सव के लेकर शारदीय नवरात्र के पहला दिन कंडा युवा छात्र संघ एवं इटको पंचमुखी मंदिर से पुजा समिति के द्वारा बाजे गाजे के साथ भव्य क्लस यात्रा निकाली गई । वहीं कंडा कलश यात्रा में मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव बसपा प्रखंड अध्यक्ष ममताज साह, सचिव योगेंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य यजमान सुनीता देवी को प्रथम कलश देकर क्लश यात्रा को बाना संगम तट के लिए रवाना किया गया। वही कलश यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को सहेली सिंगार प्रोपराइटर कंचन प्रसाद गुप्ता के द्वारा जय माता दी की पट्टी वितरण किया गया । कलश यात्रा में गाजें, बाजे, ढोल नगाड़ा के साथ यात्रा निकाली गई । वही यात्रा में शोभा बढ़ा रहे कमेटी के संरक्षक शंकर दयाल शर्मा, अध्यक्ष दीपक प्रजापति, काशी नरेश विश्वकर्मा,अरुण शर्मा, अक्षय प्रजापति, विरेंद्र मेहता के नेतृत्व मे 101कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा एन एच 98 होते हुए बाना नदी संगम तट पर पहुंची, जहां पुजारी राजीव मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ जल भर कर पुनः देवी एवं महावीर मंदिर प्रांगण में स्थापित कर पूजा प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अलावा इटको पंचमुखी मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गई जो थाना समिप खुंटी सोत संगम तट से जल भरकर पुनः मंदिर प्रांगण में कलश रखकर पुजा प्रारंभ कर दिया गया है जुलूस के दौरान जय माता की, जय दुर्गे के जयघोष से क्षेत्र गूंज रहा था । वही कलस यात्रा के दौरान कंडा में साजन विश्वकर्मा के नेतृत्व में नव दुर्गा स्वरूप छोटे-छोटे बच्चियां को दुर्गा के स्वरूप में झांकी तैयार किया और यात्रा में सभी शामिल रहे जो नव दुर्गा के स्वरूप आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## विधायक ने चार योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया प्रखंड क्षेत्र के राजदहधाम स्थित उत्तरवाहिनी बराकर नदी पर 15 करोड,उर्रो बराकर नदी पर 9 करोड़ व मोकामो जोभिया नाला तथा धोवारी नदी पर 4 करोड़ 68 लाख की लागत पुल का निर्माण होगा। इन चारों योजनाओं का शिलान्यास बगोदर बिधायक विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को शिलापट्ट का अनावरण कर किया । इस दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए बिधायक ने कहा कि हम लगातार विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का काम कर रहें है । हमने अपने कार्यकाल में हरसंभव प्रयास किया कि बगोदर विधानसभा के हर गांव को पक्की सडक से जोडा जाय । इसी के तहत सडक ,पुल-पुलिया के कार्य लगातार कर रहें हैं । शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार काम हो रहा है । इसके बावजूद विपक्ष के लोग आपको बरगलाने का काम करेंगे लेकिन आप उनके झांसे में नहीं आइएगा और आनेवाले विधानसभा चुनाव में फिर एक बार हमें मौका दीजिएगा तो हम विकास की गति को रुकने नहीं देंगे । राजदहधाम पर बननेवाले पुल से दलांगी, कपिलो,चौबे क्षेत्र के लोगों का राजदहधाम व सरिया तक आवागमन सुगम होगा । इसी तरह उर्रो घाट पर पुल बनने से बिरनी प्रखंड के हरदिया, कर्री समेत दर्जनों गांव के लोग बिना किसी परेशानी के सरिया अनुमंडल कार्यालय व अनुमंडलीय अस्पताल आ जा सकेंगे। धोवारी व मोकामो जोभिया नाला पर बननेवाले पुल से भी क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। मौके पर बिधायक विनोद कुमार सिंह, बिरनी प्रमुख रामू बैठा, सुदामा राम, केदार मंडल, हीरालाल मिर्धा, सुरेश भारती, राजकुमार बर्मा, रामबिलास पासवान, मोईन अंसारी, परमेश्वर महतो, अनवर अन्सारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## मुसलिम ओहदेदारों ने वक्फ संसोधन बिल को किया खारिज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** ओरमांझी इरबा तहफ्फुज ए औकाफ कान्फ्रेंस में मुसलमानों ने पूरी तरह से वक्फ संसोधन बिल 2024 का बायकाट किया। एक आवाज में मुसलमानों ने इस बिल को रद्द करने की मांग की दी। अमीर ए शरीयत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी सेक्रेटरी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व सज्जादा नशीं खानकाह रहमानी मुंगेर की अध्यक्षता में झारखंड के मुसलमानों ने शिरकत कर वक्फ संसोधन बिल 2024 को रद्द करने तक संघर्ष करने का ऐलान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमीर ए शरीयत ने कहा कि इस बिल को पूरी तरह हम खारिज करते हैं।यह बिल मुसलमानों के लिए कहीं से भी सही नही है। अमीर ए शरीयत हजरत मौलाना फैसल वली रहमानी ने कहा कि वक्फ बिल के हम सब पुरजोर विरोध करते है। ये बिल फंडामेंटल राइट्स के खिलाफ है। कोई भी कानून प्रॉबलम को हल करने के लिए बनाई जाती है, लेकिन यह बिल वक्फ की जमीन अधिग्रहण लिए है। आखिर में अमीर ए शरीयत ने कहा कि जल्द ही झारखंड में रहमानी 30 सेंटर खोलेगा। अमीर ए शरीयत ने अपने कम वक्त में बहुत ही महत्वपूर्ण बातें की और मुसलमानों को वक्फ संसोधन बिल 2024 की कुछ खास बातें भी बताई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शहाब आर्यन ने की। जबकि कार्यक्रम की शुरूआत कारी जान मोहम्मद की तिलावत ए कुरान से की गई। कांफ्रेंस के कनवीनर सह कांग्रेस लीडर अनवार अंसारी ने अपने स्वागतीय भाषण में आए हुए तमाम लोगो का स्वागत किया और कहा कि केंद्र सरकार मुसलमानो के मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार को छीनना चाहती है। इस बिल में कई ऐसे धाराएं है जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है।

## नवरात्र पर जरूरतमंदों को नये कपड़े और राशन का वितरण किया जाएगा : शौकत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** दस साल में दस लाख से अधिक गरीबों को मदद करने वाले गढ़वा का अनेक निःशुल्क बैंक में गरीब असहाय जरुरतमंद लोगों के लिए भी आज से ऑफर शुरू हो गया है अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने बताया कि अमीरों कि तरह गरीबों के घरों में भी मनेगी खुशियों भरी नवरात्र क्योंकि डाल्टेनगंज पलामू के लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉ अनवर नेजाम साहब डॉ राहत नेजाम जी के सौजन्य से गरीबों के लिए आया है ढ़ेर सारा उपहार इसलिए आज से हर वर्ष कि तरह इस वर्ष नवरात्र के पावन पर्व पर जरुरतमंदों के बिच प्रतिदिन बांटी जाएगी नये नये कपड़े लेडिज जेन्ट्स एवं बच्चों के लिए भी हर साइज हर उम्र के लोगों में इसके साथ साथ गरीबों के घरों में अच्छी अच्छी पकवान बनाने के लिए पर्व स्पेशल राशन किट भी दिया जाएगा ताकि अमीरी-गरीबी का भेदभाव मिटाते हुए हम सब खुशियों कि रंग में रंगकर नवरात्र कि खुशियां बना सकें और इसके साथ शौकत खान ने अपनी ओर से भी गरीबों के लिए नवरात्र ढ़ेर सारी तैयारियां कर रखा है और उन्होंने कहा कि नवरात्र पर दस दिन गरीब असहाय जरुरतमंद लोग हमारे कपड़ा बैंक से अपनी जरूरत कि जो भी चिजे मांगेगी हम वो चिजे खरिदकर उन्हें मिनटों में उपलब्ध कराएंगे शौकत खान ने धरती के रियल भगवान कहें जाने वाले डॉक्टर में से एक डॉ अनवर नेजाम जी डॉ राहत नेजाम जी को नवरात्र पर गरीबों को ओर से आभार व्यक्त किया है। दस साल में दस लाख से अधिक गरीबों को मदद करने वाले गढ़वा का अनेक निःशुल्क बैंक में गरीब असहाय जरुरतमंद लोगों के लिए भी आज से ऑफर शुरू हो गया है।

## जिला में कांग्रेस के 'जनसंवाद अभियान' की शुरुआत आज से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश के आलोक में पलामू जिला में कांग्रेस के 'जनसंवाद अभियान' की शुरूआत चार अक्टूबर से होगी। चार अक्टूबर को डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सतबरवा से 'जनसंवाद अभियान' की शुरूआत होगी। जिसमें राज्य के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव मुख्य रुप से मौजूद रहेंगे। उक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार-वार्ता में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में 'जनसंवाद अभियान' चलेगा। जिसकी शुरूआत चार अक्टूबर को डालटनगंज विधानसभा से होगी। पांच अक्टूबर को विश्रााामपुर विधानसभा क्षेत्र में विश्रामपुर से नावा तक तो छह अक्टूबर को पांकी विधानसभा क्षेत्र में लेस्लीगंज से पांकी तक 'जनसंवाद अभियान' चलेगा। इस अभियान के तहत कांग्रेसी कार्यकर्ता गांव-गांव व घर-घर जाकर मतदाताओं को कांग्रेस समर्थित झारखंड सरकार की जनकल्याणी योजनाओं की जानकारी देंगे। इसमें सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, अबुआ आवास योजना आदि शामिल है। इसके साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की विफलताओं से अवगत कराएंगे कि कैसे तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद महंगाई बढ़ी है। सरसो तेल से लेकर रिफाईन, दलहन, मसालों, चावल, गेहूं से लेकर आटा आदि की कीमतों में 10- 50 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। उससे कैसे आम अवाम प्रभावित है, को बताने का कार्य करेंगी। लोगों को प्रेरित किया जाएगा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में आइएनडीए गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का कार्य करें अन्यथा भाजपा की सरकार आने पर जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर हाथी को फिर से उड़ाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मौके पर प्रमुख रूप से जितेंद्र कमलापुरी शैलेश चंद्रवंशी सत्येंद्र सिंह अनिल सिंह प्रखंड अध्यक्ष सुनील दुबे रविंद्र तिवारी प्रमोद यादव अयूब अंसारी गुड्डु शुक्ला रिंकू सिंह मीर खुर्शीद सच्चिदानंद शुक्ला पिंटू सिंह खुर्शीद आलम छोटू सिंह सच्चिदानंद मिश्रा इत्यादि लोग उपस्थित थे।


## संक्षिप्त खबरें

### रेयाज अंसारी के घर से सोना का झुमका और 42000 नकद की हुई चोरी



**अनगड़ा :** रांची जिला अनगडा प्रखंड अंतर्गत हेसल गांव में 2 अक्टूबर रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया जिस तरह से चोरो ने गेट को तोड़ फोड़ किया है इससे पता चलता है कि घटना को अंजाम देने में दो से तीन लोग शामिल रहे होंगे घर मालिक रेयाज अंसारी ने बताया की हमारा तबीयत खराब था चेकअप के लिए रांची गए थे रात ससुराल में रुक गए जब सुबह हमारा भाई फोन किया कि घर में चोरी हो गया है जब मै वापस आय तो देखा सरा सामान बिखरा पड़ा था गोदरेज का लॉकर तोड़ कर सोना का झुमका कैस पैशा 42000 रुपए चोरी किया गया बता दें कि हेसल रिंग रोड और गोंदली पोखर क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटना इन दिनों ज्यादा हो रही है।

### विधायक की पहल से बैजनाथ टाटा गांव में बिजली का नया ट्रांसफार्मर लगा



**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अंगड़ा प्रखंड बैजनाथ टाटा गांव में विगत कई दिनों से 100 के बी ए बिजली का ट्रांसफार्मर खराब था ग्रामीणों इसकी जानकारी स्थानीय विधायक राजेश कच्छप को दिया गया विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग को आदेश किया ओर चार दिनों मे नया ट्रांसफार्मर गांव में में लगाया और ग्रामीणों में खुशी की लहर मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा कृष्णा मुंडा बेनिलाल महतो केशव महतो लक्ष्मण महतो आदि शामिल थे

### गूंगा नाला पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास आज



**अनगड़ा :** अनगड़ा में वर्षो पुरानी मांग को को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अथक प्रयास एवं अनुशंसा से अनगड़ा प्रखण्ड में झारखण्ड सरकार के पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा स्वीकृत अनगड़ा -हाहे-राहे पथ के 5वें कि.मी. में अवस्थित गुंगा नाला पर उच्चस्तरीय सेतु का निर्माण कार्य (लम्बाई 1.077 कि.मी., लागत रु. 112.11 करोड़) का शिलान्यास श्री हेमन्त सोरेन जी माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के द्वारा आनलाइन एवं श्री राजेश कच्छप जी माननीय विधायक खिजरी विधानसभा क्षेत्र के द्वारा भूमि पूजन एवं क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों के गरिमामय उपस्थिति में समय 02:00 बजे किया जाना है।

### बनी सहमति, टोल प्लाजा में स्थानीय निजी वाहनो को नहीं देना होगा टोल टैक्स



**अनगड़ा :** टॉल प्लाज हेसल में विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों और टॉल प्लाजा के प्रबंधक और अधिकारियों के बीच गुरुवार की सुबह नौ बजे से वार्ता हुई । प्रतिनिथियों ने 20 किलोमीटर की परिधि में चलने वाले स्थानीय लोगों के निजी वाहनों को टॉल शुल्क फ्री करने तथा रिंग रोड परियोजना में जमीन अधिग्रहण से विस्थापित बेरोजगार लोगों को नौकरी देने की मांग रखी , इस पर प्रबंधन ने 20 किलो मीटर की परिधि वाले स्थानीय निजी वाहनों का टॉल शुल्क फ्री करने पर राजी हो हुए। साथ हीं 20 लोगों को नौकरी देने पर भी सहमति हुआ । स्थानीय वाहन एक नम्बर और सोलह नम्बर लाईन से गुजरने पर आधार कार्ड दिखा कर बिना टॉल टैक्स के टॉल पार कर सकतें हैं आरसी बूक और आधार कार्ड का जेरोक्स प्रबंधन के पास जमा करने पर प्रबंधन अपने सिस्टम पर वाहन का आरसी नम्बर एक्टीवेट कर देगा जिससे टॉल प्लाजा के किसी लाईन से गुजरने पर फास्ट टैग से पैसा नहीं कटेगा । मालुम हो कि उक्त मांगो के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने पिछले दो दिनों से धरना प्रदर्शन किए थे। इस पर विधायक राजेश कच्छप ने भी पहल किए थे। वार्ता में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पहान प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा समाज सेवी मुस्तफा अन्सारी विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा समाजसेवी डॉ रिझू नायक भाजपा युवा मोर्चा के राजेन्द्र मुन्डा सिकन्दर अन्सारी साकीर अन्सारी जलनाथ चौधरी मार्शल महतो कोसूरज नारायण महतो फलिंदर करमाली महतो पंसस शीला देवी उप मुखिया देवराज पहान रब्बानी राज पंसस मदरा मुन्डा अतीश महतो सुनील महतो सुधांसु महतो सूरज महतो अब्दुल इमाम अन्सारी इब्राहीम अन्सारी दुर्गा महतो भाज्यपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहु रामशाय मुंडा दुर्गा महतो जितवाहन महतो रमसाय मुन्डा सहित सैकड़ लोग शामिल थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की बैठक आज

**सिल्ली :** झामुमो सिल्ली प्रखंड समिति की एक आवश्यक बैठक आज शुक्रवार के दिन दोपहर 12 बजे से दृश्य श्रव्य केंद्र रामडेरा में रखी गई है। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव संबंधी विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली प्रभारी रामानंद बेदिया, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंजू महतो, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष फलाहारी महतो, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। झामुमो सिल्ली प्रखंड समिति ने प्रखंड के सभी पदाधिकारी, पंचायत के पदाधिकारी एवं प्रखंड के सभी सक्रिय कार्यकताओं से अपील किया है कि बैठक में आवश्यक रूप से सम्मिलित हो ताकि बैठक को सफल बनाया जा सके। उक्त जानकारी सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो ने जानकारी दी।

# शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर



प्रहलाद सबनानी

भारत को एशिया का तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बताया गया है परंतु वस्तुतः भारत अब एशिया का ही नहीं बल्कि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बन गया है क्योंकि इस सूची में एशिया के बाहर से अमेरिका को भी एशिया में पहिले स्थान पर बताया गया है। एक अन्य अमेरिकी थिंक टैंक का आंकलन है कि भारत यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो इस शताब्दी के अंत तक भारत, चीन एवं अमेरिका को भी पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक शक्तिशाली देश बन जाएगा।



आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। 'एशिया पावर इंडेक्स 2024' नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है।

एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्षम विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है।

उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर 'क्वाड' के सदस्य देश हैं - अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ौसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है।

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं। भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है।

दक्षिण एशिया के देशों में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है इसलिए भारत का पूरा ध्यान इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम कर अपने प्रभाव को बढ़ाना है। इसी मुख्य कारण से शायद भारत दक्षिण एशिया के देशों पर अधिक ध्यान देता दिखाई दे रहा है। जिसका आशय उक्त प्रतिवेदन में यह लिया गया है कि विश्व के अन्य देशों को सहायता करने की भारत की क्षमता तो अधिक है परंतु अभी उसका उपयोग भारत नहीं कर पा रहा है। हिंद महासागर पर भारत का ध्यान अधिक है और क्वाड के सदस्य देश मिलकर भारत की इस दृष्टि से सहायता भी कर रहे हैं। दक्षिण एशियाई देशों के अलावा विश्व के अन्य देशों की मदद करने के संदर्भ में भारत ने हालांकि अभी हाल ही के समय में बढ़त तो बनाई है परंतु अभी और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में आगे बढ़ने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं।

उक्त प्रतिवेदन में भारत को एशिया को तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बताया गया है परंतु वस्तुतः भारत अब एशिया का ही नहीं बल्कि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बन गया है क्योंकि इस सूची में एशिया के बाहर से अमेरिका को भी एशिया में पहिले स्थान पर बताया गया है। एक अन्य अमेरिकी थिंक टैंक का आंकलन है कि भारत यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो इस शताब्दी के अंत तक भारत, चीन एवं अमेरिका को भी पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक शक्तिशाली देश बन जाएगा।

## संपादकीय

# संकट में पश्चिम एशिया

इस्राइल पर ईरान की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों से हमलों से पश्चिम एशिया में युद्ध का संकट गहरा गया है। इस्राइल और छापामार संगठन हमास एवं हिजबुल्लाह के बीच का संघर्ष तो सीमित दायरे में होने वाली उथल-पुथल थी लेकिन संघर्ष में ईरान के शामिल होने के बाद क्या होगा, इसका आकलन जाने-माने युद्ध विश्लेषक भी नहीं कर पा रहे हैं। ईरान ने कहा है कि हमला हमास प्रमुख इस्माइल हानिया और हिजबुल्लाह चीफ नरोल्लाह की मौत का बदला है। सुनिश्चित है कि इस्राइल प्रतिक्रियास्वरूप ज्यादा मारक हमला ईरान पर करेगा। अमेरिका ने इस्राइल की मदद करने की घोषणा कर दी है। फिलिस्तीन में जब संघर्ष शुरू हुआ था तो परमाणु विशेषज्ञों ने संभावना व्यक्त की थी कि ईरान कुछ ही सप्ताह के अंदर परमाणु बम बना सकता है। पिछले एक वर्ष के दौरान ईरान का परमाणु कार्यक्रम कहां तक पहुंचा है, इस बारे में कयास ही लगाया जा सकता है। पश्चिम एशिया के संघर्ष में परमाणु हथियारों का आयाम जुड़.जाने से विश्व मानवता के सामने अभूतपूर्व संकट पैदा हो गया है। ईरान ने जैसे तेवर अपनाए हैं, उसे देखते हुए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि उसके पास सीमित संख्या में परमाणु बम हों। युद्ध भयावह रूप लेता है तो इस्राइल टैक्टीकल परमाणु बम (सीमित विध्वंस क्षमता) का उपयोग कर सकता है। ऐसा उस समय होगा जब इस्राइल परंपरागत हथियारों से अपनी रक्षा करने में स्वयं को कमजोर महसूस करे। ईरान के पास परमाणु बम है तो इन्हीं हालात में इस्राइल के खिलाफ उनका इस्तेमाल करेगा। पश्चिम एशिया के अनेक देशों में अमेरिका के सैनिक अड्डे. हैं जिनका उपयोग इस्राइल की मदद के लिए किया जाएगा। ऐसे में अमेरिकी अड्डे.ईरान के लिए माकूल निशाना बन सकते हैं। दूसरी ओर, रूस और चीन कभी नहीं चाहेंगे कि ईरान की भारी पराजय हो। वे सीधे रूप से युद्ध में शामिल होते हैं या नहीं, यह बहुत कुछ हालात पर निर्भर करता है। भारत के लिए भी पश्चिम एशिया का संकट नई आर्थिक चुनौती पेश कर सकता है। आने वाले दिनों में कच्चे तेल का अंतरराष्ट्रीय मूल्य कितना ऊपर जाता है, यह विश्व अर्थव्यवस्था की बहाली के लिए निर्णायक होगा। रूस के खिलाफ यदि प्रतिबंध जारी रहा और पश्चिम एशिया से तेल आपूर्ति बाधित हुई तो जापान और यूरोप के देशों की अर्थव्यवस्था की कमर टूट सकती है। भारत के लिए राहत की बात यह है कि रूस एक विश्वसनीय ऊर्जा प्रदाता देश है, जो आड़े.समय में उसके काम आएगा।

## चिंतन-मनन

# जीवन में विचार की आवश्यकता

कुटिल एवं असत्य विचार से मुक्ति का सरल उपाय सुविचार की भावना दृढ़ करना है। शांतिदायक सुविचार की गंगा प्रवाहित करने पर ही हम मानसिक दुर्बलता से मुक्त हो सकते हैं। प्रत्येक विचार अंतःकरण में एक मानसिक मार्ग का निर्माण करता है। हमारी समस्त आदतें ऐसे ही मानसिक मार्ग हैं, जो लगातार एक ही प्रकार के चिंतन मनन से विनिर्मित हुए हैं। तुम मनः प्रदेश में उत्तम रचनात्मक विचार ही प्रवेश करने दो। उत्कृष्ट विचारों को ही मन मस्तिष्क पर अंकित करो। जो प्रेम, ईश्वर , नीति के विरोधी विचार हों, उन्हें निकाल फेंको। जब तुम्हारे विचारों का केन्द्र भगवान, अल्लाह, ईश्वर होंगे, तो सुनिश्चित दिशाओं में ही हृदय का विकास होगा। संसार के महापुरुषों ने जो अद्भुत कार्य किये हैं, विचार कला मर्मज्ञ के लिए उन कार्य का संपादन कदापि दुष्कर नहीं है। विचार करो कि तुम किस तत्त्व में, किस बात में, किस दशा में पिछड़ रहे हो? तुम्हारे मार्ग में कौन-कौन बाधाएं हैं? तुम गीली मिट्टी के नष्ट हो जाने वाले पुतले के सदृश, केवल देह नहीं हो। तुम अमर आत्मा हो। तुम सत्य, स्वतंत्र, शिव, कल्याण, बलवान, आनंदमय, निर्दोष, स्वच्छ और पवित्र हो। तुम्हें ज्ञात होना चाहिए कि शक्ति ही जीवन है, शक्ति ही धर्म है। परमेर इस शक्ति का पुंज है। तुम परमेर के राजकुमार हो। अतएव तुम्हारी पैतृक सम्पत्ति शक्ति ही है। शक्ति तुम्हारे अंतर तथा बाह्य अंगों में पूर्णतः व्याप्त है। तुम्हारे रोम-रोम में संचार कर रही है। तुम्हारे नेत्रों में उसी शक्ति का प्रकाश है। अनंत शक्ति का विशाल समुद्र तुम्हारे पीछे है। निर्बलता, निराशा, भय तथा चिंता के संशयदायक विचार हृदय मंदिर से निकाल शक्ति के विचारों में लीन हो जाओ। परमेर ने सबको समान शक्तियां प्रदान की हैं। ईश्वर , अल्लाह के यहां अन्याय नहीं है। कितनी ही शक्तियों से कार्य न लेकर तुम उन्हें पुंठित कर डालते हो। अन्य व्यक्ति उसी शक्ति को किसी विशेष दिशा में मोड़कर उसे अधिक परिपुष्ट एवं विकसित कर लेते हैं।

# मध्यप्रदेश और केंद्र के बीच समन्वयक की भूमिका में होंगे अनुराग जैन

कृष्णमोहन झा

मध्यप्रदेश के वरिष्ठतम आय ए एस अधिकारी अनुराग जैन ने राज्य के 35 वें मुख्यसचिव के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। अपनी नवीन पदस्थापना के पूर्व वे पिछले चार वर्षों से केंद्र सरकार के अंतर्गत सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में प्रतिनिधि सचिव के रूप अपनी सेवाएं दे रहे थे। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने अनुराग जैन को मुख्य सचिव मनोनीत किए जाने में विशेष भूमिका निभाई। कुछ दिन पूर्व जब उन्होंने नई दिल्ली में अनुराग जैन से मुलाकात की थी तभी ये चचाएं शुरू हो गई थीं कि वे अनुराग जैन को मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव के रूप में केंद्र से वापस भोपाल लाना चाहते हैं। यहां यह भी गौरतलब है कि मुख्य सचिव पद के लिए डा राजेश राजौरा और एस एन मिश्र के नाम भी चर्चा में थे परन्तु मुख्यमंत्री ने अनुराग जैन की वरीयता को ध्यान में रखते हुए उन्हें मुख्यसचिव की कुर्सी सौंपने का जो फैसला किया उसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। 1989 बैच के आय ए एस अधिकारी अनुराग जैन अगस्त 2025 तक मुख्य सचिव के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। उनके पूर्व इस पद पर कार्यरत वीरा राणा का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो गया। उन्हें सरकार ने दो बार 6-6 माह का एक्सटेंशन दिया था।वीरा राणा को पहले प्रभारी मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था।बाद में उन्हें पूर्णकालिक मुख्य सचिव बना दिया गया।

राज्य के नये मुख्य सचिव का अकादमिक रिकॉर्ड शानदार रहा है। मूलतः ग्वालियर निवासी अनुराग जैन ने 1986 में आई आई टी खड़गपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी टेक की उपाधि अर्जित करने के पश्चात अमेरिका के मैक्सवेल इंस्टीट्यूट से लोक प्रशासन में एम ए किया। अनुराग जैन की उपलब्धियों के खाते में खेल कूद के क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार दर्ज हैं।वे राष्ट्रीय स्तर के टेनिस खिलाड़ी रह चुके हैं। टेबिल टेनिस की अनेक प्रतिष्ठित स्पधाओं में 11 मेडल जीत चुके हैं। यही नहीं क्रिकेट में उन्होंने ख्याति अर्जित की है और उन्हें अतीत में मध्यप्रदेश की क्रिकेट टीम का सदस्य होने का गौरव मिल चुका है। अनुराग जैन की विशिष्ट कार्य शैली, अद्भुत कार्यक्षमता ने उन्हें मध्यप्रदेश के हर मुख्यमंत्री का चहेता बना दिया था। भाजपा शासन काल मेंवे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के विश्वास पात्र सचिव रहे तो कांग्रेस सरकार गठित होने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने वित्त प्रबंधन में उनकी दक्षता को देखते हुए उन्हें वित्त मंत्रालय में प्रमुख सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी थी। मध्यप्रदेश में पब्लिक सर्विस डिलीवरी एक्ट को लागू करने में भी अनुराग जैन की भूमिका को सदा याद रखा जाएगा। ऐसा भी आया कि वित्तीय मामलों के विशेषज्ञ के रूप में उनकी ख्याति मध्यप्रदेश की सीमाओं को पार कर देश की राजधानी नई दिल्ली तक जा पहुंची। अनुराग जैन जब प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव थे तब जन-धन योजना के क्रियान्वयन में उनकी अहम भूमिका थी। पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान में भी अनुराग जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूचना प्रौद्योगिकी में विशेष रुचि रखने वाले अनुराग जैन को प्रधानमंत्री द्वारा वेबरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

मुझे भली भांति याद है कि जब 1997 में अनुराग जैन की कलेक्टर के रूप में प्रथम नियुक्ति मंडला में हुई थी उन्हीं दिनों मैंने पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण किया था।उस दौरान एकाधिक बार उनसे व्यक्तिगत रूप से भेंट करने का सौभाग्य भी मिला। मैं उनकी अनुशासनप्रियता और समय की पाबंदी जैसे गुणों से बेहद प्रभावित हुआ। मंडला में उनके कार्यकाल में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत हुई। एक आदिवासी जिले के रूप में मंडला के विकास हेतु अनुराग जैन के योगदान को मंडला के लोग आज भी याद करते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि मंडला जिले अब तक जितने भी कलेक्टर पदस्थ हुए हैं उनमें अनुराग जैन ने संभवतः सर्वाधिक लोकप्रियता अर्जित की । मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के अतिरिक्त मंदसौर जिले के कलेक्टर के रूप में अनुराग जैन की उपलब्धियां उल्लेखनीय रही हैं। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि अपनी पत्रकारिता के उस प्रारंभिक दौर में मुझे मंडला जिले में अनुराग जैन के सानिध्य में रहकर बहुत कुछ सीखने को मिला जिसने आगे चलकर मुझे हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मंडला के कलेक्टर के रूप में अनुराग जैन ने उस पिछड़े और आदिवासी जिले के कायाकल्प के लिए जो रुचि प्रदर्शित की उसने अल्प काल में ही मंडला का स्वरूप ही बदल दिया। आदिवासी बहुल मंडला क्षेत्र में अनुराग जैन के सक्रिय प्रयासों के फलस्वरूप एक आडीटोरियम का निर्माण संभव हो सका। उनके कार्यकाल में ही खेल-कूद की गतिविधियां प्रारंभ हुईं । आज अगर मंडला के छात्र और युवा खेलकूद में ख्याति अर्जित कर रहे हैं तो उसका श्रेय अनुराग जैन को ही जाता है। एक समय था जब मंडला में डिहाइड्रेशन के कारण असमय ही हजारों लोग मौत के शिकार बन जाते थे। संवेदनशील अनुराग जैन को इस स्थिति ने द्रवित कर दिया। तब उन्होंने न क्षेत्रीय नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल का इंतजाम कराया बल्कि प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। अनुराग जैन का कार्य काल मंडला वासियों को भुलाए नहीं भूलता। आज जब मैं अनुराग जी के कर्मठ व्यक्तित्व पर केंद्रित अपने विचार कलमबद्ध कर रहा हूं तो वे अतीत की सारी यादें मेरे मानस पटल पर जीवंत हो उठीं हैं। वे सारी स्मृतियां निःसंदेह मेरे स्मृति कोष की अनमोल धरोहर हैं।

इसमें दो राय नहीं हो सकती कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अनुराग जैन को मध्यप्रदेश सरकार के मुख्य सचिव की कुर्सी सौंपकर उनकी वरिष्ठता का जो सम्मान किया है उसके लिए वे साधुवाद के अधिकारी हैं। अनुराग जैन चूंकि केंद्र में अपनी प्रतिनियुक्ति के अत्यंत महत्वपूर्ण पदों का उत्तर दायित्व संभाल चुके हैं इसलिए केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करने में मुख्यमंत्री के दाहिने हाथ साबित होंगे।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

# इजराइल-ईरान संघर्ष बढ़ा तो प्रभाव दुनिया भर में पड़ेगा



ईरान ने खाड़ी में अपने वर्चस्व के लिए आतंकवादी संगठनों-लेबनान में हिज्बुल्लाह, फि लिस्तीन-गाजा में हमास और यमन में हाउती को खूब पाला-पोसा। अब इन्हीं की गलतियों की सजा अगर ईरान भुगतता है तो वह समझ ले कि शिया आतंकवादियों के माई-बाप आयतुल्ला खुमैनी को खाड़ी में सिर छुपाने की भी जगह नहीं मिलेगी?

इजराइल के यहूदी समुदाय की नसों में खून खौल रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु विवश होते जा रहे हैं कि वह अपनी अंतिम चाल चल दें, वहीं रूस खुले तौर पर और चीन दबे स्वर में इजराइल को घेरने की कोशिश में हैं। अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेमेबंदी जारी है। ध्यान में यह भी रहे कि अमेरिका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव हैं। प्रतिष्ठा के इस चुनावी माहौल में डेमोक्रेट को चुनाव जीतना है तो राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को इजराइल के पक्ष में खुल कर सामने आना होगा।

बेंजामिन नेतन्याहु ने ईरान की ओर से किए गए करीब डेढ़ सौ मिसाइल और ड्रोन हमलों के तुरंत बाद कैबिनेट मीटिंग में फैसला कर लिया कि ईरान ने दूसरी बार मिसाइलों व ड्रोन से सीधे हमला कर बड़ी भारी गलती कर दी है और जल्दी ही इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

लेबनान में हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नस्रुल्लाह और उसके करीब एक दर्जन कमांडरों को मौत के मुँह में धकेलने के हफ़्ते-दस दिन बाद आयतुल्लाह खुमैनी के इशारे पर सोमवार रात ईरान ने इजराइल की राजधानी द्यतेल अवीवद्ध और धर्मस्थल यरूशलम के पश्चिम तथा अन्याय शहरों को करीब डेढ़ सौ मिसाइलों और ड्रोन का सीकर बनाया है। इसमें कुछ मिसाइलें लंबी दूरी की थीं, जिन्हें लक्ष्य तक से पहले ही अमेरिका के लड़ाकू विमानों और इजराइली आयरन डोम ने निष्क्रिय कर दिया। मिसाइलों से हमले के लिए अमेरिका और इजराइल पहले से तैयार थे। इससे एक ओर सायरन बजने से लोग सचेत हो गये और घरों एवं आसपास की खंदकों/बंकरों में सिर छुपाने चले गये। वहीं, नेतन्याहु प्रशासन की नजरें व्हाइट हाउस पर टिक गयीं तो बाजुएं ईरान को छठी का दूध याद दिलाने के लिए मचल उठीं। बेंजामिन नेतन्याहु ने अपने मंत्रिमंडल में एक स्वर में फैसला कर लिया।

वहीं, आयतुल्ला खुमैनी को इजराइल पर मिसाइल छोड़ने पड़े क्योंकि गत जुलाई में राष्ट्रपति मसूद पेशकियाँ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिये को तेहरान में ही लक्ष्यभेदी मिसाइली हमले में मार गिराया था। इसके बाद लेबनान में हिजबुल्ला के प्यादों को पेजर बम, वॉकी-टॉकी बम से हैरान परेशान किया तो अब हिजबुल्ला चीफ हसन नस्रुल्लाह समेत अनेक कमांडरों को जमींदोज कर दिया। हसन नस्रुल्लाह को तो इजरायली सेना ने सटीक निशाना साधते हुए जमीन के 200 फीट नीचे बने सुरक्षित बंकर में ही मौत की नींद सुला दिया। इससे हिजबुल्ला, हमास सहित ईरान और खुमैनी द्वारा पोषित सभी आतंकवादी घबरा गए और उनमें भगदड़ मचने लगी। इन्हें रोके रखने के लिए ही ईरान ने इजरायल पर निशाना साध कर मिसाइलें दागीं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने भारतीय समयानुसार मंगलवार शाम को इजराइल के सेना मुख्यालय सहित तेल अवीव और यरूशलम को निशाना बनाते हुए दूसरी बार एक असाधारण कृत्य किया है। इससे पहले इजराइली सेना मंगलवार सुबह सुबह लेबनान के दक्षिण में अपने टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के साथ दलबल सहित घुस गई थी। उसने एक दिन पूर्व गाँव और बस्तियों को खाली करने की पहले चेतावनी दे दी थी। इस घटना पर मध्य पूर्व के इस्लामिक देशों में मातम पसरा हुआ है और जगह जगह से पलायन जारी है। बता दें, पिछली अप्रैल के बाद ईरान ने यह दूसरी बार इजराइल पर मिसाइल से बड़ा हमला किया है।

इस घटना पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने गहरी चिंता जताई है। बुधवार को सुरक्षा परिषद् की बैठक बुलाई गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने लेबनान में भारी तबाही और हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नस्रुल्लाह की द्यहत्याद्ध किये जाने पर इजराइल की कड़ी निंदा करते हुए तत्काल युद्ध विराम की माँग की है। चीन के प्रवक्ता ने भी इजरायली हमलों में हिज्बुल्लाह के मुखिया साहित दर्जन कमांडरों को लक्ष्य भेदी मिसाइलों से मार गिराये जाने पर इजराइल की निंदा की है। इसी तरह नाटो के सदस्य तुर्की के राष्ट्रपति ने भी इजराइल की निंदा करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल के खिलाफ प्रस्ताव पास किए जाने की मांग की है।

इजराइली प्रशासन का आरोप है कि पिछले वर्ष सात अक्तूबर से गाजा पट्टी के लड़ाकों के साथ-साथ लेबनान में हिज्बुल्लाह के लड़ाकों ने इजराइल के उत्तर में रॉकेट लांचर छोड़ते हुए साठ हजार यहूदियों को घर-बेघर करने में का दुस्साहस किया, वर्तमान संघर्ष उसी का परिणाम है। अमेरिका पहले दिन से कहता आ रहा है कि इजराइल उसका मित्र देश है। उनकी सुरक्षा करना अमेरिका का दायित्व है। इजरायल ने भी कह दिया है कि ईरान ने यह अब तक की सबसे बड़ी भूल कर दी है और इसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा। साफ है कि इजरायल चुप बैठने वाला नहीं है। वह हमास और हिज्बुल्ला के पूरी तरह से सफाए का अभियान चलाए हुए है। ऐसे में इजराइल ईरान के खिलाफ बदले में कार्रवाई करता है तो मध्य पूर्व के देशों में होने वाली तबाही का अनुमान लगाना मुश्किल होगा। और इसका प्रभाव सारे विश्व पर पड़ेगा।

ललित मोहन बंसल
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# साहिबगंज स्टेशन पर पहली बार रुकेगी राजधानी एक्सप्रेस, विधायक ने कहा कि हर सपने को करूंगा पूरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** अगरतला-आनंद विहार नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस -20501/20502 का साहेबगंज रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। राजमहल विधायक अनन्त ओझा को रेल मंत्रालय द्वारा पत्र के माध्यम से देर शाम को सूचना दी गयी। अब इस ट्रेन का ठहराव साहेबगंज स्टेशन पर होगी। ज्ञात हो कि अगरतला आनंद बिहार तेजस राजधानी के ठहराव साहिबगंज स्टेशन पर नहीं होने से यहाँ लोगो मे गुस्सा था,राजमहल विधायक अनन्त ओझा लगातार साहेबगंज रेलवे स्टेशन पर अगरतला-आनंद बिहार नई दिल्ली तेजस राजधानी का



ठहराव को लेकर लगातार प्रयास कर रहे थे। पिछले दिनों राजमहल विधायक अनंत ओझा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर अगरतला आनंद बिहार तेजस राजधानी का साहेबगंज स्टेशन पर ठहराव की मांग की थी,विधायक ठहराव की मांग को लेकर लगातार रेल मंत्री से मिल चुके है। इसका ही परिणाम हैं कि अब साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर अगरतला-आनंद बिहार तेजस राजधानी का ठहराव का रास्ता साफ हो गया हैं इसको लेकर रेल मंत्रलाय ने पत्र भी जारी कर दिया गया हैं। साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर पहली बार राजधानी का ठहराव होगा। जिलेवासियों का सपना भी इसके साथ पूरा हुआ। नई दिल्ली तक जानी वाली तेजस राजधानी का ठहराव होने से यहाँ के यात्रियों को नई दिल्ली जाने के लिए सुविधा होगी। गुवाहाटी जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी और माँ कामाख्या का भी दर्शन कर सकेंगे। त्रिपुरा में मां त्रिपुरेश्वरी का भी दर्शन भक्त कर सकेंगे। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि साहिबगंज जिलेवासियों की मांग थी कि साहेबगंज रेलवे सेटशन पर तेजस राजधानी का ठहराव हो। ठहराव नहीं होने से यहां के लोगो मे काफी नाराजगी थी मैं लगातार रेल मंत्री सहित रेलवे के अधिकारी से राजधानी का ठहराव को लेकर बातचीत जारी रखा था इसका ही परिणाम हैं कि मैं साहेबगंज जिलेवासियों का सपना को पूरा कर पाया हु जिस उम्मीद और विश्वास के साथ यहां की जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया हैं वो हर सपने को पूरा करने का प्रयास करता रहूंगा। जो कहा सो हर काम किया। आगे भी जनता का प्यार और आशीर्वाद के साथ करता रहूंगा। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने जिलेवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय रेल मंत्र अश्वनी वैष्णव और भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। विधायक ने कहा कि साहिबगंज से हावड़ा और साहेबगंज से रांची तक इंटरसिटी की भी मांग मेरे द्वारा की गई हैं जल्द ये भी पूरा होगा और मुरली हाल्ट स्टेशन पर भी टीआर पैसेंजर का भी ठहराव जल्द होगा।

## एक नजर

### ट्रक की चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्ची घायल

**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क अंतर्गत कदमा लालमाटी स्थित ट्रक की चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गया। कदमा लालमाटी गांव के हरफान अंसारी के 12 वर्षीय पुत्री नसीमा खातून है। जानकारी के अनुसार उनकी बेटी सड़क किनारे पैदल घर की ओर जा रही थी, इसी दौरान दोनों और से ट्रक आ रहे थे,बरहेट से लिट्टीपाड़ा की ओर जा रहे ट्रक पीछे से ओवर ट्रैक करने के दौरान बच्ची ट्रक के चपेट में आ गई। जिसे बच्ची का दाहिना पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया जहां डॉक्टर चौधरी चंद्रशेखर प्रसाद चंद्र प्राथमिक उपचार किया। वही बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर घटनास्थल से ट्रक को लेकर भाग गए। पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचकर मामले की छानबीन में जुड़ गई है।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल

**साहिबगंज:** मदन शाही के बीच तिवारी पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में एक स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसकी गाड़ी संख्या जेएच 18 एम 0728 है। इसकी सूचना तालझारी के सड़क सुरक्षा में कार्यरत प्रजापति प्रकाश बाबा ने दी और ग्रामीण के सहयोग से ईलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### बामनी में युवक के असामयिक निधन से शोक

**पटमदा:** पटमदा थाना क्षेत्र के बामनी गांव निवासी युवक सोमनाथ मंडल की मौत मिट्टी में दबकर होने की खबर क्षेत्र में फैली हुई है ।युवक की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक का लहर दौड़ पड़ी ।युवकों के व्यवहार के विषय में चौक चौराहे में चर्चा है कि वह किसी प्रकार का नशा नहीं करता था ।अपने गांव सहित आसपास के किसी भी गांव के किसी भी व्यक्ति के काम को करने में मना नही करता था। जिस कारण सभी उसके मौत की खबर से दुखी हैं। युवक के शव को घटना के बाद टीएमएच पहुंचाया गया था। जहा चिकित्सकों ने युवक मृत घोषित कर दिया ।युवक के शव का एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पोस्ट मार्टम किया गया है ।जिसके बाद शव को दाह संस्कार किया गया ।युवक के व्यवहार के कारण अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए ।युवक के मौत का सही कारण का मामला अभी सस्पेंश बना हुआ है।

### नाबालिग की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**कोडरमा:** नाबालिग की हत्या किए जाने के एक एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने गुरुवार को दोषी सुरेश नाथ गोस्वामी ( 58 ) को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 201 आईपीसी में दोषी पाते हुए 3 वर्ष की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला वर्ष 14 अक्टूबर 2023 का है। इसे लेकर मरकच्चो थाना में मृतक के दादा इंद्रदेव नाथ गोस्वामी ने मामला दर्ज कराया था। बाद में बच्चे का शव हत्या कर तालाब में फेंका हुआ पाया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी श्रीमती एंजेलिना वारला एवं अधिवक्ता अनवर हुसैन ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया।

## बिजली उपभोक्ताओं को मिला बिल माफी का प्रमाण पत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत नीमडीह प्रखंड के लुपुंगडीह पीएसएस में गुरुवार को विधायक सविता महतो ने चांडिल व नीमडीह के बिजली उपभोक्ताओं के बिच बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा राज्य मे हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं का बिल माफी कर बड़ी राहत दिया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत 200 युनिट से कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का घरेलू बिजली बिल सरकार ने माफ कर दिया है। इस कार्यक्रम में विधानसभा के सैकड़ों लोगों को बिल माफी का विधायक ने प्रमाण पत्र दिए। विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारीयों को पंचायत में शिविर लगाकर बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा सरकार ने अगस्त 2024 तक के सभी बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है। बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र प्राप्त कर बिजली उपभोक्ताओं में हर्ष तथा खुशी जाहिर किया। उपभोक्ताओं ने झारखंड सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर चांडिल विधुत सहायक अभियंता लालजी महतो, मुख्यमंत्री के मामा गुरुचरण किस्कू, झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदसय काबलु महतो, चांडिल प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, नीमडीह प्रखण्ड अध्यक्ष हरिदास महतो, जिला सह सचिव धर्मु गोप, राहुल वर्मा, सुदामा हेंब्रम, विशाल गोप सहित झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता तथा ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता के प्रथम दिन शाम को रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** आगामी 6 एवं 7 अक्टूबर को चांडिल प्रखंड अंतर्गत धातकीडीह में विशाल फुटबॉल प्रतियोगिता एच एल एम ट्रॉफी सीजन - 3 का आयोजन किया गया है। जन सेवा ही लक्ष्य के संस्थापक सह समाजसेवी हरेलाल महतो के जन्मदिन के अवसर पर यह भव्य आयोजन किया जाता है। 6 अक्टूबर को धातकीडीह फुटबॉल मैदान में समाजसेवी हरेलाल महतो का जन्मदिन मनाया जाएगा। इसके बाद दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। पद्मश्री एवं द्रोणाचार्य से सम्मानित नेशनल आर्चरी कोच पूर्णिमा महतो फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगी। उनके साथ विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में डायन कुप्रथा के खिलाफ संघर्ष करने वाली पद्मश्री छूटनी महतो भी शामिल होंगी। प्रतियोगिता के प्रथम दिन शाम को रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रसिद्ध



स्थानीय गायक कुंदन कुमार गोप की टीम द्वारा मानभूम गीत तथा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। गायक कुंदन कुमार गोप के साथ गायिका कनिका कर्मकार, मानभूम कलाकार शैलेंद्र व रितु मेहता मुख्य रूप से प्रस्तुति देंगे। दो दिवसीय एच एल एम ट्रॉफी में कुल 16 टीम भाग लेंगे। 6 अक्टूबर को 8 टीमों के बीच मुकाबला होगा और 7 अक्टूबर को शेष 8 टीम का मैच होगा। विजेता टीम को जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से दो लाख, उपविजेता को डेढ़ लाख की राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम को एक - एक लाख रुपये की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, बेस्ट खिलाड़ी तथा बेस्ट गोलकीपर को साइकिल दी जाएगी। 7 अक्टूबर को एच एल एम ट्रॉफी का समापन समारोह होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इसके अलावा विशिष्ट तथा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में रक्षा राज्यमंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो आदि शामिल होंगे। इन्हीं अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। 7 अक्टूबर को फुटबॉल मैदान पर ही रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। ब्रम्हानंद हृदयालय ब्लड बैंक, तमोलिया के सौजन्य से स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। रक्तदाताओं को जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## सार्वजनिक दुर्गा मंदिर से 5001 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के राजमहल प्रखंड क्षेत्र पर स्तिथ सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मंगलहाट की ओर से पूजा की तैयारी कर ली गई है,दुर्गा मां की प्रतिमा तथा अन्य देवी देवता की प्रतिमा मूर्तिकार के द्वारा तैयार किए गए हैं। गुरुवार को प्रथम पूजा पुरोहित द्वारा कलश स्थापना कर पूजा प्रारंभ किया गया। इससे पहले मंदिर परिसर से 5001कन्याओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ उत्तर वाहिनी गंगा नदी कई गाँव का भर्मण करते हुए कन्हैयास्थान गंगा तट से जल भरकर भव्य कलश शोभायात्रा पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचे और माता रानी को जल अर्पित कर मंदिर प्रांगण को सुद्दीकरण करते हुए सभी भक्तगण अपने परिवारवालों के लिए सुख समृद्धि की कामनाएं की। जिससे पुरोहित के द्वारा प्रथम पूजा शैलपुत्री प्रारंभ की गई और शाम में भी पूजा अर्चना व आरती की जाएगी। इस दौरान सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र दास ने बताया कि समिति की ओर से मेला में बिषहरी गान, यात्रा गांन, डांसिंग, रंगारंग कार्यक्रम, अतिशबाजी एवं रावण वध, गंगा विहार सहित नवका रेस प्रतियोगिता, आदिवासियों का झूमर डांस, सहित अन्य कार्यक्रम भी होंगे। मेला शांति ढंग से संपन्न हो इसके लिए मेला सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेले में 200 से अधिक बोल्टीईयर व सीसीटीवी कैमरा लगाई जाएगी। मेले में दुकान लगाने के लिए दुकानदार पहुंच रहे हैं। मेले में आकर्षण का केंद्र बना रहेगा तारा माची झूला, ब्रेक डांस, मिक्की माउस इत्यादि। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र में मेला लगने से लोगों में उत्साह देखने को मिल रहे हैं। इस दौरान समिति अध्यक्ष सुभाष चंद्र दास, कोषाध्यक्ष शंकर साधन बॉस, सहकोषाध्यक्ष दिलीप कर्मकार, मेला अध्यक्ष विकाश यादव, प्रमोद पासवान, गोपाल मंडल, गोपाल पासवान सहित समिति के सैकड़ो कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

## ऊर्जा खुशिहाली योजना के तहत उपभोक्ताओं को मिला प्रमाण पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत सातगाछी पंचायत भवन में गुरुवार को मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफी के लाभुकों के लिए प्रमाण पत्र वितरण शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान, सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, विद्युत अधीक्षण अभियंता नात्थन रजक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद की मां शांति सरोजिनी मुर्मू, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक दास, सहायक अभियंता (एई) सत्यम मरांडी, कनीय अभियंता( जई ) सभी ने मिलकर बारी-बारी से बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र बिजली उपभोक्ताओं के बीच वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम ने कहा झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू



उपभोक्ता जो 200 यूनिट प्रतिमाह खपत करने वाले श्रेणी में आते हैं को उल्लेखित योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। झारखंड सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में माह अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिल माफ पिछला कर दिया गया है सासंद की मां शांति सरोजिनी मुर्मू ने कहा सरकार ने हाल में ही राज्य के करीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बिजली बिलों से राहत देने के लिए महत्वपूर्ण योजना शुरू की है इस योजना का नाम है मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशिहाली योजना। मौके पर नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, हीरालाल साहा सहीत अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा ने सत्ता परिवर्तन के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा साहिबगंज के तत्वावधान में झारखंड में सत्ता परिवर्तन हेतु साहिबगंज जिला मुख्यालय में जनसंपर्क अभियान आरंभ किया गया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा साहिबगंज के जिला अध्यक्ष संजय पंडित ने झारखंड के भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय पंडित ने कहा कि मोदी ने कई राष्ट्रीय योजनाओं को झारखंड की धरती से लांच कर राज्य को लांचिंग पैड बना दिया है। चाहे वह




मुद्रा योजना हो, आयुष्मान भारत योजना हो, 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुभारंभ करना हो या फिर आदिवासी समाज के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जन मन योजना प्रारंभ करना हो। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया संयोजक अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि झारखंड के समुचित विकास के लिए सत्ता परिवर्तन आवश्यक है, इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। इस सत्ता परिवर्तन जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय पंडित ने किया, साथ में अरविंद कुमार गुप्ता, कृष्णा साह, सन्नी कुमार साह, मनोज केसरी, सिद्धार्थ कुमार सहित ओबीसी मोर्चा के कई सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 करोड़ की लागत से निर्मित कोल्ड स्टोरेज का विधायक मंगल कालिंदी ने किया उद्घाटन




**पटमदा :** राज्य सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा पटमदा के बामनी में करीब 10 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 5 हजार मैट्रिक टन क्षमता के शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) का विधिवत उद्घाटन विधायक मंगल कालिंदी ने गुरुवार को फीता काट कर किया । इस कोल्ड स्टोरेज का संचालन होप एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड नामक एजेंसी के द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विधायक कालिंदी के साथ जिला पार्षद खोगेन चंद्र महतो, विधायक प्रतिनिधी चंद्रशेखर टुडू , सुभाष कर्मकार , बुधेश्वर महतो समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे । मौके पर अपने सम्बोधन में विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पटमदा एवम बोड़ाम प्रखंड के किसानों के लिए यह कोल्ड स्टोरेज अब वरदान साबित होगा । उन्होंने कहा कि काफी दिनों से यह कोल्ड स्टोरेज बनकर तैयार था और उद्घाटन के लिए बाट जोह रहा था। अब किसान इस कोल्ड स्टोरेज में फल,सब्जी, टमाटर, आलु, महुआ,गुड आदि सामान न्यूनतम दर पर यहां रख सकेंगे। उन्होंने बताया कि पटमदा क्षेत्र में शीत गृह की कमी के कारण स्थानीय कृषक अपने उत्पादों के सुरक्षित भंडारण को लेकर काफी चिंतित रहते थे और सीजन में बहुत सारे उत्पादों के सुरक्षित भंडारण की उचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण उन्हें अपने उत्पादों को बिचौलियों के हाथों बिक्री करना पड़ता था, जिससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता था।

### फल-सब्जी विक्रेताओं की समस्या का हुआ समाधान



**साहिबगंज:** साहेबगंज शहर में फूटपाथ पर फल सब्जी विक्रेता कल साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के आदेश पर हड़ताल पर चले गए थे। नगर परिषद ने एक आदेश जारी किया था कि फुटपाथ पर फल सब्जी बेचने वाले सभी लोग हटिया में अपना दुकान शिफ्ट करें। फल सब्जी विक्रेता का कहना था कि हमलोगों को हटिया में दुकान लगाने में कठिनाइयां होगी। इसी को लेकर फल सब्जी विक्रेता आक्रोशित होकर हड़ताल पर चले गए थे। गुरुवार को राजमहल विधायक अनन्त ओझा से फल सब्जी विक्रेता उनके स्वामी विवेकानंद चौक स्थित कार्यालय में मिलकर अपनी बातों को रखा। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने फल सब्जी से विक्रेता से मिलकर उनकी समस्या को सुना। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने साहेबगंज नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात करके फुटपाथ पर फल सब्जी विक्रेता की समस्या का समाधान करने को कहा। इसको लेकर फल सब्जी विक्रेता से वार्ता करके इसका समाधान निकाले। साहेबगंज नगर परिषद कार्यपालक अभियंता ने फल सब्जी विक्रेता से वार्ता की और समाधान निकाला। जिरवाबाड़ी में फूट पाथ पर सब्जी और फल बेकने वाले अब टाउन हॉल के पास सब्जी और फल का दुकान लगाएंगे। वही पटेल चौक से गांधी चौक तक क्रम जो दुकान हैं वो रहेगा। मगर पटेल चौक से सब्जी बाजार में अन्य फल सब्जी दुकान लगा सके है। स्टेशन चौक से पटेल चौक तक खाली रहेगा। पटेल चौक से गांधी चौक तक जो दुकान लगी हैं उसके अलावा वैसा ही रहेगा। फल सब्जी विक्रेता ने राजमहल विधायक अनंत ओझा के प्रति आभार जताया।

### काम किए बगैर बाहबाही लूटना चाहते हैं वर्तमान झामुमो विधायक : रामचंद्र सहिस




**पटमदा:** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में दस साल प्रतिनिधित्व कर चुके आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि पटमदा कृषि प्रधान क्षेत्र है। इस क्षेत्र के जनता द्वारा कोल्ड स्टोरेज निर्माण कराने की मांग वर्षो पुरानी थी। किसानों की मांग पर तत्कालीन सरकार में मेरे प्रयास से वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के आचार संहिता लगने से पूर्व निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद के साथ किया गया था। चुनाव चलने के कारण निर्माण नहीं हो पाया। लेकिन मेरे द्वारा कोल्ड स्टोरेज की लाई गई योजना को वर्तमान झामुमो विधायक मंगल कालिंदी उपलब्धि हासिल करने के लिए अपने सरकार का नाम कर रहे हैं। जनता कोल्ड स्टोरेज निर्माण किसकी देन हैं। सब जानती हैं। जुगसलाई की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगी।

### जयराम महतो की जनसभा को लेकर हुई बैठक



**साहिबगंज:** जिला अन्तर्गत बोरियो प्रखंड मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी मैदान के चबूतरा में गुरूवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलजेएम) की बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य टाईगर जयराम महतो के बोरियो आगमन और जनसभा को संबोधित करने की तैयारी थी। पार्टी के सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने प्रखंड अध्यक्ष विष्णू मोदी के नेतृत्व में एक रूपरेखा तैयार किया। बोरियो विधानसभा क्षेत्र के बोरियो, बोआरीजोर, मंडरो, भगैया, तालझारी सहित अन्य इलाकों से कार्यक्रम के लिए लोगों को सूचना देने के लिए भी रुपरेखा बनाई गई। मौके पर बोरियो विधानसभा के संभावित उम्मीदवार उमेश मड़ैया, टुनटुन ठाकुर, विजय, प्रीतम, जाकिर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# टाटा इलेक्ट्रा निक्स प्लांट में लगी आग का आईफोन बनने पर असर नहीं

**नई दिल्ली ।**

देश में त्योहारी सीजन शुरू होने के ठीक पहले टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के संयंत्र होसूर में शनिवार को लगी आग का आईफोन के विनिर्माण पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। भारत में आईफोन16 सीरीज भी 20 सितंबर से देश में मिलने लगा है। ऐपल भारत में आईफोन का उत्पादन बढ़ाना चाहता है और उसकी इस योजना में होसूर संयंत्र अहम भूमिका निभाने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार तमिलनाडु के श्रीपेरम्बुदूर में फॉक्सकॉन के असेंबली संयंत्रों में आईफोन के कलपुर्जों (एन्कलोजर) की कमी नहीं है। बेंगलूरु के नजदीक विस्ट्रॉन और चेन्नई के निकट पेगाट्रॉन के संयंत्रों में भी ऐसे एन्क्लोजर की कोई कमी नहीं है। लिहाजा, आईफोन तैयार करने में रुकावट का कोई जोखिम नहीं है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ऐपल वेंडरों को कुल इन्क्लोजर का एक हिस्सा ही भेजती है और बाकी का अब भी आयात किया जाता है। ऐपल ने आवश्यकता महसूस होने पर अपने दूसरे आपूर्तिकर्ताओं से एन्क्लोजर मंगाने की आपात योजना तैयार कर रखी है। टाटा चीन को भी आईफोन बनाने में इस्तेमाल एन्क्लोजर की आपूर्ति करती है मगर इसका हिस्सा काफी कम है। एक सूत्र ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा` कि आईफोन



तैयार करने वाले संयंत्रों में एन्क्लोजर की भरपूर संख्या है। इसे देखते हुए हुए आईफोन6 समेत किसी भी आईफोन के तैयार होने में कोई अड़चन नहीं है। हम विशेष परिस्थितियों के लिए भी एन्क्लोजर आयात करते हैं। इस मामले में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और ऐपल को भेजे गए ई-मेल का कोई जवाब नहीं आया। सूत्रों ने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और ऐपल अब भी आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं। एन्क्लोजर बनाने वाले संयंत्र अक्सर रसायन और प्लास्टिक का भंडार रखते हैं, जो आग लगने का कारण हो सकते हैं। उत्पादन संयंत्र ऐसे जोखिमों से काफी सुरक्षित होते हैं।

# एक ही दिन में 15 कंपनियों ने सेबी के पास जमा किए दस्तावेज

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत के प्राथमिक बाजार में आईपीओ की लहर जारी है। बड़ी संख्या में कंपनियों के लिस्ट होने के साथ-साथ अभी भी कई कंपनियां कतार में हैं। इसी कड़ी में सितंबर के आखिरी दिन 15 कंपनियों ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के पास आईपीओ लाने के लिए ड्राफ्ट पेपर जमा किए, जिनमें विक्रम सोलर, आदित्य इंफोटेक और वरिंडेरा कंस्ट्रक्शंस जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों ने कुल मिलाकर 8,000 करोड़ रुपये से अधिक के आईपीओ की योजना बनाई है। बीते महीने में 41 कंपनियों ने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर जमा किए, जो किसी एक महीने में सेबी के पास जमा होने वाला सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसमें अलग-अलग सेक्टर की कंपनियां शामिल हैं, जो नए शेयरों के साथ-साथ ऑफर फॉर सेल इश्यू भी पेश कर रही हैं। वैश्विक उतार-चढ़ाव के बीच भारत के आईपीओ बाजार में तेजी जारी है। सोमवार को विक्रम सोलर, आदित्य इन्फोटेक, वरिंदरा कंस्ट्रक्शन सहित अजाक्स इंजीनियरिंग, राही इंफ्राटेक, विक्रम इंजीनियरिंग, मिडवेस्ट, विनी कॉरपोरेशन, संभव स्टील ट्यूब्स, जारो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, स्कोडा ट्यूब्स और डेव एक्सेलेरेटर ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने आईपीओ का ड्राफ्ट दाखिल किया। ये कंपनियां विस्तार की योजना, कर्ज चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों और मौजूदा शेयरहोल्डर्स के शेयर बेचने के लिए आईपीओ ला रही हैं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि 30 सितंबर को 31 मार्च तक के ऑडिटेड फाइनेंशियल्स की अवधि समाप्त होने से पहले बड़ी संख्या में कंपनियों ने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस जमा किए हैं। सितंबर में सूचीबद्ध 47 कंपनियों में से 61 प्रतिशत से अधिक अपने इश्यू प्राइस से ऊपर कारोबार कर रही हैं, जिसमें ट्रैवल्स एंड रेंटल्स का एसएमई आईपीओ 283 फीसदी की बढ़त के साथ सबसे आगे है। इसके बाद प्रीमियर एनर्जीज 146 फीसदी और नमो ईवेस्ट मैनेजमेंट 127फीसदी की बढ़त के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। आईपीओ में खुदरा निवेशकों की उत्साही भागीदारी ने विशेष रूप से एसएमई सेगमेंट में सदस्यता स्तर को अप्रत्याशित ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है, जहां खुदरा श्रेणी में पूरी तरह से सब्सक्राइब न होने वाला एसएमई आईपीओ खोजना अब दुर्लभ हो गया है।

# दिल्ली में कार खरीदना और सस्ता हुआ

## आतिशी सरकार दे रही 10-20 प्रतिशत की टैक्स छूट

**नई दिल्ली ।**



अरविंद केजरीवाल के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं आतिशी सिंह ने दिल्ली वासियों को एक बड़ी सौगात दी है। दिल्ली सरकार अपने पुराने वाहनों को कबाड़ घोषित करने का विकल्प चुनने वाले वाहन मालिकों को नए वाहनों की खरीद पर 10-20 प्रतिशत की टैक्स छूट देगी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री आतिशी ने पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलने की पहल को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है, इस नीति को जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने कहा` कि सरकार अपने पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलने का विकल्प चुनने वालों को तीन साल के भीतर नए वाहन खरीदने पर मोटर-वाहन कर में छूट के माध्यम से प्रोत्साहन देगी। बयान के मुताबिक इस प्रोत्साहन नीति के तहत नॉन-कमर्शियल सीएनजी और पेट्रोल वाहनों की खरीद पर 20 प्रतिशत, कमर्शियल सीएनजी और पेट्रोल वाहनों की खरीद पर 15 प्रतिशत और डीजल वाहनों पर 10 प्रतिशत की कर छूट मिलेगी। दिल्ली सरकार की इस नीति का उद्देश्य प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों को सड़कों से हटाना है, ताकि कम प्रदूषण फैलाने वाले और बेहतर उत्सर्जन मानक वाले वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके। इस योजना के तहत लाभ पाने के लिए व्यक्ति को अपना पुराना वाहन किसी पंजीकृत सुविधा केंद्र पर कबाड़ में देने पर जमा प्रमाणपत्र लेना होगा। वह तीन साल के भीतर नए वाहन के पंजीकरण के समय उस प्रमाणपत्र को दिखाकर कर में छूट पा सकेगा। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पुराने वाहनों को खत्म करने के मकसद से दिल्ली और उसके आसपास से सटे राज्य पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप कराने पर टैक्स में छूट का ऑफर दे रहे हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने भी एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि 2003 से पहले रजिस्टर्ड वाहनों के मालिकों को अपनी गाड़ी स्क्रैप कराने पर टैक्स में 75 फीसदी की छूट मिलेगी, जबकि 2008 से पहले पंजीकृत गाड़ियों को 50 फीसदी का डिस्काउंट मिलेगा।

# दवाइयों, इंश्योरेंस और ट्रैक्टरों पर जीएसटी दर कम कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली ।**

जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए बनी मंत्री स्तरीय समिति आम आदमी को बड़ी राहत दे सकती है। समिति कई दवाइयों, इंश्योरेंस और ट्रैक्टरों पर जीएसटी दर को कम करके 5 फीसदी तक कम करने पर विचार कर रही है। वर्तमान में ट्रैक्टरों पर 12 फीसदी या 28 फीसदी जीएसटी लगता है, जो उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है। ट्रैक्टरों से होने वाले कम राजस्व की भरपाई महंगे इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी दर बढ़ाकर की जा सकती है।

हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस पर जीएसटी दर में कटौती होने की भी संभावना है। स्वास्थ्य बीमा पर 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी तक जीएसटी किया जा सकता है, जबकि टर्म इंश्योरेंस पर 5 फीसदी जीएसटी लगने की उम्मीद है। हालांकि, टर्म इंश्योरेंस पर जीएसटी शून्य करने की मांग कई दिनों से उठ रही है, लेकिन इससे बीमा कंपनियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का नुकसान हो सकता है. ऐसे में टर्म इंश्योरेंस पर 5 फीसदी जीएसटी का प्रस्ताव सबसे उपयुक्त माना जा रहा है। एक खबर के अनुसार मंत्री स्तरीय समिति जीएसटी की चार दरों को तीन में बदलने के पक्ष में नहीं है, लेकिन 12 फीसदी की दर वाली वस्तुओं की संख्या घटाने पर विचार हो रहा है।

कुछ वस्तुओं को 5 फीसदी के स्लैब में डाला जा सकता है, जबकि कुछ अन्य वस्तुएं 18 फीसदी के स्लैब में स्थानांतरित की जा सकती हैं। समिति इस महीने के अंत तक अपनी सिफारिशें स्पष्ट करेगी। 19 अक्टूबर को बीमा पर चर्चा के लिए बैठक होगी और 20 अक्टूबर को दर युक्तिकरण पर वस्तु-विशेष पर चर्चा की जाएगी।

# ब्रोकर को पैसा दिए बगैर शेयर खरीद-बेच पाएंगे निवेशक

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार में निवेश करने वाले ग्राहकों के लिए 1 फरवरी से एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। पात्र शेयर ब्रोकरों को अपने ग्राहकों को शेयर खरीदने और बेचने के लिए यूपीआई आधारित ब्लॉक व्यवस्था का विकल्प देना होगा या फिर तीन सुविधाओं वाले कारोबारी खाते का प्रस्ताव देना होगा। यह कदम निवेशकों को अधिक सुरक्षा और पारदर्शिता प्रदान करेगा। यूपीआई आधारित ब्लॉक व्यवस्था के तहत निवेशक को पहले से अपने ब्रोकर को पैसा भेजने की जरूरत नहीं होगी। वह अपने बैंक खाते में धनराशि को ब्लॉक कर सकता है और उसी राशि के आधार पर शेयर बाजार में ट्रेडिंग कर सकता है। इससे उसकी राशि सुरक्षित रहती है और कोई दुरुपयोग नहीं होता। यह प्रक्रिया एएसबीए की तरह काम करेगी, जिसे पहले आईपीओ के लिए उपयोग किया जाता था। दूसरे विकल्प के तहत ग्राहकों को एक ऐसा खाता मिलेगा जिसमें तीन सुविधाएं जुड़ी होंगी- बचत खाता, डीमैट खाता और कारोबारी खाता। इस खाते में निवेशकों की धनराशि उनके बैंक खाते में सुरक्षित रहेगी और उस पर ब्याज भी मिलेगा। सेबी ने पहले आईपीओ जैसे सार्वजनिक निर्गमों के लिए ब्लॉक व्यवस्था शुरू की थी, जिसमें निवेशकों का पैसा उनके बैंक खाते में ही ब्लॉक कर दिया जाता है। अब इसे शेयर खरीदने और बेचने के लिए भी लागू किया जा रहा है, जिससे निवेशकों को अधिक सुविधाएं मिलेंगी। यह कदम निवेशकों के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जो शेयर बाजार में सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से निवेश करना चाहते हैं।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया गिरावट के साथ 83.98 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की चिंताओं के बीच घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक धारणा के कारण रुपया शुरुआती कारोबार में 11 पैसे की गिरावट के साथ ही 83.93 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पूंजी बाजारों से विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही अमेरिकी मुद्रा के मजबूत रुख से भी भारतीय रुपये पर दबाव आया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 83.91 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.82 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 फीसदी बढ़त के साथ 101.53 पर रहा। वहीं अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.11 फीसदी की बढ़त के साथ 74.72 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।




## जुलाई-सितंबर में शीर्ष आठ शहरों में आवासीय बिक्री बढी

**नई दिल्ली ।** भारत में मजबूत आवासीय मांग से आठ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में मकानों की बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 87,108 इकाई हो गयी। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। रियल एस्टेट के एक सलाहकार ने गुरुवार को एक वेबिनार के जरिये 2024 कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए अपनी रिपोर्ट इंडिया रियल एस्टेट जारी की। इसमें एनारॉक और प्रॉपइक्विटी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के विपरीत आवासीय बिक्री में मामूली वृद्धि की बात कही गई। एनारॉक और प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट में देश के प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में कुल बिक्री में गिरावट की बात सामने आई थी। रिपोर्ट में कहा गया` कि आवासीय बाजार में 2024 में गति अच्छी रही। 2024 की तीसरी तिमाही में इस साल की सर्वाधिक 87,108 इकाइयों की बिक्री दर्ज की गई है।

## गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग का आईपीओ आठ को खुलेगा

**नई दिल्ली ।** गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने 264 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 92-95 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने गुरुवार को घोषणा की कि उसका आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलेगा और 10 अक्टूबर को बंद होगा। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, निर्गम 1.83 करोड़ के ताजा शेयर और प्रवर्तक पीकेएच वेंचर्स द्वारा 95 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इससे उच्च दायरे के तहत आईपीओ की कीमत 264 करोड़ रुपये बैठती है। कंपनी इस नए निर्गम से हासिल 100 करोड़ रुपये तक की राशि का इस्तेमाल कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए करेगी। शेष राशि का इस्तेताल विलय व अधिग्रहण सहित सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## बायोकॉन ने 1.1 अरब डॉलर के दीर्घकालिक ऋण का किया पुनर्वित्तपोषण




**नई दिल्ली ।** बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने डॉलर बॉण्ड और नई सामूहिक सुविधा के जरिये 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर (9,347 करोड़ रुपये) के दीर्घकालिक ऋण का पुनर्वित्तपोषण किया है।बायोकॉन की इकाई बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने बयान में कहा कि बॉण्ड बायोकॉन बायोलॉजिक्स ग्लोबल पीएलसी द्वारा जारी किए जाएंगे, जो कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इसे एक मजबूत सुरक्षा पैकेज द्वारा समर्थित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लेनदेन नौ अक्टूबर 2024 को पारंपरिक समापन शर्तों के अधीन निपटाए जाने की उम्मीद है। बायोलॉजिक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह रणनीतिक पुनर्वित्तपोषण वित्तीय जुझारूपन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बायोकॉन बायोलॉजिक्स की दीर्घकालिक वृद्धि को बढ़ावा देता है और हमारे व्यवसाय के समेकन चरण का मूल है। उन्होंने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि इस लेनदेन से पूंजी संरचना मजबूत होगी और उसे व्यवसाय में निवेश को पुनः स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसमें बायोसिमिलर की हमारी पाइपलाइन को आगे बढ़ाना भी शामिल है।

## वाहन निर्माताओं को अक्टूबर पर भरोसा, 40 फीसदी तक बिक्री की उम्मीद

मुंबई। वाहन निर्माताओं को अक्टूबर महीने पर भरोसा है। इसमें नवरात्रि, दशहरा और दिवाली शामिल हैं। उनका कहना है कि वार्षिक बिक्री की 30 से 40 फीसदी बिक्री इन्हीं दिनों पर होती है। कार निर्माता मौसमी मांग में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। होंडा मोटर, ह्युंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसे वाहन निर्माता सुस्त बिक्री को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक कदम उठा रहे हैं। मांग को बढ़ाने के लिए वाहन निर्माताओं के पास तीन मुख्य रणनीति हैं। इनमें नए मॉडल लॉन्च करना, पर्याप्त छूट देना और कीमतों में कटौती लागू करना। कई कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पहले ही छूट दे चुकी हैं। टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने चुनिंदा मॉडलों पर ऑफर बढ़ा दिए हैं। मारुति सुजुकी ने पहले ही कई मॉडलों की कीमतों में कटौती की। ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो पर 40,000 तक की छूट, वैगनआर पर 30,000 तक का ऑफर, नेक्सा शोरूम में जिम्नी पर 2.5 लाख की छूट, पुराने वाहनों को स्क्रैप करने पर 15,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस है। वहीं ह्युंडई की ग्रैंड आई10 निओस पर 35,000 रुपये तक छूट, ऑरा सेडान पर 30,000 रुपये तक छूट, वेन्यू एसयूवी पर 45,000 तक फायदा है। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अगस्त में स्कॉर्पियो क्लासिक एसयूवी पर छूट को बढ़ाकर 1,00,000 रुपये किया गया है। थार पर छूट बढ़कर 1,50,000 रुपये हो गई है। वहीं होंडा की अमेज सेडान पर फायदा बढ़कर 1,12,000 रुपये, सिटी सेडान पर 1,14,000 रुपये की छूट मिल रही है। टाटा मोटर्स की छूट इस महीने के अंत तक है।

# जंग की आहट से सहमा बाजार , सेंसेक्स में 1,769 अंकों की रिकार्ड गिरावट

## निफ्टी 546 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों से बाजार में ये गिरावट आई है। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक के शेयर नीचे आये। लगातार विदेशी कोषों की निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भी निवेशकों ने बाजार से दूसरी बनायी है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1769.19 अंक करीब 2.10 फीसदी नीचे आकर 82,497.10 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 546.80 अंक तकरीबन 2.12 फीसदी नीचे आकर 25,250.10 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 29 शेयर गिरे हैं। इनमें लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, मारुति, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर शामिल रहे। केवल एक शेयर जेएसडब्ल्यू स्टील है ही ऊपर आया। बाजार जानकारों के अनुसार ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका के कारण दुनिया भर के बाजारों में घबराहट का माहौल है। इसी का प्रभाव भारतीय बाजार पर भी पड़ा है। वहीं अमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ गई है, जिसके कारण पिछले कारोबारी दिन अमेरिकी बाजार में गिरावट रही। इसका असर दुनियाभर के बाजारों में दिख रहा है।

वहीं एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 2.24 फीसदी की तेजी रही है जबकि हांगकांग के इंडेक्स में 2.43 फीसदी और कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 1.22 फीसदी की गिरावट है। अमेरिका का डाओ जोंस 0.09 फीसदी ऊपर आकर 42,196 पर और नैस्डैक 0.08 फीसदी उछलकर 17,925 पर बंद हुआ। एसएंडपीए 500 भी 0.01 फीसदी बढ़कर 5,709 पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों ने 5,579 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 भी 0.25 फीसद ऊपर कारोबार करता दिखा। वहीं मंगलवार को बाजार हल्की गिरावट से बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेबी के नए नियमों और मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष का सीधा असर निवेशकों पर पड़ा है, जिससे भारी बिकवाली का माहौल बना। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1,264 अंक गिरकर 83,002.09 पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 266 अंक की गिरावट के साथ 25,530 पर खुला। शुरुआती कारोबार में निफ्टी के 50 में से 44 शेयर लाल निशान पर, जबकि सिर्फ 6 शेयर हरे निशान में थे। इसी तरह सेंसेक्स के 30 शेयरों में से केवल 3 शेयर हरे निशान पर और 27 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे।



# अमेरिका-भारत सीईओ फोरम ने द्विपक्षीय व्यापार, वाणिज्य बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई

**वाशिंगटन ।**

अमेरिका-भारत सीईओ मंच ने द्विपक्षीय व्यापार तथा वाणिज्य का विस्तार करने, समावेशी आर्थिक वृद्धि और नवाचार को बढ़ाने के साथ मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के इस मंच की सह-अध्यक्षता अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने की।मंच का छठा संस्करण बुधवार को अमेरिकी राजधानी में आयोजित किया गया।यह एक ऐसा मंच है जो द्विपक्षीय वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश का विस्तार करने के उद्देश्य से संयुक्त सिफारिशें करने के लिए अमेरिका और भारत के व्यापार जगत के लोगों को एक साथ लाता है।लॉकहीड मार्टिन के सीईओ एवं अध्यक्ष जेम्स टेसलेट और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन 2023-2024 के लिए निजी क्षेत्र के सह-अध्यक्ष हैं। बैठक के दौरान, रायमोंडो और गोयल ने पिछले दो वर्षों में मंच के सदस्यों द्वारा की गई सिफारिशों और उनकी पहलों की सराहना भी की। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर



लिखा कि भारत-अमेरिका सीईओ मंच में दोपहर के भोजन पर अमेरिकी वाणिज्य मंत्री रायमोंडो के साथ एक सार्थक बैठक हुई। हमारी चर्चा रक्षा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार, एआई (कृत्रिम मेधा) और स्वच्छ ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी तथा अनुसंधान व विकास सहयोग की संभावनाओं पर केंद्रित रही।


## सितंबर में 47 कंपनियों ने आईपीओ से जुटाए 16152 करोड़




**नई दिल्ली ।** निवेशकों के जबरदस्त उत्साह के चलते सितंबर में आईपीओ से 47 कंपनियों ने 16,152 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें से 13 मुख्य प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध हुई हैं। एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, 13 प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ में बजाज हाउसिंग ने सर्वाधिक 6,560 करोड़ व प्रीमियर एनर्जीज ने 2,830 करोड़ जुटाए। 34 कंपनियां छोटी एवं मझोली यानी एसएमई थीं। 47 कंपनियों में से 61 फीसदी के शेयर इश्यू भाव से ऊपर कारोबार कर रहे हैं। ट्रैवल्स एंड रेंटल्स का एसएमई आईपीओ 283 फीसदी लाभ के साथ सबसे आगे है। प्रीमियर एनर्जीज 146 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर है।आईपीओ में खुदरा निवेशकों की उत्साही भागीदारी ने एसएमई में सदस्यता स्तर को आश्चर्यजनक ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। इस साल के आठ महीनों में आईपीओ बाजार तीन गुना बढ़ा है। इस अवधि में 227 आईपीओ सूचीबद्ध हुए। इन्होंने 12.2 अरब डॉलर जुटाए। 2023 में इसी अवधि के दौरान महज 4.3 अरब डॉलर की रकम जुटाई गई थी।

# लीवर कैंसर का उपचार

लीवर कैंसर, लीवर में असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। लीवर ऐसे तत्व उत्पन्न करता है जो रक्त का थक्का जमने में मदद करते हैं। विषैले तत्वों, दवाओं और अल्कोहल आदि को हटाता है। पित्त निर्मित करता है, जिससे शरीर को वसा और कोलेस्ट्रॉल अवशोषण में सहायता मिलती है।




## पुरुषों को बीमारी अधिक

यह संयुक्त राज्य और यूरोप में अपेक्षाकृत कम पाया जाता है। अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुमान के अनुसार, हर वर्ष 17,000 से अधिक लोगों में प्राइमरी लीवर कैंसर का निदान पाया जाता है। इनमें से अधिकतर की उम्र 40 वर्ष से अधिक होती है और 15,000 से ज्यादा लोगों की इस बीमारी से मृत्यु हो जाती है। संयुक्त राज्य में महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों में लीवर कैंसर के दोगुना मामले पाए जाते हैं।

## कोशिकाएं फैलती हैं


संयुक्त राज्य में अधिकतर लीवर ट्यूमर, लीवर में अन्य अंगों मुख्य रूप से कोलोन, रेक्टिम, लंग, ब्रेस्ट, पैंक्रिया और स्टॅम से फैलते हैं। जब कोई कैंसर लीवर में अन्य कहीं से फैलता है तो कैंसर कोशिकाएं दोनों जगहों पर समान होती हैं। उदाहरण के लिए यदि फेफड़ों का कैंसर (लंग कैंसर) लीवर तक फैलता है तो लीवर में पाई जाने वाली कैंसर युक्त कोशिकाएं फेफड़ों में पाई गई कैंसरयुक्त कोशिकाओं के समान ही होती हैं। इस कारण व्यक्ति का उपचार लीवर कैंसर के लिए नहीं, बल्कि लंग कैंसर के लिए किया जाता है। लीवर कैंसर को डॉक्टन मेटॉस्टेटिक लंग कैंसर कह सकते हैं।




## तीन प्रकार का लीवर कैंसर

प्राइमरी लीवर कैंसर के तीन मुख्य प्रकार हैं- हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा (हेपैटोमा या एचसीसी) हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा (हेपैटोमा या एचसीसी)। कोलनजियोकार्सिनोमा (बाइल डक्ट कैंसर)।

लीवर का कैंसर या तो लीवर में शुरू होता है या लीवर में शरीर के अन्य अंगों से फैलता है। प्राइमरी लीवर कैंसर सबसे ज्यादा पाया जाने वाला ठोस ट्यूमर है, जिसके एक मिलियन से अधिक मामलों का हर वर्ष निदान किया जाता है। इसमें 40 साल से अधिक उम्र के मरीजों की संख्या ज्यादा देखने को मिलती है। अगर आप भी इस बीमारी से ग्रस्त हैं तो आप डॉक्टर से उचित परामर्श लेकर इसका शीघ्र निदान करा सकते हैं।



## जोखिम घटक

हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा के ज्यादातर मामलों में हेपैटाइटिस बी और हेपैटाइटिस-सी जिम्मेदार होते हैं। हेपैटाइटिस-ए में लीवर कैंसर पनपने का खतरा नहीं बढ़ाता। सिरोसिस, जिसमें लीवर की कोशिकाओं पर अनेक कारणों से दाग बन जाते हैं। संयुक्त राज्य में सिरोसिस का सबसे प्रचलित कारण हेपैटाइटिस-सी और अधिक मात्रा में शराब पीना है। संयुक्त राज्य में 50 से 70 प्रतिशत लीवर कैंसर के मामले सिरोसिस से जुड़े होते हैं। कुछ अध्ययनों में इसका संबंध हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा से पाया गया है।

## इनसे बढ़ता है खतरा

इस प्रकार का कैंसर पनपने का खतरा बढ़ा देती हैं जिनमें शामिल हैं- पित्ताशय की पथरी (गॉलस्टोपन्सक), पित्ताशय दाह (गॉलब्लडेर इन्फ्लेमेशन) और कई बार क्रॉनिक अल्स रेटिव कोलाइटिस (लार्ज बावेल में इन्फ्लेपमेशन होना)।

**एंजियोसरकोमा (हेमन्जियोसरकोमा)** - यह लीवर कैंसर का बहुत कम पाया जाने वाला प्रकार है।

**हेपैटोब्लॉस्टोनमा** - यह दुर्लभ प्रकार का कैंसर, आमतौर से 4 वर्ष की उम्र से छोटे बच्चों में पाया जाता है।

## लीवर कैंसर के लक्षण

बीमारी बढ़ जाने तक इसके लक्षण आमतौर से नहीं दिखते। लक्षणों में ये शामिल किए जा सकते हैं-

- वजन में अप्रत्याशित कमी आ जाना।
- ठीक से भूख न लगना।
- थोड़ा खाना खाने पर भी पेट भरा हुआ लगना।
- पेट के ऊपर या दाएं हिस्से में दर्द या सूजन का होना।
- त्वचा और आंखों पर पीलापन होना।
- लीवर का फैल जाना या लीवर के क्षेत्र में किसी पिंड का बनना।
- क्रॉनिक हेपैटाइटिस या सिरोसिस की समस्या गंभीर हो जाना।
- रक्त में शर्करा (ब्लड शुगर) कम होना।
- पुरुषों में स्तन वृद्धि होना।

## लीवर कैंसर का निदान

लीवर कैंसर का पता तब लगता है, जब बीमारी का स्तर बढ़ जाता है। प्रारंभिक अवस्था में इसके लक्षण एकदम स्पष्ट नजर नहीं आते। डॉक्टर आपसे निम्न जांचें करा सकता है।

### शारीरिक जांचें

वजन में कमी होने, कुपोषण, कमजोरी, लीवर का बढ़ना और इससे जुड़ी बीमारियां जैसे कि हेपैटाइटिस और सिरोसिस।

### ब्लड टेस्ट

अल्फा-फेटोप्रोटीन नामक एक प्रोटीन के बढ़े हुए स्तर की जांच जिससे लीवर कैंसर का पता लग सकता है। कंप्यूटर का टेड टोमोग्राफी (सीटी) स्कैन, एक प्रक्रिया ट्यूमर की खोज और लोकेशन जानने के लिए जिसमें एक्स-रे और कंप्यूटर तकनीक का प्रयोग शरीर की अनुप्रस्थ (क्रॉस सेक्शूनल) छवियां निर्मित करने के लिए किया जाता है।

### अल्ट्रा साउंड से जांचें

इसका उपयोग लीवर कैंसर की खोज और कैंसर युक्त (मैलिग्नेंथट) तथा कैंसर रहित (सामान्य) ट्यूमरों में अंतर के लिए किया जाता है।

## डॉक्टर से कब संपर्क करें

यदि आपमें लीवर कैंसर का कोई भी लक्षण है तो अपने डॉक्टर से संपर्क करें। मुख्य लक्षण ये हैं- थकान, हल्का बुखार, त्वचा और आंखों का पीलापन (जांडिस), मांसपेशियों या जोड़ों का दर्द, मतली आना, मूत्र का गाढ़ा रंग, उल्टी होना, भूख न लगना और पेट में दर्द या सूजन आने पर आप डॉक्टर से परामर्श लेकर चिकित्सा करा सकते हैं।

## लीवर कैंसर की चिकित्सा

उपचार कई कारकों पर निर्भर करता है जैसे कैंसर का स्तर, आपकी उम्र और आपका सामान्य स्वास्थ्य। सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी और कीमोथेरेपी प्रमुख उपचार विकल्प हैं। प्राय: इन तीनों को एक साथ मिलाकर उपयोग किया जाता है। सामान्यत: कोई अकेला ट्यूमर कैंसर जो लिम्फ नोड्स या दूसरे अंगों तक फैला नहीं हो, उसे सर्जरी से निकाला जा सकता है। हालाकि इस शुरुआती अवस्था में कम ही लीवर कैंसरों का पता लग पाता है। कुछ मामलों में, यकृत प्रत्यारोपण पर विचार किया जा सकता है। इसमें ट्यूमर्स की समस्या भी होती है। इसके अलावा कई तकलीफें साथ में बढ़ती जाती हैं।



उम्र बढ़ना एक एक प्राकृतिक और अपरिहार्य प्रक्रिया है, जिसे इंसान को हर हाल में स्वीकार करना होता है। उम्र बढ़ने के साथ ही आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और जीवन में बहुत से बदलाव आते है, जिसे स्वीकार कर उसके अनुकूल अपने आप को ढालना पड़ता है।

# बुढ़ापे की समस्याएं

शरीर में होने वाले बदलावों में विशेष तौर पर सेक्स क्षमता में कमी और मांस-पेशियों में बदलाव आता है। इसलिए आपको इसे स्वीकार कर इस परिवर्तन के साथ ही जीना पड़ेगा।

## साध लेते हैं चुप्पी

अक्सर आदमी स्वास्थ्य संबंधी चर्चा होने पर चुप्पी साध लेता है। भावनाओं को दबाने से उसके दिमाग में एक तरह का भावनात्मक हलचल होता है और इससे तनाव, निराशा और चिंता में वृद्धि होती है। अपने घरेलू व अन्य समस्याओं का हल ढूंढने और उस पर सलाह-मशविरा करने के लिए अपने खास लोगों के साथ उसे शेयर करना चाहिए। अपनी भावनाओं को इस तरह दूसरे लोगों के साथ शेयर करने से व्यक्ति अपनी बढ़ती आयु से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से छुटकारा पा जाता है।

## सकारात्मक सोचें

जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक सोच रखें और जीवन के मध्य अवस्था का सामना करने के लिए मानसिक तौर पर पहले से ही तैयारी कर लें। उम्र बढ़ने के साथ स्वास्थ्य में कई तरह का परिवर्तन होता है और इससे व्यक्ति के सेक्सुअल प्रदर्शन पर भी असर दिखने लगता है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति अपने आप को असक्षम और अयोग्य समझने लगता है और एक तरह से हीन भावना से ग्रस्त हो जाता है। व्यक्ति में आत्मसम्मान में कमी, तनाव और निराशा जैसी बहुत सी बीमारियां मनौवैज्ञानिक समस्याओं के कारण पैदा होती हैं, जो आदमी के सेक्सुअल स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ ही, उसके संपूर्ण स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती हैं।

## शेयर करें समस्याएं

व्यक्ति को चाहिए की अपनी पत्नी के साथ अपनी समस्याओं को शेयर करे। संभव है कि वह उन समस्याओं का हल ढूंढने के लिए कोई उपाय बताए और इससे तनाव और निराशा की स्थिति से निकलने में मदद मिले।

## भरपूर लें आहार

हमेशा पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें और नियमित रूप से भोजन करें। प्रोसेस्ड और फैटी भोजन करने से परेहज करें और इसके बदले में प्रचुर मात्रा में ताजे फल और फाइबर युक्त आहार का सेवन करें।

## एक्सरसाइज जरूरी

हर आयु में नियमित रूप से एक्सरसाइज करना जरूरी होता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज कर अपनी ऊर्जा नष्ट नहीं कर हल्का-फुल्का एक्सरसाइज करना चाहिए। इससे शरीर के साथ दिमाग पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है।


## ये भी रखें ध्यान

अपने वजन को हमेशा नियंत्रण में रखें। मोटापा एक साथ कई बीमारियों को निमंत्रण देता है। भोजन में पोषक तत्वों की कमी और कुपोषण से बचने के लिए मल्टीविटामिन्स और सप्लीमेंट लें। शरीर में किसी भी तरह का असहजता महसूस होने पर तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें। जीवन में काम-काजी बने, कुछ न कुछ शारीरिक श्रम अवश्य करते रहें।



# युवाओं के दिल पर अटैक!

जवानी में तमाम लोगों के दिलों पर अटैक होता है, लेकिन आजकल के युवा हार्ट अटैक के भी शिकार हो रहे हैं। एक नई स्टडी में पता लगा है कि कम उम्र में इसके सबसे ज्यादा शिकार भारतीय युवा ही हैं।



एक नए शोध से पता चलता है कि डिवेलप्ड कंट्रीज में जिस उम्र में हार्ट अटैक होता है, हमारे देश के लोग उसके 10 से 15 साल पहले इसके शिकार हो जाते हैं। गौरतलब है कि डिवेलप्ड कंट्रीज में 70 पर्सेंट हार्ट अटैक जहां 70 की उम्र के बाद होते हैं, वहीं हमारे देश में दो-तिहाई हार्ट अटैक 60 से कम उम्र वालों को होते हैं। हाल ही में आई एक स्टडी के मुताबिक, अब 30-40 की एज ग्रुप वालों का दिल भी सेफ नहीं है। मेडिकल साइंस की भाषा में यह एक्सट्रीमली प्रिमैच्योर स्टेज है।

## दिल चाहता है नींद

हार्ट प्रॉब्लम की एक बड़ी वजह यंग इंडिया में नींद में कमी भी है। यंग प्रोफेशनल्स अक्सर अपनी नींद पूरी नहीं करते। अगर वे सोते भी हैं, तो उनका दिमाग अगले दिन के लिए चलता रहता है। दिनभर जो कुछ हुआ, वे उसे सोचते हैं और फिर दिमाग में अगले दिन की प्लानिंग चलती रहती है। इन सबके बीच कंफर्टेबल नींद का तो खात्मा ही हो जाता है। अच्छी नींद जरूरी है, आधी-अधूरी नहीं। जैसे कि रात को भी फोन बज रहा है, एसएमएस पढ़ रहे हैं। नींद की कमी से स्टैमिना खत्म होने लगता है और धड़कन तेज होने लगती है। बिजी लाइफस्टाइल की वजह से यूथ एक्सरसाइज भी नहीं कर पाते। इससे ब्लड प्रेशर भी बढ़ता है।

खासकर कॉल सेंटर जैसी नाइट शिफ्ट जॉब करने वालों की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। वैसे तो उनके पास सोने के लिए दिन होता है, लेकिन तब वे दूसरे कामों में लगे रहते हैं और बस 2-4 घंटे की ही नींद लेते हैं। बकौल डॉ. चानना, हार्ट के लिए अच्छी नींद बेहद जरूरी है। यही वजह है कि आजकल 25, 28 और 32 साल की उम्र में हार्ट अटैक हो रहे हैं। नींद के लिए टाइम तो निकालना ही पड़ता है। लेकिन जब तक मेंटली फ्री नहीं होंगे, तब तक अच्छी नींद कैसे आएगी? रिसर्च बताती है कि 6 घंटे से कम सोने वालों को हार्ट अटैक होने की आशंका ज्यादा रहती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि नींद पूरी लेनी चाहिए।

## मस्ती से आठ घंटे सोएं

एक्सपर्ट्स का मानना है कि 6 घंटे की नींद बेहद जरूरी है, लेकिन अगर आप चाहते हैं कि नेक्स्ट डे का काम फ्रेश होकर करें, तो 8 घंटे मस्ती से सोएं। लेकिन इसमें मेडिकेशन का स्कोप कम है और लाइफ स्टाइल इंप्रूवमेंट का रोल ज्यादा है। आपकी डाइट और मेंटल बैलेंस सब मिलकर ही अच्छी नींद देंगे। अगर आप रात को 11 बजे ओवरइटिंग करते हैं, तो आपको अच्छी नींद कहां से आएगी। गौरतलब है कि जो लोग ज्यादा सोते हैं, उनका दिल भी अच्छी हालत में नहीं रहता। लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि ज्यादा देर तक सोना अक्सर



फ्रेगमेंटेड स्लीप होता है। नींद पूरी न होने के कारण ही लोग देर तक सोते रहते हैं। इसलिए स्लीप क्वालिटी मेंटेन करने पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा स्नोरिंग पर भी नजर रखने की जरूरत है। जो लोग ज्यादा खर्राटे लेते हैं, उन्हें अपनी स्लीप स्टडी करानी चाहिए।

## सिमटे रहने से दिल सेफ नहीं

एक ओपन हार्ट सर्जरी इंस्टीट्यूट के बाहर लिखा था, दिल खोल लेते अपना अगर यारों के साथ, तो आज न खोलना पड़ता औजारों के साथ ... । जी हां, अपने आप में सिमटे रहने से भी दिल सेफ नहीं रहता। क्योंकि इससे स्ट्रेस मैनेज नहीं हो पाता। इन दिनों 28 से लेकर 40 तक उम्र वाले हार्ट पेशंट ज्यादा हैं। इसका मेन रीजन यह माना जाता है कि हमारा जेनेटिक मेकअप ही ऐसा है। लेकिन यहां सवाल यह भी उठता है कि अगर जेनेटिक रीजन है, तो पहले यह प्रॉब्लम क्यों नहीं थी? दरअसल, पहले, दूसरे फैक्टर्स कंट्रोल में थे। डाइट और स्ट्रेस में ऐसा असंतुलन नहीं था। अब वेजिटेबल इनटेक कम हो गया है। सिर्फ मेट्रोज में ही नहीं, बल्कि छोटे शहरों में भी फिजिकल एक्टिविटीज कम होती जा रही है। ऐसे में यंगस्टर्स के लिए जरूरी है कि वे स्मोकिंग पर चेक रखें। रेग्युलर ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल चेक कराएं। हर हाल में मेंटल स्ट्रेस कम करें। ग्रुप्स में मिलना और आपस में चीजों को शेयर करना जरूरी है। वर्कप्लेस में भी ग्रुप में घुले-मिलें।

## हार्ट अटैक की दो अवस्थाएं

यंग हार्ट अटैक की दो कैटेगिरीज हैं। एक वह जिनके पैरेंट्स को भी यंग एज में हार्ट अटैक की प्रॉब्लम हुई थी। दूसरे वे जो अपनी बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल के चलते इसकी चपेट में आए। वजह चाहे जो भी हो, यूथ को अपने हार्ट की हेल्थ के लिए पहले से ही एक्टिव हो जाना चाहिए। अगर हेरेडिटरी प्रॉब्लम है, तो 40 की उम्र होते ही रेग्यूलर हेल्थ चेकअप कराना चाहिए। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल का चेकअप बेहद जरूरी है। इन सबके अलावा यूथ में हार्ट अटैक के लिए स्मोकिंग भी जिम्मेदार है। रॉन्ग इटिंग हैबिट्स भी दिल को बीमार कर सकता है।

## जंक फूड में ट्रांस फैटी एसिड

जंक फूड में ट्रांस फैटी एसिड होते हैं, जो हार्ट के लिए नुकसानदायक होते हैं। पिज्जा और बर्गर जैसे फूड की बजाय फ्रेश ग्रीन वेजिटेबल्स और कलरफुल फ्रूट्स खाना बेहतर रहेगा। दिनभर में कम से कम 5 बार कलरफुल फ्रूट्स और सलाद लें। दरअसल, इनमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स बैड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करते हैं। इसके अलावा ऑल्मंड और वॉलनट जैसे हेल्दी नट्स की 40-50 ग्राम क्वांटिटी हर रोज लेना चाहिए। दूसरे हर समय मोबाइल और कंप्यूटर से जुड़े रहने की वजह से यूथ की फिजिकल एक्टिविटी बहुत कम हो गई है। ऐसे में हफ्ते में पांच दिन 3-4 मील पैदल चलना फायदेमंद रहेगा। हर रोज 30-40 मिनट की ब्रिस्क वॉकिंग या वर्कआउट भी रुटीन में शामिल होना चाहिए।

### रिस्क फैक्टर

- ओबेसिटी
- स्लीप डिस्ऑर्डर
- डायबिटीज
- एक्सरसाइज में कमी
- हाई कोलेस्ट्रॉल
- स्मोकिंग
- स्ट्रेस

### यह भी करें

- हार्ट एक मसल है, इसलिए प्रोटीन रिच डाइट लें।
- स्ट्रेंथ बिल्डिंग एक्सरसाइज भी जरूरी है।
- हार्ट-स्पेसिफिक न्यूट्रिएंट्स लें।
- ग्रुप्स में घुले-मिलें। इससे स्ट्रेस कम होता है।



# आईपीएल का यह नियम सिर्फ धोनी के लिए बना है: दिनेश कार्तिक का बड़ा बयान

**दुबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आईपीएल गवर्निंग बॉडी के उस फैसले का पूरा समर्थन किया है जिसमें एमएस धोनी को आगामी सीजन में 'अनकैप्ड' क्रिकेटर के तौर पर खेलने की अनुमति दी गई है। नए रिटेंशन नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जिसने पिछले पांच सालों में भारत के लिए नहीं खेला है, उसे 'अनकैप्ड' माना जाएगा और उसे काफी कम कीमत पर रिटेन किया जा सकता है। यह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छी खबर है, जो इस नियम का इस्तेमाल पूर्व कप्तान एमएस धोनी को रिटेन करने के लिए कर सकते हैं और कार्तिक का मानना है कि यह नियम 'सिर्फ एक व्यक्ति के लिए' बनाया गया था।

उन्होंने कहा, 'हर कोई इसके बारे में बात करता है। यह नियम एक व्यक्ति के लिए बनाया गया है और मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं। वह व्यक्ति आईपीएल के इस इतिहास का एक बड़ा हिस्सा रहा है। अगर हर कोई खुश है - चाहे वह बीसीसीआई हो, कोई भी टीम हो, चाहे लीग ने पिछले कुछ सालों में कैसा प्रदर्शन किया हो और पिछले 15-18 सालों में इसने खिलाड़ियों को कितना खुश रखा हो, इस व्यक्ति ने इसमें अहम भूमिका निभाई है।'

उन्होंने कहा, 'आप किसी भी टीवी ब्रॉडकास्टर से पूछ सकते हैं और आपको जवाब मिलेगा कि जब यह व्यक्ति मैदान पर उतरता है, तो रेटिंग बढ़ जाती है। यह एक तथ्य है। अगर आप कुछ ऐसा करने जा रहे हैं जिससे लीग को मदद मिलेगी, तो क्यों नहीं? आप नियमों को तोड़ना नहीं चाहते, लेकिन अगर यह निष्पक्ष है, जहां सभी टीमों को सूचित किया गया है और उन्हें लगता है कि यह निष्पक्ष है, तो चलिए आगे बढ़ते हैं। क्यों नहीं? वह एक खास क्रिकेटर है।'

धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन उन्होंने भारत के लिए आखिरी बार जुलाई 2019 में खेला था। उनका आखिरी मैच 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ था, जिसमें भारत हार गया था। आईपीएल के एक बयान में कहा गया है, 'एक कैप्ड भारतीय खिलाड़ी अनकैप्ड हो जाएगा, अगर उसने संबंधित सीजन के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, ट्वेंटी20 इंटरनेशनल) में नहीं खेला हो या उसके पास बीसीसीआई के साथ केंद्रीय अनुबंध नहीं हो। यह केवल भारतीय खिलाड़ियों के लिए लागू होगा।'



# 102 डिग्री बुखार के बावजूद की बल्लेबाजी, भारतीय बल्लेबाज को ले जाना पड़ा अस्पताल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई और शेष भारत के बीच ईरानी कप मैच के दूसरे दिन के खेल के तुरंत बाद मुंबई के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को तेज बुखार के कारण लखनऊ के एक स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। एक रिपोर्ट अनुसार ठाकुर ने बीमारी से जूझते हुए सरफराज खान के साथ मिलकर नौवें विकेट के लिए 73 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी में 36 रनों का योगदान दिया। जब वह क्रीज पर थे तो उन्हें 102 डिग्री बुखार था।

पहले दिन ठाकुर में बीमारी के लक्षण दिखाई देने लगे थे, उन्हें हल्का बुखार था। हालांकि दूसरे दिन करीब दो घंटे बल्लेबाजी करने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। ऑलराउंडर को पारी के दौरान दो बार ब्रेक लेना पड़ा, जिसके दौरान टीम के डॉक्टर ने उनका इलाज किया। अपने बिगड़ते स्वास्थ्य के बावजूद ठाकुर ने आगे बढ़कर अपनी टीम के लिए काम किया और अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी। उनकी शानदार पारी के बाद मुंबई टीम प्रबंधन ने उन्हें पास के अस्पताल में ले जाने का फैसला किया, जहां उन्हें रात भर निगरानी में रखा जाएगा।

मेडिकल टीम ठाकुर की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है, डॉक्टरों द्वारा उनका मूल्यांकन करने के बाद तीसरे दिन के लिए उनकी फिटनेस पर निर्णय लेने की उम्मीद है। एक सूत्र के हवाले से इंडियन एक्सप्रेस ने लिखा ठाकुर पूरे दिन कमजोर महसूस कर रहे थे, लेकिन बुखार के बावजूद उन्होंने बल्लेबाजी करने पर जोर दिया। मलेरिया और डेंगू जैसी संभावित बीमारियों के लिए मेडिकल टेस्ट किए गए, और मैच में उनकी आगे की भागीदारी के बारे में कोई भी निर्णय लेने से पहले टीम नतीजों का इंतजार कर रही है। ठाकुर ने 59 गेंदों पर एक छक्का और चार चौके लगाए। उन्होंने सावधानी से खेला, जल्दबाजी में शॉट लगाने से बचते हुए सरफराज खान का साथ देने की कोशिश की, जो दूसरे दिन के अंत में 221 रन बनाकर नाबाद रहे।

# अश्विन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है: पाकिस्तान के महान खिलाड़ी ने माना

**स्पोर्ट्स डेस्क।** दो दिन बारिश में धुल जाने के बावजूद बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में भारत की जीत न केवल एक बार फिर टीम के कौशल और अजेय स्वभाव को उजागर करती है, बल्कि यह भी बताती है कि रोहित शर्मा और उनके लड़के शीर्ष पर पहुंचने के बाद भी कैसे बने रहते हैं। कई अन्यों की तरह पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा भी इस विशेषता के लिए भारतीय टीम से प्रभावित हैं। इसी के साथ ही वह रविचंद्रन अश्विन के काफी प्रभावित दिखे और कहा कि उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है।



रमीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस समय घरेलू मैदान पर टीम इंडिया को हराना सबसे कठिन है। लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी में टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए जो चीज और भी बेहतर बनाती है, वह है विदेशों में जीत। वे न केवल विदेशों में प्रतिस्पर्धी हैं, बल्कि मैच भी जीतते हैं, जिसकी वजह से भारत ने अपना दबदबा स्थापित किया है।'

भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम की। मेजबान टीम ने चेन्नई में पहला टेस्ट 280 रन से और दूसरा सात विकेट से जीता। पाकिस्तान की 1992 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे रमीज ने रविचंद्रन अश्विन की उनके हरफनमौला कौशल के लिए विशेष प्रशंसा की। अश्विन ने पहले टेस्ट में शतक बनाया और साथी स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के साथ साझेदारी में महत्वपूर्ण रन जोड़े। इसके बाद अश्विन ने बांग्लादेश की दूसरी पारी में छह विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत पूरी की।

रमीज ने कहा, 'एक ऑलराउंडर के तौर पर उन्हें (अश्विन को) उतना सम्मान नहीं मिला, जितना मिलना चाहिए। अगर आप उनके रिकॉर्ड को देखें, तो वे किसी से कम नहीं हैं...वे एक सीधे-सादे क्रिकेटर हैं, हर चीज को अपने हिसाब से लेते हैं। यहां तक कि जब वे 12वें खिलाड़ी होते हैं या टीम से बाहर होते हैं, तो भी वे किसी तरह का गुस्सा नहीं दिखाते। वे टीम की स्थिति और अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। जब उन्हें मौका मिलता है, वे शानदार खेलते हैं....अश्विन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। इसी तरह जडेजा भी हैं, जो महत्वपूर्ण मौकों पर अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हैं।'

# ईरानी कप : सरफराज ने 15वीं तो अभिमन्यु ईश्वरन ने ठोकी 26वीं सेंचुरी, ईशान किशन भी चमके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ के श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ खेलते हुए रैस्ट ऑफ इंडिया टीम ने भी जोरदार शुरूआत की है। दो दिन तक खेलने वाली मुंबई टीम ने पहली पारी में सरफराज खान के 222 रनों की बदौलत 537 रन बनाए थे जिसके जवाब में अभिमन्यू ने शतक लगाकर 50 ओवर के अंदर ही अपनी टीम को 200 रन पार करवा दिए। अभिमन्यू का यह शतक तब सामने आया है जब मुंबई की ओर से सरफराज ने दोहरा शतक जड़ा था। यह दोनों प्लेयर प्रथम श्रेणी में शानदार रिकॉर्ड रखते हैं। सरफराज ने जहां प्रथम श्रेणी का अपना 15वां शतक जड़ा है तो वहीं, अभिमन्यू भी अब 26 शतक जड़ चुके हैं।




## मुंबई : 537-10 (141 ओवर)

मुंबई की शुरूआत खराब रही थी। 12वें ओवर के अंदर ही मुंबई ने 37 रन पर 3 विकेट गंवा लिए थे। पृथ्वी ने 4, अयुष 19 तो हार्दिक 0 पर आऊट हो गए। लेकिन तभी कप्तान अजिंक्य रहाणे ने एक छोर संभाला और श्रेयस अय्यर (57) के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। रहाणे शतक लगाने से चूक गए। उन्होंने 234 गेंदों पर 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 97 रन बनाए। इस दौरान सरफराज खान का उन्हें बाखूबी साथ मिला। सरफराज ने रहाणे के आऊट होने के बाद तनुष कोटियन (64) के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। अंत में शार्दुल ठाकुर ने बीमारी के बावजूद 59 गेंदों पर 36 रन बनाए। सरफराज 286 गेंदों पर 25 चौके और 4 छक्कों की मदद से 222 रन बनाने में सफल रहे और टीम स्कोर 537 तक पहुंचा दिया। रैस्ट ऑफ इंडिय की ओर से मुकेश कुमार ने 30 ओवर में 110 रन देकर 5 विकेट लीं। यश दयाल और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट लीं।

## रैस्ट ऑफ इंडिया

जवाब में रैस्ट ऑफ इंडिया की शुरूआत भी खराब रही। जब कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ मात्र 9 रन बनाकर आऊट हो गए। साई सुदर्शन भी 79 गेंदों पर 32 रनों का ही सहयोग कर पाए। लेकिन इस दौरान एक छोर संभाले खड़े अभिमन्यु ईश्वरन ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए। उन्होंने रन रेट का समान बनाए रखा और 80 की स्ट्राइक रेट से अपना शतक पूरा किया। इस दौरान उन्हें देवदत्त पड्किल और ईशान किशन ने भी सहयोग किया।

# टेस्ट प्रारुप को लोकप्रिय बना रहे बुमराह, शमी सहित ये पांच गेंदबाज : जहीर


मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा कहा है कि टेस्ट प्रारुप को एक बार फिर लोकप्रिय बनाने में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, कैगिसो रबाडा, पैट कमिंस और जोश हेज़लवुड जैसे गेंदबाजों की अहम भूमिका रही है। ये सभी जहीर के पसंदीदा गेंदबाज हैं। जहीर का कहना है कि इन गेंदबाजों के प्रदर्शन से टेस्ट मैचों में रोमांच बढ़ रहा है क्योंकि टेस्ट के परिणाम निकल रहे हैं। जहीर ने कहा कि भारत ने लगातार दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेले हैं और वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। इसलिए बुमराह और शमी मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल हैं। इसके अलावा, मैं रबाडा और हेज़लवुड और कमिंस को शामिल करुंगा। इन गेंदबाजों ने टेस्ट प्रारुप को अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। बुमराह और शमी ने तीनों प्रारूपों में भारतीय टीम के लिए मैच जीते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बुमराह ने भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं शमी टखने की सर्जरी से उबर गये हैं और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 में वह खेलते नजर आयेंगे। शमी ने अब तक 64 टेस्ट, 229 विकेट लिए हैं जबकि बुमराह ने 38 टेस्ट में 170 विकेट लिए है। वहीं रबाडा ने 64 टेस्ट में 299 विकेट लिए हैं। हेजलवुड के नाम 70 टेस्ट में 273 विकेट और कमिंस के नाम 62 टेस्ट में 269 विकेट, हैं। जहीर ने भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह हमेशा जीतना चाहते हैं क्योंकि वह क्रिकेट को सबसे अधिक पसंद करते हैं।

# हरभजन ने रोहित को इस कारण धोनी से बेहतर कप्तान बताया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह ने कहा है कि रोहित शर्मा कुछ मामलों में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से भी बेहतर कप्तान साबित हुए हैं। हरभजन ने कहा कहा, मैंने रोहित को धोनी से अधिक वरीयता इसलिए दी है क्योंकि रोहित खिलाड़ियों के कप्तान हैं। वह खिलाड़ियों के पास जाते हैं और उनसे पूछते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। उनके साथी खिलाड़ी उनसे बहुत अच्छी तरह से जुड़ते हैं पर धोनी का अंदाज अलग था। धोनी किसी से बात नहीं करते थे। वह बिना बोले ही शांत रहकर अपने विचार व्यक्त करते थे। दूसरों से बात करने का यही उनका तरीका था। साथ ही कहा कि धोनी और रोहित पूरी तरह से अलग-अलग तरह के कप्तान हैं। धोनी कभी भी किसी खिलाड़ी को कहां क्षेत्ररक्षण करना है नहीं पूछते थे। वह सभी को अपनी गलतियों से सीखने का अवसर देते थे। धोनी तीन बार आईसीसी खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान हैं. जबकि रोहित ने भारत को अब तक एक बार ही टी20 विश्व कप जिताया है।

# महिला टी20 विश्व कप शुरू, निगार सुल्ताना ने पहले ही मुकाबले में बनाया रिकॉर्ड

खेल डैस्क। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 का उद्घाटन मुकाबला बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच खेला गया, जोकि निगार सुल्ताना का 100वां टी20 मैच भी है। निगार टूर्नामेंट के नौवें संस्करण में बांग्लादेश टीम का नेतृत्व कर रही है। सुल्ताना ने 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना टी20ई डेब्यू किया। उन्होंने बहुत कम समय में खुद को बल्लेबाजी इकाई में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया। वह 2016 महिला टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की अग्रणी रन-स्कोरर थीं। निगार सुल्ताना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नाबाद 113 रन है जिससे वह टी20ई में शतक बनाने वाली पहली बांग्लादेशी क्रिकेटर बनी थी। उस मैच में फरगना हक के साथ तीसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड भी उनके नाम है, जो आज भी कायम है। उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। एक सक्षम विकेटकीपर-बल्लेबाज, सुल्ताना 2020 महिला टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की अग्रणी रन-स्कोरर भी थीं, जिन्होंने चार पारियों में 114 रन बनाए। जनवरी 2022 में, उन्हें मलेशिया में राष्ट्रमंडल खेल क्रिकेट क्वालीफायर टूर्नामेंट के लिए बांग्लादेश टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। सुल्ताना ने 2022 महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर में बांग्लादेश की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने दो अर्धशतक सहित 5 पारियों में 180 रन के साथ टीम की शीर्ष रन-स्कोरर रही। उसी टूर्नामेंट के दौरान, वह टी20ई में 1,000 रन पूरे करने में सफल रही। सुल्ताना ने बल्ले और स्टंप के पीछे दोनों में विशिष्टता हासिल की है और अपने 100 मैचों में 8 अर्द्धशतक और एक शतक सहित 1,900 से अधिक रन बनाए।



# विनेश फोगाट के बारे में बोली मैरीकॉम, वजन का प्रबंधन करना एथलीट की जिम्मेदारी है

**मुंबई (एजेंसी)।** छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम ने बृहस्पतिवार को पेरिस ओलंपिक में 100 ग्राम से अधिक वजन होने के कारण पहलवान विनेश फोगाट को हुई निराशा को लेकर इस विवाद पर कहा कि निर्धारित सीमा के भीतर वजन बनाये रखना खिलाड़ी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

चार बच्चों की मां और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम (42 वर्ष) ने यहां एक कार्यक्रम के इतर पहली बार विनेश के बारे में बोलते हुए कहा कि पेरिस ओलंपिक में समय सीमा में वजन का प्रबंधन करना एथलीट की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'मैं इतनी निराश हुई थी कि मैंने भी पिछले इतने वर्षों से यही वजन प्रबंधन किया है। वजन महत्वपूर्ण होता है, यह मेरी जिम्मेदारी है। मैं किसी अन्य को दोषी नहीं ठहरा सकती।'

मैरीकॉम ने कहा, 'मैं उसके (विनेश) मामले में यह नहीं कहना चाहती हूं। मैं यह सिर्फ अपने मामले में ही कह रही हूं। अगर मैं अपना वजन ही सही तरह से नहीं घटा पाऊंगी तो मैं कैसे खेलूंगी? मैं वहां पदक जीतने के लिए थी, मुझे ऐसा ही लगता है।' मैरीकॉम पहले भी अपने वजन कम करने का रूटीन बता चुकी हैं कि यह प्रक्रिया कितनी मुश्किल हो सकती है। मणिपुर की इस मुक्केबाज ने पिन वेट (46 किग्रा) वर्ग से शुरूआत की और फिर अपने अमेच्योर कैरियर में फ्लाईवेट (51 किग्रा) वजन में खेलने लगीं।

पेरिस में स्वर्ण पदक दावेदार मानी जा रही विनेश ने खाना पीना छोड़कर पूरी रात 'वर्कआउट' किया और अपने बाल भी कटाए लेकिन फिर भी वह 100 ग्राम से चूक गईं। मैरीकॉम खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भारतीय मुक्केबाजी पर चर्चा करना चाहती हैं क्योंकि वह पेरिस ओलंपिक में देश के मुक्केबाजी अभियान से अब तक नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय महासंघ और खेल मंत्री से मिलकर बात करके समझना चाहती हूं कि 'किस चीज की कमी' हो रही है।

भारतीय मुक्केबाजी दल में दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन शामिल थीं लेकिन देश के नाम एक भी पदक नहीं हो सका। लंदन 2012 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर भारत की ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला मुक्केबाज बनी मैरीकॉम ने कहा, 'हम नतीजा जानते हैं, यह बहुत बुरा था। मैं जानना चाहती हूं कि किस चीज की कमी है।'


राज्यसभा की पूर्व सदस्य मैरीकॉम कहा, 'अगर जरूरत पड़ी तो मैं मुक्केबाजों से भी मिलूंगी। अगर खेल मंत्री को इसकी जानकारी है तो मैं उनसे भी इस पर चर्चा करना चाहूंगी।' उन्होंने यह भी दोहराया कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में हिस्सा लेना चाहती हैं। उन्होंने



कहा, 'मैंने अभी तक संन्यास नहीं लिया है लेकिन मैं हिस्सा लेना चाहती हूं। मैं मौके हासिल करने की कोशिश कर रही हूं, पेशेवर मुक्केबाजी में लड़ने के लिए अपने मौके का इंतजार कर रही हूं। मैं वापसी करना चाहती हूं।' मैरीकॉम ने कहा, 'मैं तीन-चार साल और जारी रह सकती हूं, यही मेरी इच्छा है। मेरे अंदर जुनून और भूख है और मैं जारी करना चाहती हूं।'

# स्पेन के मलागा में खेले जाएंगे डेविस कप टेनिस के फाइनल आठ मुकाबले

लंदन। डेविस कप टेनिस के फाइनल आठ मुकाबले 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के मलागा में खेले जाएंगे। इसमें गत विजेता इटली नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से खेलेगी जबकि अमेरिकी टीम का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से नॉकआउट चरण में प्रवेश किया है। अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजेता रही इटली की टीम नॉकआउट चरणों के लिए अपनी टीम को बेहतर करने के प्रयास करेंगी। उसके शीर्ष खिलाड़ी जैपनिक सिनर, ग्रुप चरण से बाहर थे पर वह अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं। अर्जेंटीना ने ब्रिटेन और कनाडा जैसे जैसी टीमों के कठिन ग्रुप में जीत के साथ ही यहां तक का सफर तय किया है। वहीं अर्जेंटीना की टीम दो एकल मैच और एक युगल मैच में इटली पर जीत का प्रयास करेगी। एक अन्य मुकाबले में अमेरिकी टीम ऑस्ट्रेलिया का सामना करने तैयार रहेगी। ग्रुप फाइनल के दौरान दोनों टीमों के प्रमुख खिलाड़ी उपस्थित नहीं थे पर क्वार्टर फाइनल में वे नजर आ सकते हैं। वहीं एक अन्य क्वार्टर फाइनल में, मेजबान स्पेन और नीदरलैंड खेलेगी जबकि कनाडा का मुकाबला जर्मनी से होगा।



# विश्वकप का हर मैच अहम पर ऑस्ट्रेलिया को हराने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : मंधाना

दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है कि टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराने के लिए सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनन करना होगा। मंधाना के अनुसार उनकी टीम को लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज करना है पर ये आसान नहीं रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अब तक तीन बार टी20 विश्व कप जीता है। साल 2020 में उसने फाइनल में भारत को हराया था। वहीं साल 2023 में दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराया था। इस बार भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से 13 अक्टूबर को खेलेगी। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 अक्टूबर को खेलेगी। वहीं उसका दूसरा मुकाबला पाकिस्तान से होगा। मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप ए के पहले मैच से पहले कहा, 'विश्व कप का हर मैच महत्वपूर्ण होता है और सभी में सौ फीसदी देना होगा। वहीं न्यूजीलैंड और श्रीलंका भी काफी अच्छी हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तो कोई गलती की ही नहीं जा सकती।' उन्होंने कहा, 'हमें आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह एक काफी अच्छी टीम है और उसे हराना बड़ी चुनौती है।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला हमेशा जुनून से भरा होता है। भारत-पाक मुकाबला छह अक्टूबर को होगा। मंधाना ने कहा, 'भारत और पाक के मुकाबले में दोनों टीमों के समर्थकों में जुनून रहता है। वहीं ऐसा खिलाड़ी भी इससे कुछ हद तक प्रभावित होते हैं जिससे ये रोमांचक हो जाता है।' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए विश्व कप का हर मैच महत्वपूर्ण है और हम सभी में अपनी ओर से पूरा प्रयास करेंगे।'




# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के दौरे के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषणा की, इन प्लेयर्स को मिली जगह




लंदन - इंग्लैंड ने जोस बटलर की अगुवाई में वेस्टइंडीज के दौरे के लिए अपनी सीमित ओवरों के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषणा की है। बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर रहे थे। इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में बराबरी की थी और एकदिवसीय सीरीज में मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। बटलर की अनुपस्थिति में फिल साल्ट और हैरी ब्रुक ने क्रमश- टी-20 और एकदिवसीय टीमों की अगुआई की थी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में लेग स्पिनर जाफर चौहान, जॉन टर्नर और डैन मूसली अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। जॉन टर्नर और डैन मूसली ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई सीरीज का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें मैच नहीं खेलने का मौका मिला। इंग्लैंड 31 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा।

**वेस्टइंडीज दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम**

जोस बटलर (कप्तान), जोफा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम करन, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपली और जॉन टर्नर।

# डाक्टर ने कर दिया था दौड़ने से मना, एथलीट ट्विंकल ने शानदार वापसी से ट्रैक पर बिखेरी चमक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साहस, संकल्प और सहनशीलता, ये गुण एक खिलाड़ी को मजबूत बनाते हैं। एथलेटिक्स में चोट और जीत के बीच एक पतली रेखा होती है। शरीरिक फिटनेस की मांग गंभीर चोट का कारण बन सकती है। ऐसे में जहां कई खिलाड़ी हिम्मत हार जाते हैं, वहीं कुछ दृढ़ निश्चय के बदौलत मैदान में वापसी में वापसी कर और शानदार प्रदर्शन करते हैं। ऐसी ही अंतरराष्ट्रीय धावक हैं 26 वर्षीय ट्विंकल चौधरी।

पंजाब के जालंधर स्थित पटेल चौक की रहने वाली ट्विंकल को 2019 में एक रेस के दौरान पैर की हड्?डी में चोट लग गई थी। एक साल तक उपचार चला। ट्विंकल ने जब चोट से उभर कर अभ्यास शुरू किया तो काफी दर्द था। धावक ने दर्द को एक चुनौती के रूप में सहन किया। छह महीने तक शरीर को मजबूत बनाया। फिर, दोबारा ट्रैक पर लौटीं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल कर माता-पिता और जालंधर का नाम रोशन किया।

ट्विंकल ने बताया कि 2019 में उनके पैर के पिछले हिस्से की हड्डी में चोट लग गई थी। इसका उपचार उन्होंने दिल्ली के एक अस्पताल में करवाया। डाक्टर ने कहा, अब उनके लिए दौड़ना संभव नहीं होगा। ट्विंकल ने कहा उन्होंने हौसला नहीं छोड़ा। मन में ट्रैक पर वापसी का जज्बा था। एक वर्ष तक उपचार करवाने के लिए सप्ताह में एक बार दिल्ली जाती रहीं। डाक्टर की हर सलाह मानी। जब चोट 50 प्रतिशत ठीक हो गई थी तो धीरे-धीरे मैदान में अभ्यास करना शुरू किया। एक वर्ष तक किसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया।

ट्विंकल ने कहा, जब खिलाड़ी खेल व मैदान से दूर हो जाता है तो ऐसा लगता है सब कुछ खत्म हो गया है। ऐसे समय में स्वयं को सकारात्मक और मजबूत रखना होता है। इसके लिए उन्होंने ध्यान लगाया। सीनियर कोच सर्बजीत सिंह हैप्पी अभ्यास करवाते रहे ताकि दोबारा चोट की शिकायत न आए। ट्विंकल ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए गत फरवरी में बेंगलुरु में हुई ओपन नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 400 मी रिले रेस में स्वर्ण पदक, 800 मीटर में रजत पदक, 400 मीटर रिले में कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने रूस में हुई ब्रिक्स गेम्स में 800 मीटर रेस में देश का प्रतिनिधित्व किया।



## बाढ़ प्रभावितों से मिले पप्पू यादव बोले- बेकार पड़े हेलिकॉप्टर को भेजा

सहरसा। पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सहरसा के नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों से मिलने के लिए पहुंचे। बाढ़ प्रभावित इलाके में बाइक से लोगों से मिले और एक-एक हजार रुपए के साथ सूखा राशन दिया। वहीं वायु सेना के हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने मामले को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जानबूझ कर सेना को खराब हेलिकॉप्टर मुहैया कराया गया। इससे हादसा हुआ। नीतिश और मोदी सरकार की ओर से भेजी जा रही राहत सामग्री को लेकर कहा कि पांच दिन बाद सेना को भेजा वहां भी बेकार पड़े हेलिकॉप्टर के साथ। इसके कारण सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा दुखद है।

## वरिष्ठ फिल्म पत्रकार काली दास पाण्डेय सम्मानित



**मुम्बई** : अंधेरी (वेस्ट) मुम्बई स्थित मेयर हॉल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र की चर्चित समाज सेवी संस्था कृष्णा चौहान फाउंडेशन (केसीएफ) के संस्थापक व संचालक डॉ कृष्णा चौहान के द्वारा आयोजित 'महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2024' समारोह में हजारीबाग (झारखंड) की धरती से जुड़े वरिष्ठ फिल्म पत्रकार/ अधिवक्ता काली दास पाण्डेय को बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता, निमार्ता व निर्देशक धीरज कुमार, टीवी सीरियल 'महाभारत' के द्रोणाचार्य अभिनेता सुरेंद्र पाल, संगीतकार दिलीप सेन, मुम्बई पुलिस कमिश्नर संजय पाटिल और यूनियन लीडर साउंड रिकॉर्डिस्ट बी एन तिवारी की उपस्थिति में महात्मा गांधी रत्न अवॉर्ड दे कर सम्मानित किया गया।

## आज केजरीवाल सरकारी आवास छोड़कर आप सांसद के घर में करेंगे प्रवेश

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे। इसके बाद केजरीवाल आप सांसद अशोक मित्तल के घर में रहेंगे। आप सांसद का घर नई दिल्ली विधानसभा में ही आता है। केजरीवाल अब यहीं से अपनी सीट और दिल्ली चुनाव का प्रचार नए ठिकाने से देखेंगे। सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद केजरीवाल के नए आवास को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। अरविंद केजरीवाल शुक्रवार 4 अक्टूबर को अपना सरकारी आवास पूरी तरह खाली कर देंगे। इसके बाद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के सांसद अशोक मित्तल के घर पर रहेंगे। आम आदमी पार्टी के कई नेताओं, पार्षदों, विधायकों और सांसदों ने केजरीवाल को अपना घर देने की पेशकश की थी। केजरीवाल का बतौर सीएम सिविल लाइंस में फ्लैगस्टाफ रोड पर स्थित सरकारी आवास ही उनका पर्मानेंट ठिकाना था। सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद अब उन्हें यह घर खाली करना था। एक दिन पहले ये अटकलें लगाई जा रही थी कि वह मंडी हाउस के पास फिरोज शाह रोड पर आम आदमी पार्टी के दो सांसदों को आवंटित सरकारी बंगले में से किसी एक के घर रहने के लिए जा सकते हैं।

## हॉस्पिटल में डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के कालिंदी कुंज स्थित जैतपुर इलाके के नीमा हॉस्पिटल में दो नाबालिगों ने एक 55 साल के डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान यूनानी डॉक्टर जावेद अख्तर के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। उनकी तलाश की जा रही है। हॉस्पिटल कर्मचारियों के अनुसार, दोनों आरोपियों की उम्र 16 से 17 साल के बीच थी। उनमें से एक आरोपी का 1 अक्टूबर को पैर के अंगूठे में चोट का इलाज हुआ था। वह बुधवार देर रात एक लड़के के साथ हॉस्पिटल पहुंचा था।

## नौकरी दिलाने के नाम पर कोचिंग संचालक ने कई युवाओं से की धोखाधड़ी

गाजीपुर। फर्जी परिचय पत्र देने और नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी कर करीब 15 लाख रुपये ठगने वाले गिरोह को पुलिस तलाश रही है। ठगी का आरोप कोचिंग संचालक और उसके सहयोगियों पर लगा है। गाजीपुर पुलिस ने संचालक सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। कुछ दिन पूर्व नगदिलपुर के रहने वाले विदेशी चौधारी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपने साथ हुए फ्रॉड की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि फर्जी तरीके से बिहार में नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी की। करीब 15 लाख रुपये और 10 लाख रुपये की जमीन आरोपियों ने ले ली। मांगने पर वापस करने से इंकार कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मामला नकदीलपुर गांव में चलने वाला बकसु बाबा कोचिंग सेंटर का है। जहां आस-पास के गांव के साथ ही यूपी और बिहार के कई जिलों के युवक आर्मी भर्ती, पुलिस भर्ती और अन्य भर्ती के लिए कोचिंग करने आते हैं। इसका फायदा उठाकर कोचिंग संचालक विनोद कुमार गुप्ता ने इन लोगों को नौकरी दिलाने का लालच दिया। आरोप है कि कोचिंग संचालक ने इसके बदले 10 से 15 लाख रुपये लिए। आरोपी ने बिहार सरकार के सचिवालय में एलडीसी की भर्ती का फर्जी नियुक्ति पत्र और आई कार्ड भी सभी अभ्यर्थियों को दे दिया। जब अभ्यर्थी बिहार सचिवालय पहुंचे, तब उन लोगों को पता चला कि इस तरह के पद का वहां पर विज्ञापन नहीं आया है। इसके बाद यह सभी लोग वापस आए, अपने पैसे के लिए दबाव बनाने लगे। गुप्ता ने कई लोगों को 8 से 9 लाख रुपये का चेक किसी नीतू नाम की महिला के बैंक खाते का दिया।

# हरियाणा में थमा चुनाव प्रचार...राज्य की 90 सीटों पर कल होगा मतदान

**-भाजपा-कांग्रेस में मुकाबला, इनेलो-बसपा और निर्दलीय दर्जनभर सीटों पर टक्कर में**

**-जाट-दलित-बागी तय करेंगे सरकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा में गुरुवार को चुनाव प्रचार थम गया। यहां की 90 सीटों पर 5 अक्टूबर को एक साथ वोट डाले जाएंगे। भाजपा और कांग्रेस ने दिल्ली से सटे इस राज्य में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों दलों में है। बीते 10-12 दिन में भाजपा यहां रिकवरी मोड में नजर आई और उसने कई चीजों को ठीक किया। दूसरी ओर कांग्रेस ने अपने पक्ष में दिख रहे माहौल को बनाए रखने के लिए दिन-रात एक कर रखा है। प्रदेश में तकरीबन डेढ़ दर्जन सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला बेहद कड़ा है। यहां आखिरी समय में पलड़ा किसी भी तरफ झुक सकता है। इन सीटों पर जीत-हार का मार्जिन भी कम रहने का अनुमान है। कई सीटों का रिजल्ट इस बात पर भी डिपेंड करेगा कि वहां थर्ड प्लेयर के रूप में इनेलो-बसपा, आपऔर जेजेपी-एएसपी के अलावा निर्दलीय कितने वोट ले पाते हैं।

हरियाणा की 90 सीटों में से कांग्रेस 40 से 50 और भाजपा 22 से 32 सीटों पर मजबूत दिख रही है। भाजपा की सीटों का आंकड़ा बहुत हद तक इस बात पर भी डिपेंड रहेगा कि साइलेंट वोटर आखिरी समय में किस तरफ जाता है और जाट-दलित वोट बंटते हैं या नहीं। साध्वी यौन शोषण केस में सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम पोलिंग से ठीक पहले पैरोल पर बाहर आ चुका है। कांग्रेस इसके खिलाफ चुनाव आयोग गई, लेकिन उसकी आपत्तियां दरकिनार कर दी गईं। राज्य की दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर डेरे का प्रभाव है और वह आधा दर्जन से ज्यादा सीटों पर रिजल्ट प्रभावित कर सकता है। इसका फायदा भाजपा को मिलने का अनुमान है। अन्य दलों की बात करें तो इनेलो-बसपा गठबंधन 1 से 5 और निर्दलीय 4 से 9 सीटों पर आगे रह सकते हैं। दर्जनभर सीटों पर वह मुख्य टक्कर में हैं। आम आदमी पार्टी का वोट शेयर तो इस बार बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन वह एकाध सीट पर ही मुख्य मुकाबले में है। दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी और सांसद चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी कहीं फाइट में नजर नहीं आती।

### बागी-भितरघात से निपटना चुनौती

विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के लिए बागी और भितरघात से निपटना बड़ी चुनौती है।भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर के बीच अपने प्रबंधन और ताबड़तोड़ प्रचार के दम पर बगावत और भितरघात से निपटने की कोशिश में लगी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 28 सितंबर को हिसार में रैली की थी। 21 सीट वाली जाट बाहुल्य बागड़ बेल्ट में हुई इस रैली और मोदी-शाह के आक्रामक रवैये से बदलाव दिखना शुरू हुआ। उम्मीदवारों के साथ-साथ वर्करों का मनोबल भी बढ़ा। कांग्रेस सीटों के लिहाज से वह सबसे बड़ी पार्टी तो बनती दिख रही है। मेवात की 3 सीटों पर वह सेफ दिख रही है। बांगर (9 सीट) और जाटलैंड कहलाने वाली देशवाल (14 सीट) बेल्ट में भी पार्टी को एडवांटेज तो नजर आता है, लेकिन उसके कई कैंडिडेट नजदीकी मुकाबले में फंसे हैं। कांग्रेस को सबसे बड़ी उम्मीद जीटी रोड (23 सीट), अहीरवाल (11 सीट) और साउथ हरियाणा (9 सीट) से है। यह तीनों इलाके भाजपा का गढ़ कहे जा सकते हैं।

### भाजपा के लिए चुनौती

चुनौतियों की बात करें तो भगवा पार्टी के लिए भितरघात और बागी मुश्किल पेश कर सकते हैं। भाजपा हाईकमान ने अहीरवाल बेल्ट में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत को फ्री हैंड दिया और सबसे ज्यादा चुनौतियां इसी इलाके में नजर आती हैं। 2014 में पार्टी ने यहां की सभी 11 और 2019 में 11 में से 8 सीटें जीती थी। यहां भाजपा के कई बड़े चेहरे या तो चुप बैठे हैं या फिर पार्टी उम्मीदवार की जगह विरोधी की मदद में लगे हैं। इसी भीतरघात के चलते अहीरवाल बेल्ट में भाजपा के कई दिग्गज चेहरे भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर नहीं आ रहे। भाजपा के लिए बागी भी मुसीबत बने हुए हैं। पार्टी नेतृत्व के तमाम प्रयासों, मिन्नतों और घुड़कियों के बावजूद 15 सीटों पर उसके तकरीबन डेढ़ दर्जन बागी मैदान से नहीं हटे। यही कारण है कि अमित शाह से लेकर राव इंद्रजीत तक को सभाओं में ये बात कहनी पड़ रही है कि लोग भाजपा के कैंडिडेट को देखकर नहीं, बल्कि कमल का निशान देखकर वोट दें।

### कांग्रेस के लिए चुनौतियां

कुछ हफ्ते पहले तक सब कुछ कांग्रेस के फेवर में नजर आ रहा था, लेकिन बीते 10-12 दिन उसके लिए अच्छे नहीं कहे जा सकते। पार्टी उम्मीदवारों से लेकर रणनीति बनाने वाले भी ऑफ द रिकॉर्ड बातचीत में इससे इनकार नहीं कर रहे। सत्ता कभी कोई तश्तरी में सजाकर नहीं देता, ये बात कांग्रेस के जो कैंडिडेट भूल गए थे, वह अब दिक्कत में नजर आ रहे हैं। आखिरी समय तक मैदान नहीं छोड़ने और कमजोर पोजिशन को भांपकर एक्स्ट्रा ताकत झोंक देने वाली भाजपा के सामने ओवरकॉन्फिडेंस का शिकार हो जाना कहीं न कहीं भारी पड़ता दिख रहा है। रोहतक शहर की सीट हुड्डा कैंप के लिए नाक का सवाल बन गई है। सोनीपत, गन्नौर, राई, बादली और बहादुरगढ़ का गढ़ बचाने के लिए उसे अतिरिक्त ताकत लगाते हुए राहुल गांधी का रोड शो कराना पड़ गया। कांग्रेस को अपने नेताओं की गुटबाजी से भी नुकसान हो रहा है। एक दर्जन के आसपास सीटों पर कैंडिडेट्स हुड्डा कैंप और सैलजा धड़े की अंदरुनी खींचतान के शिकार हैं।

## दादासाहेब फाल्के पुरस्कार धर्मेंद्र जी को मिलना चाहिए : हेमा मालिनी

**-मिथुन चक्रवर्ती को बताया अच्छा एक्टर**

कोटा। दशहरा मेला उद्घाटन में दुर्गा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देने कोटा पहुंची बॉलिवुड अभिनेत्री और मथुरा सांसद हेमा मालिनी ने दादासाहेब फाल्के पुरस्कार को लेकर एक बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने कहा है कि यह अवार्ड धर्मेंद्र जी को दिया जाना चाहिए। गौरतलब है कि इस साल का दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड डिस्को डांसर मिथुन चक्रवर्ती को दिए जाने की घोषणा की जा चुकी है। ऐसे में हेमा का यह बयान खासा मायने रखता है। अपने जमाने की मशहूर एक्ट्रेस और वर्तमान सांसद हेमा मालिनी गुरुवार को कोटा पहुंची हैं। यहां वो दशहरा मेला उद्घाटन में दुर्गा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगी। इससे पहले उन्होंने उम्मेद भवन पैलेस में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दादासाहेब फाल्के को पुरस्कार हर साल एक कलाकार को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कलाकारों को पुरस्कार मिलना ही चाहिए। जब उनसे मिथुन चक्रवर्ती को अवार्ड दिए जाने का सवाल किया गया तो उन्होंने बड़ा बयान देने हुए कहा, कि मुझे लगता है कि धरम जी को यह पुरस्कार मिलना चाहिए था। वैसे धरमी जी को तो 10-15 साल पहले ही यह पुरस्कार मिल जाना चाहिए था। इसके साथ ही उन्होंने मिथुन दा की तारीफ करते हुए कहा कि इस वर्ष मिथुन को अवार्ड मिला है, वो बहुत अच्छा एक्टर और व्यक्ति हैं। इसी दौरान हेमा मालिनी ने कोटा पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, कि यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लगा है। प्लेन से रिवर फंट देखकर बहुत अच्छा लगा वह बहुत सुंदर दिखा। उन्होंने कोटा की डोरिया साड़ी का भी जिक्र किया और कहा कि जब साड़ियों का नाम आता है तो कोटा डोरिया साड़ी का जिक्र भी आता है। कोटा साड़ियों के लिए फेमस है। हेमा मालिनी ने नृत्य नाटिका के संबंध में भी बात की और बताया कि कोटा में नृत्य नाटिका प्रस्तुति का अवसर मिला है। इसके बाद हेमा मथुरा में भी दुर्गा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देने जाएंगी।



## जिनको घंटे और शंख से परेशानी होती है, वो अपने कान बंद कर लें

**- जब-जब अत्याचार बढ़ेगा, हरि आएंगे**

**- कांग्रेस देश को नशे की ओर धकेलना चाहती है**



**कैथल (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। कैथल और जींद में आयोजित जनसभाओं में योगी ने सनातन संस्कृति और कांवड़ यात्रा को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को घंटे और शंख की आवाज से परेशानी होती है, वे अपने कान बंद कर लें और घर में रहें। योगी ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा में डीजे, घंटा और घड़ियाल बजते रहेंगे, और अगर कोई इसमें बाधा डालने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कैथल में जनसभा के दौरान सीएम योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, जब-जब अत्याचार बढ़ेगा, हरि आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर सनातन धर्म से नफरत करने और समाज को बांटने का आरोप लगाया। योगी ने कहा कि कांग्रेस देश को नशे की ओर धकेलना चाहती है और इसके नेता नशे के कारोबार में लगे हुए हैं। उन्होंने नशे के कारोबारियों की तुलना पौराणिक दानव चंड-मुंड और महिषासुर से की।

जींद में योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि 2017 से पहले कांवड़ यात्रा को बाधित किया जाता था, लेकिन उनकी सरकार ने इसे पूरी स्वतंत्रता से चलने दिया। उन्होंने कहा, कांवड़ यात्रा में डीजे भी बजेगा, घंटा और घड़ियाल भी बजेगा। जिन लोगों को इससे परेशानी होती है, वे अपने कान बंद कर लें और अपने घरों में रहें।

योगी आदित्यनाथ ने डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने विरासत के सम्मान के साथ-साथ विकास का कार्य भी किया है। उन्होंने बताया कि हाईवे, एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसें और शैक्षणिक संस्थान जनता को दिए गए हैं। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस सिर्फ खटाखट वाली सरकार थी, जिसने देश को सफाचट कर दिया।

## बिहार को अब जाति नहीं... काबिलियत पर ध्यान देना चाहिए

**-पीके ने पार्टी लांच करते ही लालू और नीतिश पर बोला हमला**



**पटना (एजेंसी)।** चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) ने बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरणों और नेताओं की भूमिका पर अपनी राय रखी। उन्होंने नीतीश कुमार और लालू यादव की पार्टियों को जातीय राजनीति के मुद्दे पर आड़े हाथों लेकर कहा कि इन दोनों नेताओं को जबरन अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) का नेता बना दिया गया, जबकि उनकी जातियां ईबीसी में नहीं आतीं। पीके का कहना था कि बिहार की राजनीति में जातियों की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन यह राजनीति की एकमात्र सच्चाई नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि जैसे कर्नाटक और गुजरात में भी जातियों का महत्व है, लेकिन वहां की राजनीति केवल जाति तक सीमित नहीं है। पीके ने दावा किया कि 2014 के बाद से बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर बड़ी संख्या में लोग वोट दे रहे हैं, जबकि पीएम मोदी की जाति बिहार में नहीं पाई जाती।

आरजेडी के जातिगत समीकरण पर पीके ने कहा कि यादवों के साथ मुसलमानों का आरजेडी को समर्थन मिलता है, जबकि मुसलमान लालू की जाति से नहीं हैं। इससे साफ होता है कि जाति के अलावा भी राजनीतिक समर्थन का आधार हो सकता है।

प्रशांत किशोर ने जाति आधारित राजनीति की आलोचना कर कहा कि अब बिहार को जाति से आगे बढ़कर काबिलियत पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अपनी पार्टी जन सुराज के अध्यक्ष मनोज भारती का उदाहरण देकर कहा कि उन्हें उनकी काबिलियत के आधार पर चुना, न कि उनकी जाति के आधार पर। पीके का कहना था कि काबिलियत ही समाज को आगे बढ़ाने का सही मार्ग है, और हर जाति के काबिल लोगों को राजनीति में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए।

## सीनियर फाइटर पायलट पर यौन शोषण का आरोप... आईएएफ ने जांच शुरु की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक सीनियर फाइटर पायलट पर एक पूर्व सिविलियन इंटर्न द्वारा दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया गया है, इसके बाद वायुसेना ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की है। यह मामला 2023 का है, जब 25 वर्षीय महिला इंटर्न ने 40 साल के विंग कमांडर पर यौन शोषण और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाया। आरोपी विंग कमांडर वर्तमान में अंबाला एयरबेस पर तैनात हैं और जगुआर फाइटर स्क्वाड्रन में कार्यरत हैं। महिला इंटर्न का आरोप है कि अधिकारी ने स्ट्रेस असेसमेंट टेस्ट के बहाने एक होटल में ले जाकर यौन शोषण किया। इसके साथ ही, अधिकारी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप है, जो भारतीय वायुसेना के एक प्रमुख लड़ाकू ठिकाने पर हुआ। मामले की जांच के लिए भारतीय वायुसेना ने दो अलग-अलग आंतरिक जांचें शुरू कीं। पहली जांच का नेतृत्व वायुसेना स्टेशन अंबाला के एयर ऑफिसर कमांडिंग (एओसी) द्वारा किया गया, जिसमें सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन की जांच की गई। दूसरी जांच दिल्ली में पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख ने की, जो बलात्कार के आरोपों पर केंद्रित थी। महिला के आरोपों पर दिल्ली पुलिस ने भी वायुसेना अधिकारी के खिलाफ बलात्कार और आपराधिक धमकी के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की गंभीरता को देखकर भारतीय वायुसेना जल्द ही निर्णायक अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है। यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब कुछ सप्ताह पहले श्रीनगर वायुसेना बेस पर एक महिला वायुसेना अधिकारी ने भी एक सीनियर विंग कमांडर पर बलात्कार और यौन उत्पीड़न का



आरोप लगाया था। इस तरह के मामले भारतीय सशस्त्र बलों में यौन उत्पीड़न के आरोपों से निपटने के लिए आंतरिक प्रक्रियाओं और अनुशासनात्मक उपायों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

## ऑनलाइन गेमिंग ने बनाया कंगाल, कोई 95 लाख तो किसी ने गंवाए 15 लाख

**-वीडियो शेयर कर लोग बता रहे अपनी बर्बादी की कहानी**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑनलाइन गेमिंग ने लोगों के जीवन में गंभीर संकट पैदा कर दिया है। सोशल मीडिया पर हिमांशु मिश्रा नामक शख्स का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह दावा कर रहा है कि उसने एक कार्यक्रम में ऑनलाइन गेमिंग में 96 लाख रुपए गंवा दिए हैं। हिमांशु के मुताबिक इस नुकसान के बाद उसके परिवार ने उससे नाता तोड़ लिया है। यह मामला उस समय सामने आया जब हिमांशु अपनी कहानी को कई कार्यक्रमों में साझा कर रहा था, जिससे यह साबित होता है कि वह अपनी पीड़ा लोगों को बताने की कोशिश कर रहा है।

इसी बीच यूपी की उन्नाव पुलिस के सिपाही सूर्यप्रकाश का भी एक वीडियो चर्चा में है, जिसमें उसने ऑनलाइन गेमिंग में 15 लाख रुपए गंवाने का दावा किया। उसने भावुक अपील की है, जिसमें उसने कहा है कि अगर एसपी सर सभी पुलिसवालों से 500-500 रुपए दिलवा दें तो उसे आत्महत्या करने की जरुरत नहीं होगी। ये दोनों वीडियो इस बात का संकेत देते हैं कि ऑनलाइन गेमिंग का नकारात्मक प्रभाव लोगों के मानसिक स्वास्थ्य और वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। भारत में ऑनलाइन गेमिंग, विशेषकर फैंटेसी स्पोर्ट्स, पिछले कुछ सालों में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। इसकी शुरुआत 20 साल पहले हुई थी, लेकिन जून 2016 के बाद इसमें बूम आया। फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स के मुताबिक जून 2016 तक फैंटेसी स्पोर्ट्स खेलने वालों की संख्या 20 लाख थी, जो 2022 तक 18 करोड़ हो गई। अब यह आंकड़ा 2027 तक 50 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इस विकास के साथ, खिलाड़ियों को जागरूक करना और सुरक्षा उपायों को लागू करना बेहद जरूरी है। ऑनलाइन गेमिंग के दो मुख्य मॉडल हैं। फ्री टू प्ले और पे टू प्ले। यूजर्स को अपने पैसे का सही उपयोग करने की सलाह दी जाती है, ताकि वे अनजाने में अपने सभी पैसे न गंवा दें। इस तरह के मामलों में सुधार के लिए सरकार और संबंधित एजेंसियों को नियमों को सख्त करने और खेलों के जरिए नुकसान से लोगों को सुरक्षित रखने के उपाय करने की जरुरत है।

## चीन से आने वाले सामान पर पैनी नजर रखेगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार ने चीन से आने वाले सामानों पर पैनी नजर रखने की तैयारी कर ली है। हाल ही में इजरायल द्वारा हिज्बुल्लाह के खिलाफ की गई कार्रवाई से मिली सीख के बाद, मोदी सरकार ने स्मार्ट मीटर, पार्किंग सेंसर, ड्रोन के पुर्जे, और लैपटॉप-डेस्कटॉप जैसे सामानों की जांच कराने का निर्णय लिया है। मोदी सरकार के इस कदम का उद्देश्य उन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है जो इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का हिस्सा हैं। ऐसी आशंका है कि उत्तर सीमा पार की कंपनियों और एजेंसियों को इन उपकरणों के माध्यम से संवेदनशील डेटा मिल सकता है। इसलिए, निगरानी कैमरों की सुरक्षा में खामियों का पता चलने के बाद मोदी सरकार ने कैमरों की जांच को अनिवार्य किया है। इसके लिए आवश्यक सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए निर्धारित लैब से जांच कराई जाएगी।

इसके अतिरिक्त, सिस्टम ऑन ए चिप (एसओसी), जो कि एक इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) होता है, भी जांच के दायरे में रखा गया है। इतना ही नहीं मोदी सरकार का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों के लिए एक विश्वसनीय सप्लाई चेन स्थापित करना है, ताकि विदेशी कंपनियों को कोई लाभ न मिल सके, खासकर जब हमारे आस-पास शत्रुतापूर्ण माहौल हो। इसके पहले मोदी सरकार ने टैरिफ बढ़ाकर चीन से आयात को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन अब तकनीकी मानकों पर ध्यान देने की योजना बनाई है। चीनी कंपनियों द्वारा सस्ते उपकरण बनाने के कारण, ऊंचे टैरिफ की दीवारें भी बाजार में उनकी मौजूदगी को सीमित नहीं कर पा रही हैं।

### उद्योग का विरोध और सरकार की नीति

पिछले साल पीसी और लैपटॉप उद्योग ने आयात पर सरकारी नियंत्रण का विरोध हुआ था, यह आरोप लगाते हुए कि इससे आपूर्ति में कमी और कीमतों में वृद्धि होगी, जिससे उपभोक्ताओं पर नकारात्मक असर पड़ेगा। हालांकि, केंद्र सरकार का मानना है कि धीरे-धीरे बदलाव लाना अधिक लाभदायक होगा।

इस तरह, भारत सरकार ने चीन से आयातित सामानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

## पराली जलाना नहीं रुका.... पंजाब और हरियाणा सरकारों को फटकार

**-सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सुनाई खरी-खरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों को पराली जलाने वाले किसानों से केवल नाममात्र का मुआवजा वसूलने पर कड़ी फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पराली जलाने के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है, जिससे दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इसके साथ ही, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी सुप्रीम कोर्ट की आलोचना का सामना करना पड़ा।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि आयोग ने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने में आवश्यक निर्देशों को लागू करने का कोई प्रयास नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि 29 अगस्त को हुई बैठक में सिर्फ 11 में से 5 सदस्य ही उपस्थित थे इतना ही नहीं बैठक में अदालत के निर्देशों पर चर्चा नहीं की गई।

कोर्ट ने कहा, जब तक लोग यह नहीं समझते कि उन्हें वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम के तहत गंभीर दंड का सामना करना पड़ेगा, तब तक पराली जलाना नहीं रुकेगी। यह आयोग की जिम्मेदारी है कि वहां प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

कोर्ट ने आयोग की स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा कर कहा, आयोग केवल बैठकें आयोजित करने में व्यस्त है और अपने आदेशों को लागू करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। न्यायाधीशों ने स्पष्ट किया कि आयोग को अधिनियम के तहत आपराधिक मामले दर्ज करने, जुर्माना लगाने और प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों को बंद करने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने आंकड़ों का हवाला देकर कहा कि 15 से 30 सितंबर के बीच पंजाब और हरियाणा में 129 अवैध पराली जलाने की घटनाएं हुईं। कोर्ट ने कहा कि केवल जुर्माना वसूलना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि अब आवश्यकता है कि इन्हें कानून के तहत जवाबदेह ठहराया जाए।

पंजाब सरकार ने बताया कि वहां किसानों को वैकल्पिक प्रोत्साहन प्रदान करने के बाद ही दंडात्मक कार्रवाई करेगी। राज्य के एडवोकेट जनरल ने कहा कि राज्य में 1.4 लाख से अधिक पराली हटाने वाली मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन छोटे किसानों को मशीनों के संचालन के लिए ड्राइवर और ईंधन की आवश्यकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**